राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# नवबिहार टाइम्स



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती पर शत्-शत् नमन

• बोकारो, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026 • वर्ष : 10 • अंक : 137 • पृष्ठ : 12 • मूल्य : 3.00 रु. • RNI No. : JHAHIN2017/72655 • बोकारो, पटना व औरंगाबाद से प्रकाशित

## संक्षिप्त समाचार

### सीएम हेमंत ने की भारतीय पायलट की सराहना

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** फ्लाइदुबई की फ्लाइट एफजेड 1073 में सामने आए गंभीर संकट के दौरान भारतीय पायलट कैप्टन स्मित मच्छर के साहस और सूझ-बूझ की देशभर में चर्चा हो रही है। संकट की स्थिति में खुद घायल होने के बावजूद उन्होंने विमान में सवार यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी। उनकी भूमिका को लेकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनकी बहादुरी की सराहना की है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने एक्स पर पोस्ट साझा कर कैप्टन स्मित मच्छर के अदम्य साहस को नमन करते हुए कहा कि गंभीर परिस्थितियों में उन्होंने जिस जिम्मेदारी और धैर्य के साथ अपना कर्तव्य निभाया, वह देश के लिए गर्व की बात है। उन्होंने कैप्टन के जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना की।

### घर में घुस महिला पर हथियार से हमला

**गिरिडीह(नबिटा ब्यूरो)।** मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के राजेंद्र नगर में गुरुवार को एक महिला पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। घटना में राजेंद्र नगर निवासी नीतू देवी (पति संजय कुमार) गंभीर रूप से घायल हो गईं। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें अस्पताल पहुंचाया जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना के संबंध में घायल महिला के पति संजय कुमार ने बताया कि आरोपी युवक पूर्व में उनके यहां टेम्पो चालक के रूप में काम करता था।

### ब्राउन शुगर के साथ तीन गिरफ्तार

**देवघर(नबिटा ब्यूरो)।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ देवघर पुलिस का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में गुप्त सूचना के आधार पर कुंडा थाना क्षेत्र के चरकी पहाड़ी स्थित एक खंडहर में छापेमारी की गई। पुलिस ने वहां से तीन लोगों को गिरफ्तार किया। तलाशी में उनके पास से 10.8 ग्राम ब्राउन शुगर, तीन मोबाइल फोन व 9,270 रुपए नकद बरामद किए गए। गिरफ्तार आरोपियों में अविनाश कुमार यादव उर्फ मधु, कन्हैया सिंह व महानंद यादव शामिल हैं। यह कार्रवाई देवघर सीओ व कुंडा थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित टीम ने की।

### लापरवाही के आरोप में थाना प्रभारी निलंबित

**जमशेदपुर(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी सिंहभूम के एसएसपी डॉ. एहतेशाम वकारिब ने बिरसानगर थाना प्रभारी संतोष कुमार को निलंबित कर दिया है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई काम में लापरवाही व अन्य विभागीय कारणों से की गई है। इस कार्रवाई की पुलिस महकमे में चर्चा तेज हो गई है। संतोष कुमार के निलंबन के बाद बिरसानगर थाना क्षेत्र की पुलिसिंग और विधि-व्यवस्था प्रभावित न हो, इसके लिए थाने में तैनात एक सब इंस्पेक्टर को अस्थायी रूप से थाना प्रभारी की जिम्मेदारी दी गई है।

राज्यपाल ने किया एक्सपो उत्सव का उद्घाटन, देश-विदेश की नामचीन कंपनियों की प्रदर्शनी से सजा मोरहाबादी मैदान

# उद्यमिता आत्मनिर्भरता, रोजगार और आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण आधार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** युवा सामाजिक एवं व्यापारिक संगठन जेसीआई के द्वारा गुरुवार से राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में 'एक्सपो उत्सव 2026' शुरू हो गया है। 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक चलने वाले इस एक्सपो उत्सव का उदघाटन राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने किया। इस मौके पर राज्यपाल ने संबोधित करते हुए कहा कि इसके माध्यम से झारखंड के स्थानीय उत्पादों में व्यापक संभावनाएं हैं। गुणवत्ता, बेहतर डिजाइन, आधुनिक तकनीक और प्रभावी ब्रांडिंग के माध्यम से इन्हें देश-दुनिया में नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने तसर सिल्क की विशेष पहचान का उल्लेख करते हुए अन्य स्थानीय उत्पादों की संभावनाओं को भी आगे बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने ने कहा कि उद्यमिता आत्मनिर्भरता, रोजगार और आर्थिक विकास का महत्वपूर्ण आधार है। झारखंड के युवाओं में प्रतिभा और नए विचारों की कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि सही मार्गदर्शन, अवसर और तकनीकी सहयोग देकर नए उद्यमों के लिए प्रोत्साहित



किया जाना चाहिए। राज्यपाल ने कहा कि डिजिटल तकनीक, ई-कॉमर्स और सोशल मीडिया ने व्यापार के तौर-तरीकों को तेजी से बदला है। छोटे उद्यम भी तकनीक के माध्यम से व्यापक स्तर पर लोगों तक पहुंच सकते हैं। इसके लिए गुणवत्ता, विश्वसनीयता और ग्राहक सेवा पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है। राज्यपाल ने युवाओं से आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने विचारों को प्रयोग और उद्यम का रूप दें, नई तकनीक सीखें तथा समस्याओं के व्यावहारिक समाधान खोजें। उन्होंने कहा कि उद्यमिता के साथ ईमानदारी, गुणवत्ता और सामाजिक जिम्मेदारी को भी कार्यशैली का हिस्सा बनाना चाहिए। ग्राहक का विश्वास किसी भी व्यवसाय की सबसे बड़ी पूंजी है। उद्यमी अपने व्यवसाय के साथ शिक्षा और सामाजिक विकास जैसे क्षेत्रों में भी योगदान दें। इस मेले में देश-विदेश के करीब 400 स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें विदेशी ड्राय फ्रुट्स से लेकर बच्चों के खिलौने और गाड़ियां प्रदर्शित की गई हैं। एक्सपो उत्सव 2026 में शामिल होने के लिए 30 रुपए प्रवेश शुल्क निर्धारित किया गया है, जिसे ऑनलाइन बुक किया जा सकता है। एक्सपो के चीफ कोऑर्डिनेटर जेसी एचजीएफ सीए प्रशांत पाटोदिया ने बताया कि सात दिनों के इस उत्सव में कुल 400 स्टॉल्स देश के विभिन्न शहरों से लगेंगे, जिसमे बड़े ब्रांड्स, स्टार्ट अप्स, ऑटोमोबाइल्स, इत्यादि स्टॉल्स लगेंगे।

# 50 हजार रिश्वत लेते सिल्ली अंचल का अमीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** सीओ ऑफिस में भ्रष्टाचार के खिलाफ एसीबी झारखंड की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी कड़ी में रांची के सिल्ली अंचल कार्यालय में तैनात अमीन विनोद लोहरा को एसीबी (भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो) की टीम ने 50 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी के अनुसार अमीन विनोद लोहरा एक व्यक्ति की जमीन की मापी कराने के बदले दो लाख रुपये नकद और चार डिसमिल जमीन रिश्वत के तौर पर मांग रहा था। पीड़ित काफी समय से अपनी जमीन की मापी के लिए अंचल कार्यालय का चक्कर लगा रहा था। इसी दौरान उसकी मुलाकात अमीन विनोद लोहरा से हुई। आरोप है कि अमीन ने जमीन की मापी कराने के लिए उससे बड़ी रकम की मांग की। अमीन ने कहा कि काम कराने के लिए उसे दो लाख रुपये नकद देने होंगे। इसके साथ ही चार डिसमिल जमीन भी देनी होगी। अमीन की मांग से परेशान होकर पीड़ित ने रिश्वत देने के बजाय एसीबी से शिकायत करने का फैसला किया। उसने रांची स्थित एसीबी के कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की लिखित शिकायत दी। शिकायत मिलने के बाद एसीबी ने मामले की जांच शुरू की। जांच में रिश्वत मांगने की बात सामने आने के बाद टीम ने अमीन को पकड़ने के लिए प्लान बनाया। गुरुवार को पीड़ित 50 हजार रुपये की पहली किश्त लेकर अमीन के पास पहुंचा। जैसे ही विनोद लोहरा ने रुपये लिए, पहले से मौके पर मौजूद एसीबी की टीम ने उसे पकड़ लिया। अचानक हुई इस कार्रवाई से सिल्ली अंचल कार्यालय में हड़कंप मच गया। एसीबी की टीम आरोपी अमीन को गिरफ्तार कर अपने साथ रांची ले गई जहां उससे पूछताछ की जा रही है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### रांची के जलाशयों पर अतिक्रमण को लेकर झारखंड हाईकोर्ट सख्त

**रांची(नबिटा ब्यूरो)।** झारखंड उच्च न्यायालय ने राजधानी रांची के जल स्रोतों के संरक्षण, ऐतिहासिक बड़ा तालाब की साफ-सफाई तथा शहर के प्रमुख जलाशयों और डैमों के जलग्रहण क्षेत्रों पर हुए अतिक्रमण के मामले में अत्यंत कड़ा रुख अपनाया है। मुख्य न्यायाधीश एमएस सोनक की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मामले में प्रार्थियों और राज्य सरकार की दलीलें सुनने के बाद हेमंत सरकार को विस्तृत प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का स्पष्ट निर्देश दिया है। अदालत ने सरकार से पूछा है कि पूर्व में जारी किए गए न्यायिक आदेशों के आलोक में अब तक धरातल पर क्या-क्या ठोस और प्रभावी कदम उठाए गए हैं। उच्च न्यायालय ने राज्य प्रशासन को निर्देश दिया है कि वह की गई कार्रवाई की पूरी जानकारी बिंदुवार और विस्तृत रूप में अगली सुनवाई तक कोर्ट के समक्ष पेश करे। अदालत ने इस मामले से जुड़ी सभी याचिकाओं के समूह पर अगली सुनवाई के लिए 29 अक्तूबर की तिथि तय की है।

# बीसीएल कर्मचारियों को दुर्गा पूजा से पहले मिलेगा बोनस

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** बीएसएल सहित सेल कर्मचारियों को लंबे अरसे बाद दुर्गापूजा से पहले बोनस मिलेगा। 11 अक्तूबर को कलश स्थापना के साथ दुर्गापूजा पूजा शुरू होगी। इससे पहले ही कर्मचारियों के खाते में बोनस की राशि पहुंच जायेगी। बोनस निर्धारण को लेकर गुरुवार को नयी दिल्ली में एनजेसीएस की बैठक हुई। बैठक में सेल प्रबंधन ने कर्मचारियों को 32,000 रुपये और ट्रेनीज को 25,600 रुपये बोनस देने की बात कही। इस पर सभी यूनियन नेताओं ने सहमति जताते हुए समझौते पर हस्ताक्षर कर दिये। यूनियन की ओर से इस बार 40,500 रुपये बोनस की मांग की गयी थी। इसके मुकाबले प्रबंधन की ओर से तय राशि पर समझौता हुआ है। बीएसएल में कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं को दुर्गापूजा से पहले बोनस की राशि मिलने से उनके बीच उत्साह है। बोकारो स्टील प्लांट के कुल 8741 कर्मचारियों और प्रशिक्षुओं को बोनस का लाभ मिलेगा। बोनस की राशि 10 अक्तूबर से पहले कर्मचारियों के खाते में पहुंचने की बात कही गयी है। यानी भुगतान प्रक्रिया पूरी होने के बाद दुर्गापूजा से पहले ही राशि खाते में आ जायेगी। लंबे समय बाद पूजा से पहले बोनस मिलने को लेकर कर्मचारियों में खुशी है। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार बोनस की राशि भी बढ़ी है। वर्ष 2025 में कर्मचारियों को 29,500 रुपये और प्रशिक्षुओं को 23,600 रुपये बोनस मिला था। वर्ष 2024 में कर्मचारियों के खाते में 26,500 रुपये और 2023 में 23,000 रुपये बोनस की राशि दी गयी थी।

# सैलानियों के लिए खुला बेतला नेशनल पार्क

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मेदिनीनगर।** झारखंड के बेतला नेशनल पार्क को गुरुवार को पर्यटकों के लिए खोल दिया गया है। तीन महीने 1 जुलाई से 30 सितंबर तक पलामू टाइगर रिजर्व के बेतला नेशनल पार्क के इलाके में पर्यटन गतिविधि पर रोक लगा दी जाती है। यह तीन महीने वन्यजीवों का प्रजनन काल माना जाता है। चतरा सांसद कालीचरण सिंह और पलामू टाइगर रिजर्व के अधिकारियों की मौजूदगी में गुरुवार को पार्क खोला गया है। पार्क खुलने के साथ ही बेतला के इलाके में जंगल की ओपन सफारी की शुरुआत हो गई है। इस दौरान पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकान्त जेना समेत कई अधिकारी मौजूद थे। दरअसल पहली बार बेहतर नेशनल पार्क के पलामू किले वाले क्षेत्र में ओपन सफारी की शुरुआत हो रही है। इस इलाके में मोटरसाइकिल के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है।



पार्क खुलने के साथ ही ट्रेडिशनल फूड को भी प्रमोट किया जा रहा है। पर्यटकों को धुस्का एवं महुआ से बने हुए कई व्यंजन दिए जा रहे हैं। पलामू टाइगर रिजर्व में इसके लिए तैयारी भी कर ली गई है। बेतला नेशनल पार्क प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर से 25 किमी है। नजदीक का बरवाडीह रेलवे स्टेशन करीब 12 किलोमीटर दूर है। बेतला नेशनल पार्क में पर्यटकों के आगमन को लेकर खास तैयारी भी की गई है और इस बार प्लास्टिक को पूरी तरह से प्रतिबंधित किया गया है। बता दें कि बेतला नेशनल पार्क में सबसे अधिक पश्चिम बंगाल के पर्यटक पहुंचते हैं। दुर्गा पूजा के बाद से पश्चिम बंगाल के पर्यटकों का बेतला नेशनल पार्क के इलाके में आगमन शुरू हो जाता है। पलामू टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक प्रजेशकान्त जेना ने बताया कि पर्यटकों के लिए पार्क को खोल दिया गया है। इस बार पर्यटन के लिए काफी कुछ खास किया गया है।

# गांव-गांव तक पहुंचेगी एआई और टेलीमेडिसिन की सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** झारखंड डिजिटल हेल्थ कॉन्क्लेव-2026 के दो दिवसीय आयोजन का गुरुवार को समापन हो गया। समापन समारोह में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि यह कॉन्क्लेव केवल दो दिनों का आयोजन नहीं, बल्कि झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को आधुनिक, डिजिटल और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में नई शुरुआत है। सरकार का लक्ष्य तकनीक के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच गांव-गांव तक सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि झारखंड दुनिया के साथ कदम से कदम मिलाकर हाईटेक तकनीक को अपनाएगा। राज्य के पीएचसी, सीएचसी, रेफरल अस्पताल, सदर अस्पताल और मेडिकल कॉलेजों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया



जा रहा है। आईसीयू, वेंटिलेटर, एमआरआई, सीटी स्कैन और रेडियोलॉजी जैसी सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि टेली-आईसीयू, टेली-रेडियोलॉजी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के माध्यम से सुदूर ग्रामीण और पहाड़ी क्षेत्रों के मरीजों तक विशेषज्ञ चिकित्सकों की सलाह पहुंचाई जाएगी। उन्होंने कहा कि तकनीक डॉक्टरों का विकल्प नहीं बल्कि उनकी क्षमता और पहुंच को बढ़ाने का माध्यम होगी। कॉन्क्लेव में देश-विदेश से आए विशेषज्ञों, वैज्ञानिकों, स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़ी कंपनियों और निवेशकों ने डिजिटल हेल्थ, एआई और डेटा आधारित स्वास्थ्य सेवाओं पर विचार साझा किए। मंत्री ने कहा कि कॉन्क्लेव में मिले उपयोगी सुझावों को चरणबद्ध तरीके से धरातल पर उतारा जाएगा। स्वास्थ्य क्षेत्र में निवेश करने वाली कंपनियों को भी राज्य में प्रोत्साहित किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने डॉक्टरों, विशेषज्ञ चिकित्सकों और आईसीयू बेड की कमी को बड़ी चुनौती बताते हुए डिजिटल तकनीक से इस अंतर को कम करने पर जोर दिया। एनएचए के सीईओ डॉ. सुनील कुमार बरनवाल ने आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के साथ डिजिटल हेल्थ सेवाओं के एकीकरण की जानकारी दी। डॉ. इरफान अंसारी ने कहा कि कॉन्क्लेव में मिली सीख को कार्यक्रम तक सीमित नहीं रखा जाएगा। तकनीक के जरिए स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत कर मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है।

# सीआईएसएफ ने 200 टन से ज्यादा अवैध कोयला किया जब्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बोकारो।** अवैध कोयला कारोबार और कोयले के अवैध उत्खनन पर रोक लगाने के लिए केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने बोकारो में बड़ी कार्रवाई की है। सीसीएल के बीएंडके क्षेत्र के चरकपनिया गांव के समीप वेदकारो खदान इलाके में चलाए गए विशेष अभियान में सुरक्षा बल ने 207.17 टन ग्रेड-4 कोयला बरामद किया। कार्रवाई के दौरान अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल की जा रही चार मोटरसाइकिलें भी जब्त की गईं। सीआईएसएफ के द्वारा जारी की गई प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि सीआईएसएफ को वेदकारो खदान के आसपास बड़े पैमाने पर अवैध तरीके से कोयला निकालने और उसे खपाने वाले नेटवर्क के सक्रिय होने की सूचना मिली थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए सीसीएल के साथ समन्वय कर इलाके में विशेष अभियान चलाया गया। कार्रवाई को इस तरह अंजाम दिया गया कि अवैध कोयला कारोबार से जुड़े लोगों को इसकी भनक तक नहीं लग सके। इस अभियान में हवाई निगरानी के लिए ड्रोन, त्वरित कार्रवाई दल और खोजी कुत्तों की मदद ली गई। पहले ड्रोन के जरिए खदान और उसके आसपास के इलाकों की निगरानी की गई। संदिग्ध गतिविधियों वाले स्थानों की पहचान के बाद सुरक्षा बलों ने जमीन पर सघन तलाशी अभियान चलाया। इसी दौरान बड़ी मात्रा में अवैध रूप से जमा किया गया कोयला बरामद हुआ। सीआईएसएफ की इस कार्रवाई को जीरो कोल लीकेज अभियान के तहत महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

# विक्रमशिला-कटेरिया रेल परियोजना के लिए टेंडर जारी

## देवघर और सीमांचल के बीच आसान होगा रेल सफर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** रेलवे ने विक्रमशिला-कटेरिया नई रेल लिंक परियोजना को धरातल पर उतारने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए 1163.32 करोड़ रुपये का ई-टेंडर जारी किया है। पूर्व मध्य रेलवे के निर्माण संगठन की ओर से जारी इस निविदा के तहत 33.294 किलोमीटर लंबे रेलखंड का निर्माण किया जाएगा। इस परियोजना के निर्माण से देवघर और संताल परगना क्षेत्र का सीमांचल से रेल संपर्क अत्यधिक मजबूत होगा तथा नवगछिया का रेल नेटवर्क सीधे विक्रमशिला से जुड़ जाएगा। टेंडर प्रक्रिया के तहत विक्रमशिला से कटेरिया के बीच नई रेल लाइन बिछाने का काम किया जाएगा। इसके अतिरिक्त शिवनारायणपुर वाई-लिंक और कटेरिया वाई-लिंक से नवगछिया तक रेल संपर्क विकसित करना भी इस योजना में शामिल है। इस ई-टेंडर को जमा करने की अंतिम तिथि 27 जनवरी 2027 निर्धारित की गई है। कार्य पूरा करने के लिए निर्माण अवधि 1460 दिन यानी लगभग चार वर्ष तय की गई है। इस 33.294 किलोमीटर लंबे रेल खंड पर मिट्टी का काम, ब्लैंकेटिंग, छोटे और बड़े पुलों का निर्माण, रेल ओवरब्रिज, सीमित ऊंचाई वाले सबवे, रोड अंडरब्रिज तथा स्टेशन भवन बनाए जाएंगे। इसके साथ ही यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म, फुट ओवरब्रिज और पथ निर्माण से जुड़े तमाम नागरिक कार्य भी इस निविदा का हिस्सा हैं। रेलवे के निर्धारित मानकों के अनुसार यह पूरा निर्माण कार्य 25 टन भारतीय रेलवे मानक लोडिंग के अनुरूप किया जाएगा जिससे भविष्य में यात्री ट्रेनों के साथ-साथ मालगाड़ियों का परिचालन भी पूरी क्षमता से हो सकेगा। इस समूची परियोजना का सबसे



महत्वपूर्ण और तकनीकी दृष्टि से बड़ा हिस्सा बटेश्वरस्थान के पास गंगा नदी पर बनने वाला नया रेल पुल है। इस पुल और विक्रमशिला-कटेरिया रेल लाइन के तैयार होने के बाद गंगा के दोनों छोर आपस में सीधे रेल मार्ग से जुड़ सकेंगे। वर्तमान में नवगछिया और भागलपुर के बीच रेल नेटवर्क को इस नए विकल्प से अत्यधिक मजबूती मिलेगी। गंगा नदी पर बनने वाला यह रेल पुल सीमांचल और भागलपुर क्षेत्र के बीच सीधी कनेक्टिविटी स्थापित करने में मील का पत्थर साबित होगा। नया मार्ग उपलब्ध होने से इस क्षेत्र में रेलगाड़ियों का दबाव कम होगा और ट्रेनों के परिचालन में समय की भी बचत हो सकेगी। इस नए रेल संपर्क के पूर्ण विकसित होने से कोसी और सीमांचल क्षेत्र के लोगों को बाबा बैद्यनाथ धाम आने के लिए एक नया और सुलभ विकल्प मिलेगा। पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज जैसे सीमांचल के प्रमुख जिलों से देवघर और संताल परगना की दूरी तय करना अधिक आसान हो जाएगा। भागलपुर और नवगछिया होकर देवघर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को सीधे रेल परिचालन का लाभ प्राप्त हो सकेगा। इसके अतिरिक्त दुमका, गोड्डा, देवघर और भागलपुर के बीच स्थानीय आवागमन और रेल नेटवर्क के विस्तार में बड़ी मदद मिलेगी। लंबी दूरी की ट्रेनों को भी इस रेल मार्ग के जुड़ने से वैकल्पिक रास्ता मिल सकेगा। गोड्डा के सांसद डॉ. निशिकांत दुबे ने इस परियोजना के लिए टेंडर जारी होने को पूरे क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम बताया है। उन्होंने कहा कि विक्रमशिला-कटेरिया रेल लाइन बनने और बटेश्वरस्थान में गंगा नदी पर नया रेल पुल निर्मित होने के बाद नवगछिया सीधे मुख्य रेल नेटवर्क से जुड़ जाएगा। इस नई व्यवस्था से गोड्डा और देवघर का संपर्क सीमांचल के पूर्णिया, कटिहार, अररिया और किशनगंज जैसे जिलों से बेहतर हो जाएगा। इससे बाबा बैद्यनाथ धाम आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, साथ ही देवघर, दुमका और गोड्डा की रेल कनेक्टिविटी को एक नई दिशा मिलेगी और संताल परगना को एक नया रेल बाइपास मिल सकेगा।




C M Y K

# पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों को ब्रांडिंग-मार्केटिंग के गुर, 120 से अधिक कारीगर शामिल

## उत्पादों को डिजिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ने, पैकेजिंग, लेबलिंग व सही मूल्य निर्धारण की दी जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह ।** पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों के उत्पादों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने और उनके व्यवसाय को नई दिशा देने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय सभागार में पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों के लिए ब्रांडिंग एवं मार्केटिंग पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय के अंतर्गत शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय, धनबाद द्वारा किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ उपायुक्त रामनिवास यादव, उप विकास आयुक्त स्मृता कुमारी एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी अंजना भारती सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यशाला में 120 से अधिक पीएम विश्वकर्मा लाभार्थियों एवं कारीगरों ने हिस्सा लिया। कार्यशाला में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत आने वाले 18 पारंपरिक व्यवसायों से जुड़े कारीगरों एवं शिल्पकारों को उत्पादों की गुणवत्ता के साथ-साथ उनकी ब्रांडिंग, पैकेजिंग, लेबलिंग और उचित मूल्य निर्धारण के महत्व की जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि आकर्षक पैकेजिंग और प्रभावी ब्रांडिंग के जरिए पारंपरिक उत्पादों को प्रतिस्पर्धी बाजार में बेहतर पहचान दिलाई जा सकती है। तकनीकी सत्र में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म, डिजिटल मार्केटिंग, ऑनलाइन बिक्री, डिजाइनिंग, मूल्य निर्धारण और बिक्री रणनीति समेत आधुनिक व्यापार के विभिन्न पहलुओं पर जानकारी दी गई।



लाभार्थियों को डिजिटल माध्यमों के जरिए अपने उत्पादों को व्यापक बाजार तक पहुंचाने के व्यावहारिक तरीकों से भी अवगत कराया गया। ऋण और पंजीकरण की भी दी जानकारी कार्यशाला में पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत उपलब्ध ऋण सुविधा, उद्यम पंजीकरण, योजना के लाभ एवं आवेदन प्रक्रिया की जानकारी दी गई। साथ ही झारखंड सरकार की ओर से कारीगरों एवं शिल्पकारों के लिए संचालित सहायता योजनाओं के बारे में भी बताया गया। प्रतिभागियों के सवालों और जिज्ञासाओं का विशेषज्ञों एवं संबंधित अधिकारियों ने समाधान किया।आधुनिक बाजार से जुड़े पारंपरिक हुनर : उपायुक्त उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि पीएम विश्वकर्मा योजना पारंपरिक कारीगरों एवं शिल्पकारों के कौशल को आर्थिक अवसरों में बदलने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने लाभार्थियों से ब्रांडिंग, मार्केटिंग और डिजिटल माध्यमों का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पारंपरिक हुनर को आधुनिक बाजार की जरूरतों से जोड़कर स्थानीय स्तर पर रोजगार और स्वरोजगार के अवसरों को मजबूत किया जा सकता है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं की जानकारी पहुंचे और वे उपलब्ध सुविधाओं का प्रभावी लाभ उठा सकें। कार्यक्रम के अंत में जमुआ के ब्लॉक ऑफिसर सुभाष कुमार ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यशाला के सफल आयोजन में शाखा एमएसएमई-विकास कार्यालय, धनबाद के अधिकारियों एवं कर्मियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# एक दिन, एक घंटा, एक साथ से गूंजा स्वच्छता का संदेश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** स्वच्छता ही सेवाझ2026 अभियान के तहत गुरुवार को गिरिडीह समाहरणालय परिसर में ह्लएक दिन, एक घंटा, एक साथह्व स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव के नेतृत्व में जिले के वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान समाहरणालय परिसर के विभिन्न हिस्सों, कार्यालयों एवं आसपास के क्षेत्रों में व्यापक साफ-सफाई अभियान चलाया गया। अनावश्यक कचरे और गंदगी को हटाकर परिसर को स्वच्छ एवं व्यवस्थित बनाया गया। स्वच्छता के साथ पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए पौधारोपण भी किया गया। नगर आयुक्त ने भी अभियान में सहभागिता करते हुए श्रमदान किया। स्वच्छता सिर्फ अभियान नहीं, जिम्मेदारी : उपायुक्त उपायुक्त रामनिवास यादव ने कहा कि स्वच्छता किसी एक अभियान या कार्यक्रम तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक व्यक्ति की सामूहिक जिम्मेदारी और दैनिक जीवन का हिस्सा होना चाहिए। स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला है और सामूहिक सहभागिता से स्वच्छता के प्रति जन-जागरूकता को और प्रभावी बनाया जा सकता है।उन्होंने जिलेवासियों से अपने घर, कार्यालय, सार्वजनिक स्थलों और आसपास के क्षेत्रों को स्वच्छ रखने की अपील की। साथ ही कचरे का उचित प्रबंधन, स्वच्छता के प्रति जागरूकता और अधिक से अधिक पौधारोपण को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के माध्यम से जिला प्रशासन ने स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामूहिक सहभागिता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता का संदेश दिया। अधिकारियों एवं कर्मियों की सामूहिक भागीदारी ने यह स्पष्ट किया कि स्वच्छ गिरिडीह के निर्माण में प्रशासन के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग की सक्रिय भूमिका जरूरी है।



## संक्षिप्त समाचार

### सियासी घमासान के बीच चुनाव आयोग के समर्थन में उतरे छोटेलाल यादव

**गिरिडीह (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर-2026 को लेकर जारी राजनीतिक बहस के बीच गिरिडीह जिला परिषद उपाध्यक्ष छोटेलाल यादव ने चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली का समर्थन किया है। गुरुवार को नया परिषद भवन स्थित सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में उन्होंने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार और आयोग के कामकाज का समर्थन करते हुए कहा कि आयोग एस आईआर की प्रक्रिया को गंभीरता से आगे बढ़ा रहा है। गिरिडीह में एस आईआर को लेकर दावा आपत्ति की प्रक्रिया 30 सितंबर तक चली है और जिले के आधिकारिक निर्वाचन पोर्टल पर एसआईआर-2026 से संबंधित ड्राफ्ट रोल व अन्य सूचनाएं उपलब्ध हैं। छोटेलाल यादव ने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों में मुख्य निर्वाचन आयुक्त के खिलाफ प्रदर्शन और इस्तीफे की मांग की जा रही है। उनके अनुसार, ऐसी मांग उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि एसआईआर का उद्देश्य मतदाता सूची के पुनरीक्षण से जुड़ा है और निर्वाचन आयोग इस पूरी प्रक्रिया को लेकर काम कर रहा है। उन्होंने विपक्षी दलों की ओर से उठाए जा रहे सवालों का उल्लेख करते हुए कहा कि पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से नहीं हटाए जाने चाहिए। उन्होंने दावा किया कि आयोग की ओर से भी पात्र मतदाताओं के अधिकारों को सुरक्षित रखने के संबंध में निर्देश दिए गए हैं। हालांकि, एस आईआर को लेकर राष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक और संस्थागत बहस जारी है। निर्वाचन आयोग ने हाल में कहा है कि स्क्रूफ समेत उसके फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं, जबकि आयोग की कार्यप्रणाली और मुख्य निर्वाचन आयुक्त की भूमिका को लेकर विपक्षी दलों की ओर से सवाल उठाए गए हैं। नगर निगम की व्यवस्था पर महेंद्र वर्मा के सवाल प्रेस वार्ता में भाजपा ग्रामीण जिलाध्यक्ष महेंद्र वर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर जिले में चल रहे कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जन्म उत्सव के तहत एक माह तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने गिरिडीह नगर निगम की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाते हुए शहर में पेयजल और साफ-सफाई से जुड़ी समस्याओं का मुद्दा उठाया। प्रेस वार्ता में एस आईआर, नगर निगम की व्यवस्था और कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा नेताओं ने प्रशासन और सरकार के समक्ष अपनी बात रखी तथा संबंधित मुद्दों पर आंदोलन की चेतावनी दी।



### पोषण मेले में गूंजा स्वस्थ बचपन का संदेश, बच्चों का हुआ अन्नप्राशन

**मनिहारी/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** राष्ट्रीय पोषण माह 2026 के तहत आईसीडीएस कार्यालय में प्रखंड स्तरीय पोषण मेला का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में छह माह की आयु पूरी कर चुके बच्चों का विधिवत अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। साथ ही गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रीति-रिवाज एवं विधि-विधान के साथ गोद भराई की रस्म पूरी की गई। कार्यक्रम के माध्यम से माताओं एवं गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य और शिशु देखभाल के प्रति जागरूक किया गया।अन्नप्राशन कार्यक्रम के दौरान माताओं को बताया गया कि बच्चे के छह माह की आयु पूरी करने के बाद स्तनपान के साथ ऊपरी आहार की शुरूआत करना जरूरी है। बच्चों को उम्र के अनुरूप पौष्टिक एवं संतुलित आहार देने से उनके शारीरिक और मानसिक विकास में मदद मिलती है। पोषक क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविकाओं को बच्चों के पोषण पर नियमित नजर रखने तथा यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया कि बच्चों को समय पर उचित एवं पौष्टिक आहार मिल रहा है। वहीं गोद भराई कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित एवं पौष्टिक खान-पान, स्वच्छता और स्वास्थ्य देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। महिलाओं को प्रसव पूर्व चिकित्सकीयसलाह के अनुसार समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने तथा मां और गर्भस्थ शिशु के स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखने की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि संबंधित पोषक क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण की नियमित निगरानी करेंगी तथा आवश्यकता के अनुसार उन्हें उचित मार्गदर्शन उपलब्ध कराएंगी। अधिकारियों एवं कर्मियों ने कहा कि राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान इस प्रकार के कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य समाज में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ मां एवं स्वस्थ बच्चे की नींव मजबूत करना है।

# नशा मुक्त समाज के निर्माण का अधिकारियों-कर्मियों ने लिया संकल्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नशा मुक्त समाज के निर्माण और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय सभागार में नशा मुक्त अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी रामनिवास यादव ने समाहरणालय के वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों एवं कर्मियों को नशा मुक्त समाज के निर्माण की शपथ दिलाई। उपायुक्त ने कहा कि नशा केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित नहीं करता, बल्कि इसका गंभीर असर परिवार, समाज और आने वाली पीढ़ियों पर भी पड़ता है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाने और सामाजिक सहभागिता मजबूत करने में प्रशासन के साथ प्रत्येक नागरिक की भूमिका महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त समाज का संकल्प केवल एक दिन तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे व्यवहार और सामाजिक जिम्मेदारी का हिस्सा बनाना होगा। विशेष रूप से युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूकता, संवाद और सकारात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने की जरूरत है। शपथ के दौरान अधिकारियों एवं कर्मियों ने नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करने, दूसरों को भी नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करने तथा स्वस्थ, सुरक्षित एवं नशा मुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया। जिला प्रशासन ने आमजनों से भी नशे के विरुद्ध सामूहिक प्रयासों को मजबूत करने और युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए जागरूक करने की अपील की। साथ ही ह्लनशा मुक्त जीवन स्वस्थ समाजह्व के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया।



# व्यवसायी के घर में घुसकर पत्नी पर धारदार हथियार से हमला, आरोपी हिरासत में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** शहर के बाभनटोली स्थित काली बाबू हाता में एक व्यवसायी के घर में घुसकर उनकी पत्नी पर धारदार हथियार से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। हमले में नीति बरनवाल गंभीर रूप से घायल हो गईं। उन्हें इलाज के लिए मर्सी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, छड़-सिमेंट व्यवसायी संजय बरनवाल के घर में घुसकर एक युवक ने उनकी पत्नी नीति बरनवाल पर कथित तौर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि आरोपी संजय दास पूर्व में संजय बरनवाल के यहां चालक के रूप में काम करता था। कुछ दिन पहले उसे काम से हटा दिया गया था, जिसके बाद से वह नाराज चल रहा था। इसी बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ और आरोप है कि उसने घर में घुसकर नीति बरनवाल पर हमला कर दिया।घटना के बाद भाग रहे आरोपी को स्थानीय लोगों ने पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलने पर मुफ्फसिल थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को हिरासत में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना के कारणों और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

# मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक

## योग्य मतदाताओं का नाम सूची में शामिल करने और त्रुटियों के निराकरण पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रामगढ़।** विशेष मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 को सफल एवं पारदर्शी तरीके से संचालित करने को लेकर गुरुवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। बैठक में मतदाता सूची के पुनरीक्षण कार्य की प्रगति, प्राप्त दावों एवं आपत्तियों और जारी किए गए नोटिसों की सुनवाई सहित भौतिक सत्यापन कार्य की विस्तार से समीक्षा की गई। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान कोई भी योग्य मतदाता मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित नहीं रहे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची को त्रुटिरहित और अद्यतन बनाने के लिए सभी स्तरों पर गंभीरता से कार्य किया जाए। बीएलओ को घर-घर जाकर छूटे हुए योग्य मतदाताओं की पहचान करने तथा मतदाता सूची में दर्ज त्रुटियों का निराकरण करने के लिए भी कहा गया। बैठक में बताया गया कि मतदाताओं की सुविधा के लिए हेल्प डेस्क का संचालन किया जा रहा है। इसके माध्यम से मतदाता पुनरीक्षण प्रक्रिया से संबंधित जानकारी प्राप्त कर सकते हैं और अपनी समस्याओं का समाधान करा सकते हैं। उपायुक्त ने कहा कि मतदाता घर बैठे भी ऑनलाइन माध्यम से आवश्यक दस्तावेज जमा कर सकते हैं। इसके लिए वोटर हेल्पलाइन तथा भारत निर्वाचन आयोग के आधिकारिक पोर्टल का उपयोग किया जा सकता है। नोटिस प्राप्त होने के बाद संबंधित दस्तावेज ऑनलाइन जमा करने की सुविधा भी उपलब्ध है। उन्होंने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों एवं सभी योग्य नागरिकों से अपील की कि मतदाता सूची को अधिक से अधिक शुद्ध और अद्यतन बनाने में जिला प्रशासन का सहयोग करें। उन्होंने कहा कि पुनरीक्षण प्रक्रिया में राजनीतिक दलों और आम नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से मतदाता सूची को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी रवीन्द्र कुमार गुप्ता सहित विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि, जिला निर्वाचन कार्यालय के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



# नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिखाई धनयडीह युवा ग्राम पंचायत की तस्वीर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** पीएम श्री उत्क्रमित उच्च विद्यालय धनयडीह में आयोजित ह्लमॉडल युवा ग्राम सभा दिवसह्व के अवसर पर विद्यार्थियों ने शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर आधारित नाटक प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को जागरूक किया। नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित उपस्थिति, स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता तथा स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण की आवश्यकता को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया।नाटक में विद्यार्थियों ने बताया कि विद्यालय केवल पढ़ाई का स्थान नहीं, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास का केंद्र है। अभिनय और संवादों के माध्यम से नियमित कक्षा संचालन, शत-प्रतिशत उपस्थिति, कमजोर विद्यार्थियों को अतिरिक्त सहयोग, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय, हाथ धोने की आदत, पौष्टिक आहार और व्यक्तिगत स्वच्छता जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। विद्यार्थियों ने ग्राम सभा की भूमिका को भी रेखांकित करते हुए बताया कि विद्यालय और समुदाय मिलकर शिक्षा, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता से जुड़ी समस्याओं की पहचान कर उनके समाधान की दिशा में पहल कर सकते हैं। बच्चों ने संदेश दिया कि ह्लस्वस्थ बच्चा ही नियमित रूप से विद्यालय आएगा और बेहतर शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य का निर्माण करेगा।ह्व विद्यार्थियों की प्रस्तुति ने मॉडल युवा ग्राम सभा के उद्देश्यों को जीवंत रूप प्रदान किया। कार्यक्रम में जागो फाउंडेशन के मुख्य अतिथि वीरेंद्र वर्मा ने विद्यार्थियों की गतिविधियों की सराहना की। शिक्षा विभाग के प्रतिनिधि एवं बीआरपी कुमार नवीन ने बच्चों के मूल्यांकन के लिए कार्यक्रम में भाग लिया।



# ज्ञान प्राप्ति स्कूल के बच्चों ने निकाली जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस एवं गांधी जयंती के उपलक्ष्य में ज्ञान प्राप्ति स्कूल लालकोठी रोड के छात्र-छात्राओं ने ह्लअहिंसा परमो धर्मह्व के संदेश के साथ जागरूकता रैली निकाली। विद्यालय परिसर से शुरू हुई रैली संग्राम चौक होते हुए ड्राइवर टोला पहुंची और वापस विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान बच्चों ने नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर अहिंसा, शांति, आपसी प्रेम एवं भाईचारे का संदेश दिया। बच्चों की प्रस्तुति ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के सिद्धांतों को अपनाने का संदेश दिया। विद्यालय की प्राचार्या नीतू साहा ने कहा कि गांधीजी के सत्य और अहिंसा के विचार आज भी समाज के लिए अत्यंत प्रासंगिक हैं। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता के लिए शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की सराहना की।



# वृद्धजन समाज के चलते फिरते 'ज्ञान-कोश'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** आर्थिक रूप से आत्म-निर्भर वरिष्ठजन के लिए अवकाश के बाद का समय सर्वाधिक गुणवत्तापूर्ण और आनन्द-प्रद हो सकता है। यदि वे अपेक्षाओं का त्याग कर, अपने शेष जीवन को समाज के कल्याण में लगाएँ तो जीवन गुणवत्तापूर्ण और सार्थक हो सकता है। यह बातें गुरुवार को 'अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस' के अवसर पर, लोक-कल्याणकारी संस्था 'अभिलाषा ज्योति फाउंडेशन' के तत्त्वावधान में, आर एस दरबार हॉल, आशियाना नगर में, आयोजित समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए बिहार विद्यापीठ के अध्यक्ष और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी विजय प्रकाश ने कही। समारोह के विशिष्ट अतिथि और बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कहा कि वृद्धजन चलते-फिरते 'ज्ञान-कोश' और महाविद्यालय होते हैं। इनका सम्मान और इनके पास कुछ समय व्यतीत करना हमारे जीवन को मूल्यवान, सफल और सार्थक बनाने में लाभकारी हो सकता है। संस्था के सचिव, सेवा निवृत्त अपर सचिव सामान्य प्रशासन विभाग श्री आनन्द बिहारी प्रसाद ने विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि ब ढ़ती उम्र के साथ बुजुर्गों के जीवन में कई समस्याएं उत्पन्न होने लगती है - शारीरिक समस्याएं मानसिक एवं भावनात्मक समस्याएं,आर्थिक समस्याएं, एकाकीपन एवं खालीपन की समस्या और परिवार, समाज की उपेक्षा । उद्घाटन-सत्र को बिहार इन्डस्ट्रीज एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष अरुण अग्रवाल तथा अभिलाषा ज्योति फाउंडेशन की अध्यक्ष ज्योति श्रीवास्तव,आशा अग्रवाल, डाइ केड्के ठाकुर, सतीश मलिक तथा मीरा श्रीवास्तव ने भी संबोधित किया। मंच का संचालन सुश्री फि जा ने किया। कवयित्री डा पूनम आनन्द ओम्‍ प्रकाश पाण्डेय, राश दादा राश आदि की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर, तीन वरिष्ठ नागरिकों योगाचार्य शशिभूषण वर्मा, डाण् ड्दामोदर प्रसाद सिंह एवं मृदुला प्रकाश को उनके विशिष्ट योगदान एवं सार्थक सक्रियता के लिए सम्मानित किया गया ।




# होल्डिंग टैक्स वसूली में तेजी लाने के निर्देश, वार्डवार होगी राजस्व वसूली की समीक्षा

## नगर आयुक्त विजय सिंह बिरुवा ने की समीक्षा बैठक, टैक्स-यूजर चार्ज व ट्रेड लाइसेंस शुल्क की शत-प्रतिशत वसूली पर जोर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरिडीह।** नगर निगम की राजस्व व्यवस्था को मजबूत करने और वसूली प्रक्रिया में तेजी लाने को लेकर गुरुवार को नगर आयुक्त विजय सिंह बिरुवा की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों एवं कलेक्टिंग एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक हुई। बैठक में होल्डिंग टैक्स, वाटर यूजर चार्ज एवं ट्रेड लाइसेंस शुल्क की वसूली की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। नगर आयुक्त ने कलेक्टिंग एजेंसी को निर्देश दिया कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व की शत-प्रतिशत वसूली सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। उन्होंने वार्डवार राजस्व वसूली की नियमित समीक्षा करने तथा बकायेदारों से नियमानुसार शुल्क की वसूली सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि नगर निगम की आय के प्रमुख स्त्रोतों से प्राप्त राजस्व का समय पर संग्रहण शहर में नागरिक सुविधाओं के बेहतर संचालन और विकास कार्यों के लिए महत्वपूर्ण है। इसलिए वसूली कार्य में पारदर्शिता के साथ नियमित मॉनिटरिंग और प्रभावी अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाए। समय पर टैक्स जमा करें नागरिक नगर आयुक्त ने निगम क्षेत्र के सभी होल्डिंगधारियों से निर्धारित समय पर होल्डिंग टैक्स जमा करने की अपील की। उन्होंने कहा कि नागरिक किसी भी प्रकार का बकाया कर लंबित न रखें और समय पर भुगतान कर नगर निगम की राजस्व व्यवस्था को मजबूत बनाने में सहयोग करें। इसी क्रम में नगर निगम क्षेत्र के सभी दुकानदारों एवं व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के संचालकों से दुकानों के किराए की बकाया राशि 10 अक्टूबर 2026 से पहले जमा करने की अपील की गई है। निगम प्रशासन ने कहा कि निर्धारित समय-सीमा के भीतर बकाया राशि जमा कर राजस्व संग्रहण को सुदृढ़ बनाने में सहयोग करें। बैठक में संबंधित पदाधिकारी, नगर निगम के कर्मी एवं कलेक्टिंग एजेंसी के प्रतिनिधि मौजूद रहे।



# रांची में बिजली विभाग की पूजा समितियों को सख्त निर्देश, ना लें अवैध कनेक्शन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** त्योहार के इस मौसम में राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में जगह-जगह पूजा पंडाल तैयार किए जा रहे हैं। इस दौरान सुरक्षा मानकों का ध्यान रखने के लिए सरकार द्वारा सख्त निर्देश दिए जा रहे हैं, जिससे किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो। इधर, बिजली विभाग ने पूजा समितियों से अपील करते हुए कहा है कि विभाग में आवेदन देकर जरूर वैध कनेक्शन लें, नहीं तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान**

जेबीवीएनएल रांची प्रक्षेत्र के महाप्रबंधक मनमोहन कुमार के मुताबिक, अवैध कनेक्शन के लिए सरकार का नियम बना हुआ है। इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 के तहत दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान है, चाहे वो पूजा पंडाल हो या कोई घर, नियम सभी के लिए बने हुए हैं। उन्होंने कहा कि पूजा के दरमियान पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ होती है, जिस दौरान सुरक्षा को खास ध्यान में रखा जाना चाहिए जिस किसी तरह की अप्रिय घटना ना हो।

**पूजा पंडालों में स्टैंडर्ड क्वालिटी का तार का इस्तेमाल होः महाप्रबंधक**

जेबीवीएनएल महाप्रबंधक मनमोहन कुमार ने पूजा समितियों से पंडालों में स्टैंडर्ड क्वालिटी का तार का वायरिंग कराने की अपील करते हुए कहा है कि जहां कहीं भी बिजली की खपत होती है, वहां पर दुर्घटना की संभावना बनी रहती है, ऐसे में वायरिंग ठीक ढंग से और अच्छे क्वालिटी के तार का इस्तेमाल करके हो, इसका ध्यान रखना चाहिए।

इसके अलावा पब्लिक के जाने आने वाले रास्ते में यानी पैसेज में वायरिंग नहीं हो या जरूर ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि वायरिंग के दौरान जहां भी तार काटा हुआ हो, उसे ठीक से मरम्मत करके पंडाल में लगाना चाहिए, जिससे कोई दुर्घटना ना हो। उन्होंने विभाग के द्वारा की गई तैयारी की जानकारी देते हुए कहा कि कंट्रोल रूम के साथ-साथ पदाधिकारी की टीम दुर्गा पूजा के दौरान अनवरत ड्यूटी पर तैनात रहेगी और किसी भी तरह की सूचना उन्हें दी जा सकती है, जिसका निराकरण तत्काल किया जाएगा।

**पूजा के दरम्यान अनवरत रहेगी बिजलीः जेबीवीएनएल**

दुर्गा पूजा समेत दूसरे त्योहारों को भी ध्यान में रखते हुए जेबीवीएनएल ने निर्बाध बिजली आपूर्ति करने की तैयारी की है इसके लिए विभाग के द्वारा पहले से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, राजधानी रांची सहित राज्य के सुदूरवर्ती इलाकों में पूजा के दरमियान अनवरत बिजली लोगों को मुहैया हो, इसके लिए खास प्रबंध किए गए हैं और छोटे-मोटे स्थानीय स्तर पर होने वाले फाल्ट के निराकरण के लिए टीम गठित की गई है। विभाग ने त्योहार को ध्यान में रखते हुए जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने या दुरुस्त करने का निर्णय लिया है इसके लिए अक्टूबर के प्रथम सप्ताह से विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## एथलेटिक्स चयन ट्रायल में 232 बालिका खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** 'खेलो झारखंड' राज्य स्तरीय प्रतियोगिता और विभिन्न खेल विधाओं के लिए खिलाड़ियों के चयन का दौर जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को खेलगांव स्थित प्रैक्टिस मैदान में एथलेटिक्स की ओपन चयन प्रक्रिया आयोजित की गई। इसमें राज्यभर से पहुंचीं 232 बालिका एथलीटों ने हिस्सा लिया। ट्रायल में अंडर-14 वर्ग से 39, अंडर-17 वर्ग से 124 और अंडर-19 वर्ग से 69 खिलाड़ियों ने विभिन्न एथलेटिक्स स्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद के अनुसार, इस ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को विशेष प्रशिक्षण शिविर में शामिल किया जाएगा। इस कैंप के आधार पर होने वाले अंतिम चयन के बाद खिलाड़ियों को स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (SGFI) की राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिलेगा।

# 100 नए सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को सीबीएसई की राह पर लाने की तैयारी




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में नए चयनित 100 सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस को सीबीएसई मानकों के अनुरूप तैयार करने की कवायद तेज हो गई है।

इन स्कूलों के प्रधानाध्यापकों और प्राचार्यों को स्कूलों के संचालन, आधारभूत संरचना, डिजिटल शिक्षा और सीबीएसई संबद्धता की प्रक्रिया को लेकर विस्तृत जानकारी दी गई। झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद की ओर से धुर्वा स्थित प्रेक्षागृह में आयोजित राज्य स्तरीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम में स्कूलों के लिए अगले तीन महीने की कार्ययोजना पर विशेष जोर दिया गया। इस कार्यक्रम में राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने कहा कि नए सीएम स्कूलों को केवल नाम बदलकर उत्कृष्ट विद्यालय नहीं बनाया जाना है, बल्कि यहां पढ़ाई, प्रबंधन और संसाधनों के स्तर पर भी बदलाव दिखना चाहिए। उन्होंने प्रधानाध्यापकों को स्कूलों के विकास की जिम्मेदारी के साथ काम करने और विद्यार्थियों को केंद्र में रखकर शिक्षण व्यवस्था विकसित करने पर जोर दिया। सीबीएसई संबद्धता के लिए जरूरी प्रक्रियाओं और तय समयसीमा के अनुसार काम करने की बात कही गई। ओरिएंटेशन में स्कूलों के लिए 90 दिन का एक्शन प्लान भी सामने रखा गया। इसके तहत सीबीएसई संबद्धता के लिए जरूरी दस्तावेज, मानकों और शैक्षणिक आवश्यकताओं को पूरा करने की प्रक्रिया समझाई गयी। पीएमयू के प्रोग्राम स्पेशलिस्ट डॉ। मनोहर लाल ने संबद्धता की प्रक्रिया और जरूरी अनुपालन की जानकारी दी। स्कूलों की आधारभूत संरचना को लेकर भी नए प्रधानाध्यापकों को दिशा-निर्देश दिए गए। कक्षाओं के आधुनिकीकरण, सुरक्षा मानकों, चारदीवारी और भवन से जुड़े कार्यों को सीएम स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के मानकों के अनुरूप पूरा करने पर चर्चा हुई। इसके साथ ही स्मार्ट क्लास, आईसीटी लैब, डिजिटल कंटेंट और तकनीक आधारित पढ़ाई को स्कूल व्यवस्था का हिस्सा बनाने की योजना बताई गई। नए सीएम स्कूलों में विद्यार्थियों को पारंपरिक पढ़ाई के साथ कौशल आधारित शिक्षा देने की तैयारी है। वोकेशनल एजुकेशन के नोडल पदाधिकारी अमित कुमार ने विशेष वोकेशनल लैब और रोजगारपरक कौशल पाठ्यक्रमों की जानकारी दी। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों को स्कूली शिक्षा के साथ व्यावहारिक कौशल से जोड़ना है। ओरिएंटेशन में पहले से संचालित सीएम स्कूलों के प्रधानाध्यापकों ने भी अपने अनुभव साझा किए। गिरिडीह के जेसी बोस सीएम स्कूल के प्रधानाध्यापक मुन्ना प्रसाद कुशवाहा, जमशेदपुर के बीपीएम सीएम स्कूल की प्रधानाध्यापिका रंजिता गांधी और लातेहार जिला सीएम स्कूल की प्रधानाध्यापिका तृप्ति भारती ने स्कूलों में बदलाव के दौरान आई चुनौतियों और उनके समाधान की जानकारी दी।

# अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष: पूरे साल आयोजित होंगे कार्यक्रम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष पर विश्व हिंदू परिषद ने झारखंड सहित पूरे देश में एक वर्ष तक विविध कार्यक्रमों का आयोजन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत सेवा कार्यों का विस्तार, वैदिक शिक्षा, गोरक्षा, धर्मांतरण पर रोक तथा मंदिर मुक्ति जैसे कार्यों को विशेष गति दी जाएगी। झारखंड में होने वाले कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद, झारखंड प्रांत के अध्यक्ष चन्द्रकांत रायपत ने कहा कि इस शताब्दी समारोह का भव्य उद्घाटन धुर्वा स्थित सरस्वती विद्या मंदिर परिसर में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांत संघचालक सच्चिदानंद अग्रवाल जी होंगे और विशिष्ट वक्ता विश्व हिंदू परिषद के केंद्रीय मंत्री एवं केंद्रीय विशेष संपर्क प्रमुख सह पटना क्षेत्र के पालक अधिकारी अम्बरीष जी होंगे, साथ ही विशेष अतिथि के तौर पर प्रसिद्ध लोक कवि एवं गायक पद्मश्र महावीर नायक जी होंगे।

उन्होंने कहा कि इस समारोह में पूरे प्रांत से बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सनातन समाज के प्रबुद्धजन एकत्र होकर श्रद्धेय अशोक सिंघल जी का स्मरण करेंगे तथा उनके द्वारा प्रारंभ किए गए अधूरे कार्यों को पूर्ण करने का संकल्प लेंगे। अशोक सिंघल के जन्म शताब्दी वर्ष पर विश्व हिंदू परिषद द्वारा वर्षभर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक एवं सेवा-आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के अध्यक्ष एवं आजीवन संरक्षक रहे अशोक सिंहल श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण आंदोलन के प्रणेता रहे हैं। मंदिर निर्माण आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेने के कारण अशोक सिंहल अपनी पहचान बनाने में सफल रहे थे।

# हेलमेट भूलने वालों पर भारी पड़ा सितंबरः रांची में कटे रिकॉर्ड 95 हजार से ज्यादा चालान, वसूला 6.47 करोड़ का जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** यातायात पुलिस इन दिनों नियमों की अनदेखी करने वालों पर पूरी तरह सख्त है। सितंबर के पूरे महीने में पुलिस ने ट्रैफिक नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ एक चौतरफा और जबरदस्त अभियान चलाया। दोपहिया, चारपहिया से लेकर ऑटो और टोटो तक, हर वाहन की सघन जांच की गई।

इस एक महीने की कार्रवाई में पुलिस ने कुल 95,665 चालान जारी किए हैं, जिनके तहत वाहन चालकों पर 6 करोड़ 47 लाख 15 हजार रुपये का भारी-भरकम जुर्माना लगाया गया है। इसके अलावा, गंभीर लापरवाही के 38 मामलों को कानूनी कार्रवाई के लिए न्यायालय (कोर्ट) भेजा गया है।

**ट्रैफिक एसपी ने दी अभियान की जानकारी**

रांची के ट्रैफिक एसपी राकेश सिंह ने इस विशेष अभियान की सफलता और आंकड़े साझा करते हुए एक प्रेस विज्ञप्ति जारी की। उन्होंने बताया कि यह सघन चेकिंग अभियान 1 सितंबर से 30 सितंबर 2026 तक पूरी मुस्तैदी के साथ चलाया गया। एसपी के अनुसार, इस पूरे अभियान के दौरान जो सबसे बड़ी लापरवाही सामने आई, वह दोपहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट न पहनना था।

**हेलमेट न पहनना पड़ा सबसे भारी, 'नो पार्किंग' दूसरे नंबर पर**

आंकड़ों पर नजर डालें तो इस अभियान में सबसे ज्यादा गाज बिना हेलमेट गाड़ी चलाने वालों पर गिरी। पुलिस ने ऐसे 48,096 वाहन चालकों के चालान काटे, जो बिना हेलमेट के सफर कर रहे थे। वहीं, नियमों को ठेंगा दिखाने का दूसरा बड़ा जरिया 'नो पार्किंग' रहा। सड़क पर गलत तरीके से वाहन खड़ा करने और नो पार्किंग जोन में गाड़ी लगाने के मामले में 35,046 चालान जारी किए गए। राजधानी में ये दोनों गलतियां ट्रैफिक जाम और हादसों की सबसे बड़ी वजह बनकर उभरी हैं।



**रफ्तार के शौकीनों और रेड लाइट तोड़ने वालों पर भी कड़ा एक्शन**

सड़कों पर अपनी और दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले रफ़्तार के शौकीनों को भी पुलिस ने नहीं बख्शा। तेज गति से वाहन चलाने वाले 4,591 चालकों पर कार्रवाई की गई। वहीं, चौराहों पर लाल बत्ती (रेड लाइट) का उल्लंघन करने वाले 2,700 लोगों के चालान काटे गए। इसके अलावा, शॉर्टकट के चक्कर में गलत दिशा (रॉन्ग साइड) में वाहन ले जाने के 1,121 मामले दर्ज किए गए।

**बिना लाइसेंस और नो-एंट्री में घुसने वालों पर कस गया शिकंजा**

यातायात नियमों के प्रति लापरवाही का आलम यह रहा कि 547 लोग बिना वैध ड्राइविंग लाइसेंस के ही गाड़ी दौड़ाते पकड़े गए। वहीं, भारी वाहनों या प्रतिबंधित समय में नो-एंट्री क्षेत्र में वाहन प्रवेश कराने के 548 मामले सामने आए।

# खूंटी में रिफाइनरी सेंटर के बाहर तेल टैंकर के केबिन में लगी आग



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**खूंटी।** खूंटी जिले के इंडियन ऑयल रिफाइनरी सेंटर के बाहर बुधवार रात एक तेल टैंकर के केबिन में अचानक आग लग गई। आग लगने की सूचना के बाद आसपास के लोगों के बीच कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही अग्निशमन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पा लिया। मिली जानकारी के अनुसार,तेल टैंकर रिफाइनरी सेंटर के गेट से करीब 300 मीटर दूर सड़क के दूसरी ओर खड़ा था। इसी दौरान टैंकर के केबिन में अचानक आग लग गई। आग की लपटें तेज होने के बाद घटना की जानकारी एसबीएस अस्पताल के राजतिलक सिंह को मिली। उन्होंने तत्काल अग्निशमन विभाग को इसकी सूचना दी।

सूचना मिलते ही अग्निशमन वाहन मौके पर पहुंचा। अग्निशमन कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद टैंकर के केबिन में लगी आग पर काबू पा लिया। समय रहते आग बुझाए जाने से स्थिति को आगे बढ़ने से रोक लिया गया। टैंकर रिफाइनरी सेंटर के अंदर प्रवेश नहीं कर पाया था। वह परिसर के बाहर सड़क की दूसरी ओर खड़ा था। अग्निशमन विभाग की त्वरित कार्रवाई से आग पर समय रहते नियंत्रण पा लिया गया। फिलहाल टैंकर के केबिन में आग लगने के कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने नहीं आई है। घटना के संबंध में संबंधित स्तर पर जानकारी जुटाई जा रही है।

# झारखंड भवन की लिफ्ट में फंसा पूर्व सांसद का पूरा परिवार, बेटे-बहू समेत 6 लोग बेहोश, अस्पताल में भर्ती

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** नई दिल्ली स्थित झारखंड भवन में राजद के पूर्व सांसद घूरन राम के परिवार के साथ दिल्ली में बड़ा हादसा हो गया। झारखंड भवन में लिफ्ट खराब होने के कारण घूरन राम के परिवार के छह सदस्य अंदर में फंस गए। काफी देर तक लिफ्ट में फंसे रहने के बाद कुछ लोगों की तबीयत बिगड़ गई। घटना से नाराज पूर्व सांसद घूरन राम ने झारखंड भवन में तोड़फोड़ भी की। घटना की जानकारी मिलते ही झारखंड भवन परिसर में अफरातफरी मच गई। लिफ्ट में फंसे लोगों को निकालने के लिए तत्काल रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। रेस्क्यू के बाद सभी को इलाज के लिए बसंत विहार स्थित होली एंजिल्स अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका इलाज कराया गया। मिली जानकारी के अनुसार बताया जा रहा है कि पूर्व सांसद घूरन राम के परिवार के छह सदस्य लिफ्ट में सवार थे। इसी दौरान लिफ्ट अचानक खराब हो गई। जिसके कारण सभी लोग उसके भीतर फंस गए। बंद लिफ्ट में काफी देर तक रहने के कारण उनकी तबीयत बिगड़ने लगी। घटना की सूचना मिलते ही भवन के कर्मचारियों और अन्य लोगों के बीच भी हड़कंप मच गया। रेस्क्यू के बाद सभी प्रभावित लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। जानकारी के मुताबिक, पूर्व सांसद के बेटे को अभी भी अस्पताल में भर्ती रखा गया है, जबकि अन्य लोगों की स्थिति के बारे में विस्तृत चिकित्सकीय जानकारी सामने आना बाकी है। इस घटना के बाद झारखंड भवन में लगी लिफ्ट के रखरखाव और सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। आखिर लिफ्ट किस वजह से खराब हुई और उसमें फंसे लोगों को निकालने में कितना समय लगा, इसे लेकर भी जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के बाद भवन परिसर में काफी देर तक हंगामे और अफरातफरी का माहौल बना रहा। ऐसी खबर भी मिल रही है कि क्षमता से अधिक लोगों के सवार होने के कारण लिफ्ट में फंसे 6 सदस्य बेहोश हो गए। घटना को लेकर पूर्व सांसद ने नाराजगी जताई, जबकि दिल्ली पुलिस ने कहा कि उन्हें घटना की सूचना बुधवार को मिली।







# आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम आयोजित



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री पोषण माह के अंतर्गत जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार औरंगाबाद जिला में 9 सितंबर से 9 अक्टूबर तक विभिन्न पोषण जागरूकता एवं जनभागीदारी आधारित कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को संतुलित एवं पौष्टिक आहार, गर्भावस्था के दौरान उचित खान-पान, नियमित स्वास्थ्य जांच तथा पोषण के महत्व के संबंध में जानकारी दी गई। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान स्वयं के साथ-साथ गर्भस्थ शिशु के बेहतर स्वास्थ्य एवं समुचित विकास के लिए पर्याप्त एवं पौष्टिक आहार लेने के लिए प्रेरित किया गया। गोद भराई कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को उनके मातृत्व के आगामी चरण के लिए शुभकामनाएं दी गईं तथा स्वस्थ मां और स्वस्थ शिशु के लिए पोषण एवं स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया।

जिले के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रधानमंत्री पोषण माह के तहत पोषण जागरूकता को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इन कार्यक्रमों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों के समुचित पोषण, स्वास्थ्य एवं विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

# देश के विभिन्न क्षेत्रों व समुदायों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण संपर्क भाषा है हिंदी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हिंदी पखवाड़ा एवं राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जयंती के अवसर पर राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय में विविध साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) विजय रजक ने की, जबकि मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार, सेवानिवृत्त प्रोफेसर, स्नातकोत्तर हिंदी विभाग, मगध विश्वविद्यालय, बोधगया रहे। महाविद्यालय के विश्वविद्यालय कुलगीत की प्रस्तुति के बाद छात्र-छात्राओं ने गीत, काव्य-पाठ, कविता, नुक्कड़ नाटक, भाषण, हिंदी स्लोगन सहित विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक एवं साहित्यिक प्रस्तुतियां दीं। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रगान के साथ समारोह का समापन हुआ।

मुख्य अतिथि डॉ. सुनील कुमार ने अपने संबोधन में हिंदी भाषा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हिंदी केवल एक विषय या भाषा नहीं, बल्कि देश के विभिन्न क्षेत्रों और समुदायों को जोड़ने वाली महत्वपूर्ण संपर्क भाषा है। दैनिक बोलचाल से लेकर साहित्य, शिक्षा, प्रशासन एवं संचार तक हिंदी की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विद्यार्थियों से हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा हिंदी साहित्य के नियमित अध्ययन की अपील की। उन्होंने राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से चर्चा करते हुए उनकी रचनाओं में राष्ट्रप्रेम, सामाजिक चेतना, स्वाभिमान, संघर्ष एवं जनजागरण के भावों को रेखांकित किया। उन्होंने दिनकर की प्रमुख कृतियों एवं उनकी ओजपूर्ण काव्यधारा के माध्यम से विद्यार्थियों को साहित्य से जुड़ने का संदेश दिया। इस अवसर पर एनएसएस पदाधिकारी डॉ. नरेश कुमार सिंह, नैक समन्वयक डॉ. तरुण माथुर, परीक्षा नियंत्रक डॉ. अरविंद कुमार सिंह, डॉ. कौशल कुमार, डॉ. रमेश यादव, डॉ. संजय रमन, डॉ. जुबैर आलम, डॉ. इरशादूदौला, डॉ. राजेश कुमार चौधरी, डॉ. बिपिन कुमार, डॉ. संगीता सिंह, डॉ. अनिल लाल, डॉ. अर्चना कुमारी, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. रूबी कुमारी, राज कुमार सिंह, सोनम कुमारी, लेखापाल विवेक कुमार, सहायक जितेंद्र कुमार, मनीष कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षकेतर कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# झारखंड में आज से शुरू हुई 'बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना'




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्य में किसान रबी सीजन की फसल का बीमा गुरुवार से करा सकते हैं। बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत रबी 2026-27 फसल बीमा अवधि एक अक्टूबर से प्रारंभ होगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। इस संबंध में निबंधक सहयोग समितियां शशि रंजन ने सभी जिला सहकारिता पदाधिकारियों एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। जिलों में किसानों के फसल बीमा आच्छादन में कम-से-कम 10 प्रतिशत की वृद्धि सुनिश्चित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बिरसा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत रबी सीजन के लिए झारखंड राज्य में गेहूं, चना, राई-सरसों एवं आलू फसलों को अधिसूचित किया गया है। इस अवधि में अधिक से अधिक पात्र किसानों को योजना से जोड़ने के लिए व्यापक स्तर पर प्रचार-प्रसार एवं जागरूकता गतिविधियां संचालित करने पर विशेष जोर दिया गया है। इसे लेकर लैम्प्स-पैक्स, बैंक शाखाओं, कामन सेवा केंद्र, एफपीओ, किसान संगठन तथा उर्वरक एवं बीज विक्रेताओं सहित किसानों से जुड़े विभिन्न संस्थानों एवं माध्यमों के सहयोग से योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

इन माध्यमों के जरिए किसानों को योजना की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ आवश्यक प्रक्रियाएं पूरी कराते हुए अधिकाधिक किसानों का फसल बीमा सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाएगा। विशेष रूप से गैर-ऋणी किसानों तक योजना की जानकारी पहुंचाने तथा उन्हें फसल बीमा के दायरे में लाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।विभाग का उद्देश्य है कि व्यापक जन-जागरूकता एवं समन्वित प्रयासों के माध्यम से अधिक से अधिक किसान अपनी अधिसूचित रबी फसलों का बीमा कराएं और फसल को संभावित जोखिमों से आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली बीमा व्यवस्था से जुड़ सकें।

## सेवा संकल्प अभियान के गोदभराई कार्यक्रम के दौरान नेउरा केंद्र की बदहाली उजागर

**अंबा (औरंगाबाद)।** सेवा संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को आयोजित आंगन का मिलन कार्यक्रम के अंतिम दिन प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोदभराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष सह भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने बभंडी-2, चिल्हकी बिगहा, नेउरा और कझपा स्थित आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण किया। नेउरा केंद्र में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए। निरीक्षण के दौरान नेउरा आंगनबाड़ी केंद्र में न तो बिजली का कनेक्शन मिला और न ही पानी की कोई व्यवस्था। स्थिति यह है कि केंद्र में आने वाले छोटे-छोटे बच्चों को पानी पीने के लिए करीब 300 मीटर दूर जाना पड़ता है। बुनियादी सुविधाओं के अभाव में बच्चों और केंद्र की सेवाओं से जुड़ी महिलाओं को परेशानी उठानी पड़ रही है।

## आवास योजना में अनियमितता पर गरमाई सियासत

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाभुकों के चयन में भारी अनियमितता और धांधली का मामला सामने आया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष सह प्रखण्ड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष प्रवीण कुमार ने प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को पत्र लिखकर कड़ा एतराज जताया है और पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। प्रवीण कुमार द्वारा जारी पत्र के अनुसार, प्रखण्ड क्षेत्र की कई पंचायतों से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि जरूरतमंद और गरीब परिवारों को दरकिनार कर सुखी-संपन्न एवं अयोग्य लोगों का नाम आवास योजना की सूची में धड़ल्ले से शामिल कर लिया गया है।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए खुली निविदा सूचना सं.: 69-एसडीएसटीई-एएसएन-2026-27, दिनांक 30.09.2026 के तहत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम/स्थान:** "आसनसोल मंडल-कुल्टी में एमएसडीएसी द्वारा डुएल डिटेक्शन के प्रावधान के संबंध में शेष कार्य"। **निविदा मूल्य:** रु. 1,46,70,755/-, **बयाना राशि:** रु. 2,93,400/-, **कार्य की समापन अवधि:** एलओए जारी करने की तिथि से 18 माह। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 22.10.2026 को 14.00 बजे। **वेबसाइट का विवरण:** http://www. ireps.gov.in

ASN-276/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

# नदियों के तेवर से सहमे हैं लोग

□33 नाव और बोट एंबुलेंस से राहत कार्य तेज
□14 सामुदायिक रसोई घरों में बन रहा भोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** गंडक नदी के बढ़ते जलस्तर के बीच सारण जिले में बाढ़ की स्थिति को लेकर प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। जिले के पांच प्रखंडों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में शामिल किया गया है। इसके अंतर्गत 18 पंचायतों के 48 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बुधवार शाम चार बजे तक की रिपोर्ट के अनुसार इन क्षेत्रों की अनुमानित 24,725 आबादी और करीब 4,220 परिवार बाढ़ की चपेट में हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत एवं बचाव कार्यों के साथ-साथ प्रशासनिक स्तर पर लगातार निगरानी की जा रही है। सारण के जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव के दिशा-निर्देश पर संबंधित विभागों के पदाधिकारी और कर्मी प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। जलस्तर और स्थानीय परिस्थितियों में बदलाव के अनुसार राहत-बचाव के संसाधनों को सक्रिय किया जा रहा है। प्रशासन का जोर प्रभावित परिवारों तक भोजन, चिकित्सा और जरूरी राहत सामग्री पहुंचाने पर है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में आवागमन और जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाने के लिए 33 नाव उपलब्ध कराई गई हैं। इसके साथ ही एक बोट एंबुलेंस भी संचालित है। स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए पांच चिकित्सा शिविर लगाए गए हैं। पशु चिकित्सा की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि बाढ़ के बीच पशुओं के इलाज और आवश्यक देखभाल में परेशानी न हो। राहत कार्य के लिए एक राहत केंद्र भी संचालित है, जहां फिलहाल 50 आश्रयार्थी रह रहे हैं। आपात स्थिति से निपटने के लिए तीन एनडीआरएफ/एसडीआरएफ टीमें भी उपलब्ध हैं। प्रभावित परिवारों के बीच अब तक 950 पॉलीथिन शीट का वितरण किया गया है।

बाढ़ प्रभावित लोगों को भोजन की समस्या नहीं हो, इसके लिए सारण जिले के पानापुर, तरैया, अमनौर, मकेर और परसा प्रखंडों में कुल 14 सामुदायिक रसोई संचालित की जा रही हैं। इन रसोइयों के माध्यम से करीब पांच हजार लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई है। प्रखंडवार स्थिति के अनुसार पानापुर में दो, तरैया में तीन, अमनौर में एक, मकेर में पांच और परसा में तीन सामुदायिक रसोई चल रही हैं।

# पत्थर खदान की बंदोवस्ती का रास्ता साफ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रोहतास।** बंदोबस्ती प्रक्रिया शुरू करने की अधिसूचना जारी होते ही पहाड़ में बंद पत्थर उत्खनन कार्य का रास्ता पूरी तरह साफ हो गया है। इसे लेकर जिले के लोगों में खुशी है कि देर से ही सही लेकिन जिला प्रशासन व सरकार का यह निर्णय क्षेत्र में खुशहाली लाने में कारगर साबित होगा।

खनन कार्य शुरू होने से लगभग डेढ़ दशक से छाई वीरानगी जहां दूर होगी, वहीं बड़े पैमाने पर भी रोजगार के अवसर मिलेंगे। कैमूर पहाड़ी से निकले पत्थर से बना चक्की-जाता व सिलबट्टा जैसे स्थानीय उत्पाद एक बार फिर बढ़ावा मिलेगा। कभी मजदूरों की आवक से गुजारा रहने वाले अमरा-तालाब व बांसा में लगने वाली साप्ताहिक बाजार की भी रौनक बढ़ेगी।

पत्थर खदान फिर शुरू होने से रोहतास ही नहीं राज्य के समीपवर्ती औरंगाबाद, कैमूर के अलावा झारखंड, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ राज्यों से जुड़े लोगों को रोजगार मिलेगा।

गिट्टी तोड़ने के अलावा काफी संख्या में लोग सिलबट्टा-चक्की-जाता, पटिया बनाने के कार्य में लगेंगे। इससे इन कार्य में लगने वाले मजदूरों व उनके परिवार को आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी।

सिलबट्टा-चक्की-जाता, पटिया की मांग एक बार फिर पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों में बढ़ेगी। हालांकि विभाग ने फिलहाल गायघाट व गिजुआही मौजा के दो ही ब्लॉक में पत्थर खनन कार्य शुरू करने का निर्णय लिया है।

शुरुआती दौर में रोजगार मिलने की गति धीमी तथा आने वाले दिनों में रोजगार की गति में तेजी आने की उम्मीद लोगों द्वारा जताई जा रही है। जब पूर्व में पत्थर खदान चालू थे, तो उस वक्त अमरा-तालाब व बांसा में लगने वाली साप्ताहिक बाजार की अपनी पहचान थी।

# कलेक्ट्रेट भवन से जुड़ी जमीन की होगी नीलामी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मधुबनी।** मधुबनी कलेक्ट्रेट भवन से जुड़ी जमीन की नीलामी के लिए व्यवहार न्यायालय, मधुबनी ने बिक्री उद्घोषणा जारी की है। मध्यस्थता निष्पादन वाद संख्या 03/2016 में दीवानी प्रक्रिया संहिता के आदेश 21 के नियम 66 के तहत जारी उद्घोषणा में नगर मौजा स्थित खेसरा संख्या 4899 की जमीन को नीलामी के लिए चिह्नित किया गया है।

उद्घोषणा के अनुसार 10 कट्ठा के भूखंड में दक्षिणी हिस्से की 2 कट्ठा 5 धुर 67 धुरकी जमीन पर दो मंजिला कलेक्ट्रेट भवन बना है। इसकी चौहद्दी में उत्तर में नगर थाना, दक्षिण में व्यवहार न्यायालय, पूरब में सड़क और पश्चिम में न्यायालय परिसर है।

न्यायालय ने संपत्ति का अनुमानित मूल्य एवं आरक्षित मूल्य 4 करोड़ 17 लाख 24 हजार 459 रुपये निर्धारित किया है। सबसे ऊंची बोली भी न्यायालय द्वारा बिक्री की पुष्टि किए जाने के बाद ही अंतिम मानी जाएगी।

उद्घोषणा में बोलीदाताओं को संपत्ति की पहचान, क्षेत्रफल, स्वामित्व, कब्जा, पहुंच, भार एवं अन्य अभिलेखों की स्वयं जांच करने की सलाह दी गई है। सक्षम न्यायालय या प्राधिकरण द्वारा रोक का आदेश नहीं होने तक निष्पादन की कार्रवाई जारी रहने की बात कही गई है।

कलेक्ट्रेट जैसी महत्वपूर्ण सरकारी इमारत से जुड़ी जमीन की नीलामी की उद्घोषणा सामने आने के बाद प्रशासनिक और कानूनी हलकों में चर्चा तेज हो गई है।

गौरतलब है कि इसी जमीन की नीलामी का नोटिस पहले 18 जून 2025 को भी लगा था। तब मामला काफी चर्चा में आया था।

ये मामला कलेक्ट्रेट की जमीन का नहीं, पंडौल कोऑपरेटिव सूता मिल का है। 1996-97 में पंडौल ब्लॉक में सरकारी देखरेख में चलने वाली सूता मिल को फिर से चालू करने के लिए, कोलकाता की कंपनी मेसर्स राधाकृष्ण एक्सपोर्ट प्रा. लि., जिसके निदेशक रतन कुमार केडिया थे, से समझौता हुआ। कंपनी ने करीब 28.90 लाख एडवांस दिया, लेकिन मिल 1997 में बंद हो गई और पैसा वापस नहीं मिला। कंपनी कोर्ट गई। पटना हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज जस्टिस घनश्याम प्रसाद ने आर्बिट्रेटर के तौर पर 20 अगस्त 2014 को आदेश दिया आर्बिट्रेशन रिक्वेस्ट वाद 7/2012 में 28.90 लाख एडवांस + 2.70 लाख क्षतिपूर्ति + 1.80 लाख खर्च कुल 33.44 लाख तुरंत दो, नहीं तो 18 फीसदी सालाना ब्याज लगेगा।

# छपरा में किसना के शॉप स्पार्कल विन कैंपेन का उत्साह




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**छपरा।** किसना डायमंड एंड गोल्ड ज्वेलरी के शॉप स्पार्कल विन कैंपेन के तहत छपरा में आयोजित लकी ड्रॉ में मेनका कुमार ने शानदार स्कूटी जीतकर अपनी ज्वेलरी शॉपिंग को यादगार बना लिया। पूरे भारत के 218 शहरों में चल रहे किसना के इस अभियान का उद्देश्य ग्राहकों की ज्वेलरी शॉपिंग को और भी खास बनाना है। लगातार तीसरे वर्ष आयोजित हो रहे इस कैंपेन के तहत 25000 या उससे अधिक की डायमंड ज्वेलरी अथवा 75000 या उससे अधिक की गोल्ड ज्वेलरी की खरीदारी करने वाले ग्राहक, लागू नियम एवं शर्तों के अनुसार लकी ड्रॉ में शामिल होने के पात्र होते हैं। किसना छपरा के फ्रैंचाइजी पार्टनर किशन बरनवाल ने कहा कि मेनका कुमार को लकी ड्रॉ में स्कूटी जीतते देखकर हमें बेहद खुशी हुई। यह हमारे लिए गर्व का पल है कि किसना के माध्यम से हमारे ग्राहकों को ज्वेलरी के साथ खुशियां जीतने का अवसर मिल रहा है। हम छपरा और आसपास के सभी ग्राहकों को किसना के साथ इस रोमांचक अभियान का हिस्सा बनने के लिए आमंत्रित करते हैं।

## रेगनिया गांव के तालाब को जीर्णोद्धार की जरूरत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के रेगनिया गांव के समीप एक प्राचीन तालाब है। यहां तक कि पंचायत के मुखिया द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए घाट का निर्माण कराया गया है। साथ ही जल संरक्षण का प्रयास जारी है परंतु तालाब की गहराई कम होने के कारण गर्मियों में पानी सूख जाता है। अभी बारिश के मौसम में पानी तो रहता है परंतु सफाई की कमी के कारण तालाब में कई प्रकार के पौधा उग आए हैं। ग्रामीण विकास सिंह ने बताया कि तालाब का जीर्णोद्धार करने की जरूरत है। अगर तालाब की गहराई हो जाती है तो जल संचय में काफी हद तक सहूलियत होगी। वहीं तालाब की उचित देखरेख नहीं होने के कारण पशु-पक्षियों को भी पानी नहीं मिल पाता है। ग्रामीणों का मानना है कि जबतक तालाब की उड़ाही नहीं होगी तबतक उसकी गहराई नहीं बढ़ेगी। बता दें वर्ष 2022 में तालाब की उड़ाही और सुंदरीकरण का कार्य किया गया था परंतु यह पर्याप्त नहीं था। ग्रामीणों ने अधिकारियों से तालाब के जीर्णोद्धार करने की मांग की है।

# आंगनबाड़ी केंद्रों पर गोद भराई एवं आंगन का मिलन कार्यक्रम



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को पोषण माह के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक रूप से गोद भराई की रस्म कराई गई। साथ ही आंगन का मिलन कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के पोषण, स्वास्थ्य और देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने गर्भवती महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार लेने, नियमित स्वास्थ्य जांच कराने तथा स्वच्छता का विशेष ध्यान रखने की जानकारी दी। महिलाओं को हरी सब्जियां, मौसमी फल, दाल, दूध सहित पोषक तत्वों से भरपूर भोजन लेने के लिए प्रेरित किया गया। वहीं बच्चों के उचित पोषण, नियमित टीकाकरण और साफ-सफाई के महत्व के बारे में भी जानकारी दी गई गोद भराई की रस्म के दौरान गर्भवती महिलाओं को आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिकाओं द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका बबीता कुमारी सहित संबंधित आंगनबाड़ी केंद्रों की सेविका एवं सहायिका मौजूद रहीं। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और माताओं को पोषण एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना तथा बच्चों के बेहतर विकास के लिए परिवार एवं समाज को जिम्मेदार बनाना है।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को पोषण संबंधी आवश्यक जानकारी देते हुए नियमित रूप से आंगनबाड़ी केंद्र आने और विभागीय योजनाओं का लाभ उठाने के लिए भी प्रेरित किया गया। पोषण माह के तहत आयोजित इस कार्यक्रम से ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं में स्वास्थ्य एवं पोषण को लेकर जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया गया।

# बाल उद्यान में चला श्रमदान सह स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा अभियान 2026 के तहत नगर परिषद टिकारी की ओर से सभापति अजहर ईमाम के नेतृत्व मे गुरुवार को टिकारी बाल उद्यान में श्रमदान सह स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान की शुरूआत नगर परिषद परिसर से सभापति अजहर ईमाम के नेतृत्व मे नगर प्रबंधक की मौजूदगी में स्वच्छता रैली रवाना कर हुई। रैली के माध्यम से आम नागरिकों को स्वच्छता के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने, नदी, तालाब एवं अन्य जल श्रोतों को संरक्षित रखते हुए समय समय पर उसकी साफ सफाई करते रहने साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने का संदेश दिया गया।

रैली के उपरांत नगर परिषद बाल उद्यान (चिल्ड्रेन पार्क) में स्वच्छता अभियान चलाया गया। हाथों मे झाड़ू, कुदाल एवं सफाई करने के अन्य उपकरणों के साथ सभापति, नगर प्रबंधक, सभी वार्ड

**सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने का दिया गया संदेश**

पार्षद एवं सफाई कर्मी युद्ध स्तर पर अभियान में उत्साह से जुटे रहे। पार्क मे पड़े खर पतवार, कचरे, को हटा उसकी साफ सफाई की गयी।

इस मौके पर सभापति अजहर ईमाम, एवं नगर प्रबंधक ने चिल्ड्रेन पार्क के साथ ही सभी सार्वजनिक स्थलों, तालाब, पोखरों, सड़कों, नालियों गलियों को स्वच्छ बनाए रखने का आह्वान किया। वार्ड पार्षद सह सशक्त स्थाई समिति सदस्य रणजीत कुमार, पार्षद प्रतिनिधि मोहम्मद तौहीद आलम,मो रेयाज अंसारी, अक्षय चौधरी,लक्ष्मी देवी, शिव पूजन मांझी, संध्या देवी, गीता देवी, पार्षद गुड्डू कुमार, पार्षद प्रतिनिधि सुभय सिंह, दीपक चौरसिया, गुड्डू सिंह सहित कई वार्ड पार्षद एवं नगर परिषद सफाई कर्मी इस अभियान की सफलता को लेकर हर तरह से सजग रहे।

# आंगन का मिलन कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा।** औरंगाबाद प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर गुरुवार को ह्यआंगन का आंगनहृ कार्यक्रम के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म कराई गई। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को गर्भावस्था में पोषण, स्वास्थ्य और सुरक्षित प्रसव को लेकर आवश्यक जानकारी दी गई। इस दौरान 20 सूत्री अध्यक्ष चंद्रकांत मुन्ना ने विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों का निरीक्षण कर कार्यक्रम की जानकारी ली। हसपुरा केंद्र संख्या 99 पर सेविका मंजू कुमारी की देखरेख में लाभार्थी हेवान्ति कुमारी की गोद भराई कराई गई। मौके पर वीरेंद्र कुमार, गयालाल पंडित, सिम्पल कुमारी एवं एएनएम आरती कुमारी मौजूद रहीं। डुमरा केंद्र संख्या 109 पर सेविका शकुंतला कुमारी के नेतृत्व में लाभार्थी मनीषा कुमारी की गोद भराई की रस्म हुई। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ता संतोष कुमार एवं गनौरी राम उपस्थित रहे। इटवा केंद्र संख्या 23 पर सेविका रीता कुमारी की देखरेख में लाभार्थी मिंता कुमारी की गोद भराई कराई गई। कार्यक्रम में अनिल आर्य, निर्भय पाठक, महिला पर्यवेक्षिका पूनम कुमारी एवं सीएचओ स्वेटा कुमारी मौजूद रहीं। रघुनाथपुर केंद्र संख्या 135 पर सेविका शबाना प्रवीण की देखरेख में पुष्पा कुमारी, रूबी देवी, अंजू कुमारी एवं सपना कुमारी की गोद भराई की रस्म हुई। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका नीलू कुमारी के अलावा नंदन यादव एवं कमलेश पंडित उपस्थित रहे।

वहीं सैदपुर (मोती बिगहा) केंद्र संख्या 87 पर सेविका कुमारी अमरावती की देखरेख में उत्तम कुमारी एवं दुलारी कुमारी की गोद भराई कराई गई। कार्यक्रम में कनिष्क कुंदन एवं सत्येंद्र पांडे उपस्थित रहे। महिला पर्यवेक्षिका पूनम कुमारी ने लाभार्थियों एवं सेविकाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

वहीं सोनहथू पंचायत के तिलकपुरा आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 48 सेविका ममता कुमारी ने गोद भराई कराई। महिला पर्यवेक्षिका शबनम, सीएचओ सुशीला कुमारी, सहायिका रेशम कुमारी उपस्थित रहे।

## हथियार के साथ धराया

**मसौढ़ी।** बिहार एसटीएफ और धनरुआ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए हथियार तस्करी के एक आरोपी को दो देसी कट्टा के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान धनरुआ थाना क्षेत्र के ओलीपुर गांव निवासी धनंजय प्रसाद (35 वर्ष), पिता सुरेंद्र यादव के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार धनंजय हथियारों की खरीद-बिक्री के धंधे में शामिल रहा है और अब तक दर्जनों लोगों को हथियार सप्लाई कर चुका है। वह हिलसा थाना क्षेत्र के एक हत्याकांड में भी जेल जा चुका है। पुलिस पूछताछ में खुलासा हुआ है कि आरोपी हथियारों की डिलीवरी के लिए छोटे-छोटे बच्चों का इस्तेमाल करता था, ताकि किसी को शक न हो। पुलिस उसके पूरे नेटवर्क की जांच में जुटी है।

# ट्रक की ठोकर से बाइक सवार की मौत

**एक की हालत गंभीर**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**आरा।** भोजपुर जिले के कोईलवर थाना क्षेत्र के आरा-पटना हाईवे स्थित नए सिक्सलेन पुल पर गुरुवार की सुबह करीब साढ़े छह बजे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई।

जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान पटना जिले के बिहटा थाना क्षेत्र के मोदही निवासी धर्मेंद्र यादव के 16 वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में हुई है। वहीं, घायल अजित कुमार (18) भी मोदही निवासी जवाहिर राय का पुत्र बताया जाता है।

जानकारी के अनुसार, प्रिंस कुमार अपने दोस्त अजित कुमार के साथ कुल्हड़िया स्थित रिश्तेदार के घर से बाइक से अपने गांव मोदही लौट रहा था। इसी दौरान नए सिक्सलेन पुल पर पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि बाइक सवार दोनों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर जुटे स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए कोईलवर अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने जांच के बाद प्रिंस कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं, अजित कुमार का इलाज कोईलवर अस्पताल में चल रहा है।

घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। हादसे के कारणों और ट्रक की पहचान को लेकर पुलिस जानकारी जुटा रही है।

# सुंदरगंज में लाखों की लागत से बने पशु चिकित्सालय का नहीं मिल रहा लाभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** जिले के बारूण प्रखंड के सुंदरगंज में लाखों रुपये की लागत से निर्मित प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय भवन वर्षों बाद भी अपने मूल उद्देश्य को पूरा नहीं कर पा रहा है। पशुपालकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए इस अस्पताल में आज तक नियमित चिकित्सा सेवा शुरू नहीं हो सकी है। वहीं भवन उपयोग के अभाव में बदहाल होता जा रहा है और परिसर असामाजिक तत्वों का अड्डा बन गया है।

अस्पताल भवन के चारों ओर बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आई हैं। अस्पताल तक जाने वाला रास्ता भी घास और झाड़ियों से पट गया है, जिससे आवागमन मुश्किल हो गया है। परिसर में नशीले पदार्थों के खाली रैपर, शराब की बोतलें और अन्य कचरा बिखरा पड़ा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शाम होते ही यहां असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगने लगता है, जिससे आसपास के लोगों में असुरक्षा की भावना बनी रहती है। बताया कि पशुपालकों की सुविधा के लिए वर्षों पहले आधुनिक पशु चिकित्सालय भवन बनाया गया, लेकिन आज तक इसमें इलाज शुरू नहीं हो सका। शिकायत के बाद उप विकास आयुक्त ने पशुपालन विभाग और भवन निर्माण विभाग को संयुक्त जांच कर आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। अधिकारियों ने स्थल निरीक्षण कर अपनी जांच रिपोर्ट भी सौंप दी है। पशुपालन विभाग के अनुसार प्रथम वर्गीय पशु चिकित्सालय सुंदरगंज में चार कर्मी और एक पशुधन सहायक पदस्थापित हैं। चिकित्सक का पद रिक्त होने के कारण दूसरे अस्पताल के चिकित्सक को सप्ताह में तीन दिन प्रतिनियुक्ति पर सेवा देने के लिए लगाया गया है। फिलहाल अस्पताल का संचालन सुंदरगंज स्थित समविकास भवन के तीन कमरों से किया जा रहा है। इन कमरों में पर्याप्त जगह और आवश्यक चिकित्सा सुविधाओं का अभाव है। जानकारी के अनुसार भवन निर्माण विभाग ने अस्पताल का निर्माण पूरा करने के बाद वर्ष 2021 में इसे विधिवत पशुपालन विभाग को हस्तांतरित कर दिया था। बावजूद करीब पांच वर्ष बाद भी नए भवन में अस्पताल का संचालन शुरू नहीं हो सका है। लंबे समय से उपयोग नहीं होने और रखरखाव के अभाव में भवन की स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि असामाजिक तत्वों ने भी भवन को नुकसान पहुंचाया है। परिसर में फैली गंदगी और झाड़ियों के कारण भवन की उपयोगिता पर सवाल उठ रहे हैं।

क्षेत्र के पशुपालकों ने जिला प्रशासन और पशुपालन विभाग से जल्द से जल्द नए भवन में अस्पताल का संचालन शुरू कराने, परिसर की साफ-सफाई कराने तथा सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है ताकि लाखों रुपये की लागत से बने भवन का सदुपयोग हो सके और पशुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा मिल सके।

# प्रसिद्ध लोक गायक शिव कुमार चौधरी का निधन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रांची।** पलामू के प्रसिद्ध लोक गायक शिव कुमार चौधरी का मेदिनीनगर में इलाज के दौरान निधन हो गया। अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्होंने लोकगीतों के माध्यम से पलामू की संस्कृति और परंपराओं को देश-विदेश तक पहुंचाया।

पलामू प्रमंडल के प्रसिद्ध लोक गायक शिव कुमार चौधरी का मेदिनीनगर में इलाज के दौरान निधन हो गया। अचानक स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद परिजनों ने उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया था, जहां उन्होंने अंतिम सांस ली। लोक संगीत के माध्यम से पलामू की समृद्ध संस्कृति को पहचान दिलाने वाले इस चर्चित कलाकार के दुनिया से चले जाने से लोक संगीत जगत को भारी क्षति पहुंची है।

पारिवारिक सूत्रों के अनुसार लोक गायक शिव कुमार चौधरी का स्वास्थ्य बिगड़ गया था। स्थिति खराब होने पर परिजनों ने उन्हें तुरंत नौगढ़ा स्थित फोर्टिस अस्पताल पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। इसके बाद उनकी गंभीर स्थिति को ध्यान में रखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए उन्हें मेदिनीनगर रेफर कर दिया। मेदिनीनगर में इलाज के क्रम में ही उन्होंने अंतिम सांस ली। शिव कुमार चौधरी विश्रामपुर प्रखंड क्षेत्र के लालगढ़-पंजरी कला गांव के रहने वाले थे। उन्होंने अपने लोकगीतों के जरिये पलामू की समृद्ध संस्कृति और अनूठी परंपराओं को देश ही नहीं, बल्कि विदेश तक विशेष पहचान दिलाई। उनके गीतों में पलामू की मिट्टी की सोंधी महक और आम जन-जीवन की सच्ची झलक साफ नजर आती थी।

# मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी, न रवि प्रकाश की अध्यक्षता में गुरुवार को समाहरणालय सभाकक्ष में बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन-2026 के सफल, शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संचालन को लेकर सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिनांक 22.09.2026 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के आलोक में बिहार विधान परिषद् के पटना स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र, 2026 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम इस प्रकार है। अधिसूचना निर्गत करने की तिथि- 29 सितम्बर, नाम-निर्देशन की अंतिम तिथि- 06सितम्बर, नाम-निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की तिथि - 07 अक्टूबर, अभ्यर्थिताएँ वापस लेने की अंतिम तिथि 09अक्टूबर, मतदान की तिथि - 23अक्टूबर, मतदान का समय - पूर्वाह्न 08:00 बजे से अपराह्न 04:00 बजे तक तथा मतगणना की तिथि - 27अक्टूबर है।

इसके साथ ही जानकारी दी गयी कि कि नवादा जिले में पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के लिए, कुल 17 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ कुल 15,829 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं, पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के लिए जिले में कुल 14 मतदान केंद्र निर्धारित किए गए हैं, जहाँ कुल 1,749 मतदाता मतदान करेंगे।

निर्वाचन की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मतदान के दिन सभी मतदान केंद्रों पर वीडियोग्राफी की व्यवस्था की जाएगी। साथ ही, निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचार संहिता एवं अन्य निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों के अनुपालन की निगरानी के लिए फ्लाइंग स्क्वायड का गठन किया गया है। बैठक में उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन प्रक्रिया, आदर्श आचार संहिता एवं निर्वाचन संबंधी दिशा-निर्देशों के संबंध में आवश्यक जानकारी साझा की गई। निर्वाचन को स्वच्छ, निष्पक्ष, पारदर्शी, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया के सम्पन्न होने तक सरकारी विभागों द्वारा ऐसी कोई भी नीतिगत घोषणा, नई योजना अथवा कार्यक्रम प्रारंभ नहीं किया जाएगा, जिससे निर्वाचकों पर प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ने की संभावना हो। उन्होंने कहा कि निर्वाचन अवधि के दौरान सरकारी तंत्र अथवा संसाधनों का किसी भी प्रकार से ऐसा उपयोग नहीं किया जाए, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता प्रभावित हो।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रचार-प्रसार के संबंध में भी स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि लाउडस्पीकर, ध्वनि विस्तारक यंत्र अथवा अन्य प्रचार-प्रसार उपकरणों के उपयोग के लिए सक्षम पदाधिकारी/जिला प्रशासन से पूर्वानुमति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। बिना अनुमति के लाउडस्पीकर अथवा अन्य प्रचार-प्रसार उपकरणों का उपयोग नहीं किया जाएगा।

बैठक में आम आदमी पार्टी, नवादा; बहुजन समाज पार्टी, नवादा; भारतीय जनता पार्टी, नवादा; कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ नवादा; जनता दल (यूनाइटेड), नवादा; लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास), नवादा; राष्ट्रीय जनता दल, नवादा; राष्ट्रीय लोक मोर्चा पार्टी, नवादा सहित अन्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के अध्यक्ष/सचिव एवं प्रतिनिधियों के साथ-साथ संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ठाकुर कुल्ही, धैया में रक्तदान शिविर का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**धनबाद।** श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति, छठ तालाब, ठाकुर कुल्ही, धैया के तत्वावधान में राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर विशाल स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद ढुल्लू महतो जी एवं सांसद प्रतिनिधि कमल कुमार सिंह, अमरजीत कुमार, कैलाश गुप्ता, मनोज साव और बरटांड मंडल अध्यक्ष हुल्लास दास, महामंत्री रंजीत राणा के द्वारा किया गया। शिविर में करीब 40 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। रक्तदान करने वाले रक्तवीरों को ब्लड सेंटर, आइकॉन क्रिटिकल केयर की ओर से प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। दुर्गा पूजा समिति के सचिव विकास राय ने कहा कि रक्तदान सभी को करना चाहिए, रक्तदान करने से दूसरे को जीवनदान दिया जा सकता है।

ब्लड सेंटर, आइकॉन क्रिटिकल केयर के प्रबंधक श्री नगीना जी की ओर से दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह, सचिव विकास राय, कोषाध्यक्ष रंजीत जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि कमल कुमार सिंह एवं सोशल एक्टिविस्ट अभिषेक विश्वकर्मा को अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रसून पांडे, प्रदीप पाठक, दुर्गा सिंह, संतोष रजक, अजय चौबे, सम्मी कपूर, सुशील सिंह, जगबंधु मंडल, राज कुमार मंडल, किशोर मंडल, सुशील मिश्रा, अनिल सिंह, अनिल शर्मा, बंटी बर्नवाल, शुभम मिश्रा, मनीष मिश्रा, विकाश कनडवे का अहम योगदान रहा।

# 31 मार्च 2015 के बाद नियुक्त अप्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा समाप्त

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद सभी डीईओ को कार्रवाई का निर्देश, 31 अगस्त 2028 तक डीएलएड हासिल करने का अंतिम अवसर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में 31 मार्च 2015 के बाद बिना निर्धारित प्रशिक्षण योग्यता के नियुक्त अप्रशिक्षित प्रारंभिक शिक्षकों की सेवा समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। वहीं 31 मार्च 2015 तक सेवा में रहे अप्रशिक्षित शिक्षकों को डीएलएड की योग्यता हासिल करने के लिए 31 अगस्त 2028 तक का अंतिम अवसर दिया गया है। प्राथमिक शिक्षा निदेशक कुमार निशांत विवेक ने एक अक्टूबर को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों को पत्र जारी कर इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया है। यह निर्देश सिविल अपील संख्या 2026, अब्दुल बाकी अंसारी एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य, एसएलपी (सी) संख्या 25298/2023 से उद्भूत तथा एसएलपी (सी) संख्या 10872-10898/2024 तंजीम रेजा एवं अन्य बनाम भारत संघ एवं अन्य समेत संबद्ध मामलों में सुप्रीम कोर्ट द्वारा 28 जुलाई 2026 को पारित न्यायादेश के आलोक में जारी किया गया है। पत्र में बताया गया है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम, 2009 लागू होने के बाद प्राथमिक विद्यालय के शिक्षकों के लिए एनसीटीई द्वारा निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक एवं प्रशिक्षण योग्यता अनिवार्य की गई थी। अधिनियम की धारा 23(2) के तहत बिहार को 31 मार्च 2015 तक न्यूनतम योग्यता में छूट मिली थी। बाद में शिक्षा का अधिकार अधिनियम संशोधन, 2017 के माध्यम से 31 मार्च 2015 को सेवा में रहे ऐसे शिक्षकों को न्यूनतम योग्यता हासिल करने के लिए अतिरिक्त समय दिया गया। पटना हाईकोर्ट ने एलपीए संख्या 748/2022, बीबी शकिना खातुन एवं अन्य बनाम राज्य सरकार एवं अन्य में 20 मार्च 2024 को कहा था कि 31 मार्च 2015 के बाद निर्धारित न्यूनतम प्रशिक्षण योग्यता के बिना नियुक्ति शिक्षा का अधिकार अधिनियम की धारा 23(1) के विपरीत होगी। वहीं 31 मार्च 2015 को सेवा में रहे शिक्षकों को योग्यता हासिल करने के लिए 8 अगस्त 2021 तक समय दिया गया था और निर्धारित अवधि में योग्यता नहीं हासिल करने वालों की सेवा समाप्त करने का निर्देश दिया गया था। इसके खिलाफ मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा। 28 जुलाई 2026 के आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि टीईटी और डीएलएड दोनों प्राथमिक शिक्षकों के लिए आवश्यक योग्यताएं हैं। अंजुमन इशाअत-ए-तालीम ट्रस्ट बनाम स्टेट ऑफ महाराष्ट्र मामले में टीईटी के लिए दी गई समय-वृद्धि को डीएलएड पर भी लागू करते हुए 31 मार्च 2015 को सेवा में रहे शिक्षकों को 31 अगस्त 2028 तक डीएलएड हासिल करने का अवसर दिया गया है। आदेश में यह भी कहा गया कि एलपीए संख्या 748/2022 के फैसले के अनुपालन में जिन शिक्षकों की सेवा समाप्त की गई थी, उन्हें पुनः सेवा में रखने की कार्रवाई की जाए। पूर्व में आयोजित डीएलएड परीक्षा का परिणाम भी यथाशीघ्र घोषित करने का निर्देश दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि 31 अगस्त 2028 के बाद समय विस्तार की कोई प्रार्थना स्वीकार नहीं की जाएगी। इसके अनुसार निदेशालय ने 31 मार्च 2015 से पहले नियुक्त सभी अप्रशिक्षित प्रारंभिक शिक्षकों को निर्धारित तिथि तक डीएलएड हासिल करने, उसके बाद नियुक्त अप्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा समाप्त करने तथा न्यायालय के आदेश से बर्खास्त शिक्षकों को पुनः सेवा में लेने की कार्रवाई का निर्देश दिया है।

# गांधी-शास्त्री के आदर्श आज भी राष्ट्र निर्माण के प्रेरणास्रोत : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। एक अक्टूबर को जारी प्रेस विज्ञप्ति में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि महात्मा गांधी का जीवन सत्य, अहिंसा, सादगी और सेवा के मूल्यों के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक था। सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर उन्होंने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन को नई दिशा और ऐतिहासिक नेतृत्व प्रदान किया। गांधी के विचार और जीवन-मूल्य आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और राष्ट्रसेवा का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया। उनका जीवन देश के प्रति समर्पण और जिम्मेदारी की प्रेरणा देता है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गांधी और शास्त्री के आदर्शों को आत्मसात करते हुए सभी को राष्ट्र निर्माण में अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करना चाहिए।

# रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी पर डॉ. प्रेम कुमार ने प्रधानमंत्री एवं कृषि मंत्री का जताया आभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने केंद्र सरकार द्वारा रबी विपणन सत्र 2027-28 के लिए सभी छह अनिवार्य रबी फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में बढ़ोतरी किए जाने पर बिहार के किसानों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रति हार्दिक आभार एवं बधाई व्यक्त की है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि किसान देश की अर्थव्यवस्था और खाद्य सुरक्षा की रीढ़ हैं। किसानों को उनकी उपज का उचित और लाभकारी मूल्य मिले, यह केंद्र सरकार की कृषि नीति का महत्वपूर्ण उद्देश्य रहा है। रबी विपणन सत्र 2027-28 के लिए एमएसपी में की गई वृद्धि से किसानों को अपनी फसलों का बेहतर मूल्य प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने गेहूं का एमएसपी 2,610 रुपये प्रति क्विंटल, जौ का 2,286 रुपये, चना का 5,958 रुपये, मसूर का 7,390 रुपये, रेपसीड एवं सरसों का 6,613 रुपये तथा कुसुम का 7,215 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। गेहूं में 25 रुपये, जौ में 136 रुपये, चना में 83 रुपये, मसूर में 390 रुपये, रेपसीड एवं सरसों में 413 रुपये तथा कुसुम में 675 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है। डॉ. कुमार ने कहा कि कुसुम में 675 रुपये तथा रेपसीड एवं सरसों में 413 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है। सरकार के अनुसार यह वृद्धि उस नीति के अनुरूप है जिसके तहत एमएसपी को अखिल भारतीय भारित औसत उत्पादन लागत के कम से कम 1.5 गुना के स्तर पर रखने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा अन्नदाता किसान की समृद्धि ही विकसित और आत्मनिर्भर भारत की आधारशिला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों की आय, कृषि उत्पादकता और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए किए जा रहे प्रयास स्वागतयोग्य हैं। बिहार कृषि प्रधान राज्य है और यहां के किसानों के लिए एमएसपी में यह वृद्धि महत्वपूर्ण है।

# नीतीश कुमार से मिला चौरसिया समाज का प्रतिनिधिमंडल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके 7, सर्कुलर रोड स्थित आवासीय कार्यालय में चौरसिया समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। सुभाष चन्द्र प्रसाद एवं नवीन कुमार उर्फ नगीना चौरसिया के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल ने नीतीश कुमार को एक ज्ञापन सौंपा और मध्यप्रदेश की तर्ज पर बिहार में भी पान विकास आयोग का गठन किए जाने की मांग उनके समक्ष रखी। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, विधायक दल के नेता श्रवण कुमार, विधान परिषद् में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ एवं मुख्य सचेतक संजय गांधी मौजूद रहे।

# भारतीय हॉकी के पुनर्जागरण का समय आ गया : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** ग्रामीण विकास मंत्री सह हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि भारतीय हॉकी अपने स्वर्णिम इतिहास की ओर तेजी से अग्रसर है। पिछले कुछ वर्षों में भारतीय हॉकी में व्यापक बदलाव देखने को मिला है। बेहतर फिटनेस, आधुनिक प्रशिक्षण, वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अंतरराष्ट्रीय अनुभव, मजबूत घरेलू प्रतियोगिताओं और युवा प्रतिभाओं को अवसर मिलने से भारतीय हॉकी लगातार नई ऊंचाइयों को छू रही है। उन्होंने कहा कि पेरिस ओलंपिक-2024 में भारतीय पुरुष हॉकी टीम द्वारा लगातार दूसरी बार कांस्य पदक हासिल करना तथा वर्ष 2025 में राजगीर में आयोजित एशिया कप में खिताब जीतना इस बदलाव की महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं। उन्होंने कहा कि एशियाई खेल 2026 में भारतीय महिला और पुरुष दोनों टीमों का फाइनल में पहुंचना देश में हॉकी की बढ़ती ताकत और खिलाड़ियों की निरंतर मेहनत का प्रमाण है। ग्रामीण विकास मंत्री ने विशेष रूप से महिला हॉकी में आए बदलाव को उत्साहजनक बताया। उन्होंने कहा कि अब देश के छोटे शहरों और गांवों से निकलने वाली प्रतिभाओं को भी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के अवसर मिल रहे हैं। इससे हॉकी का दायरा लगातार व्यापक हो रहा है और नई प्रतिभाएं खेल के क्षेत्र में आगे आ रही हैं।

उन्होंने कहा कि भारतीय हॉकी की मौजूदा उपलब्धियां केवल पदक जीतने तक सीमित नहीं हैं, बल्कि यह भारतीय हॉकी के पुनर्जागरण की यात्रा है। खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों और खेल संगठनों के सामूहिक प्रयास से भारतीय हॉकी को और मजबूत आधार मिल रहा है। हॉकी टीमों के एशियाई खेलों के फाइनल में पहुंचने पर हॉकी एसोसिएशन ऑफ बिहार के अध्यक्ष श्रवण कुमार ने भारतीय महिला एवं पुरुष हॉकी टीम को हार्दिक बधाई दी और स्वर्णिम सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी के सामूहिक प्रयास से भारतीय हॉकी को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

# एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय में हृदय स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन, डॉक्टरों ने दिए जरूरी सुझाव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय, पटना में कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को हृदय संबंधी बीमारियों के प्रति जागरूक करने तथा समय पर स्वास्थ्य जांच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'हृदय स्वास्थ्य जागरूकता सत्र एवं कार्डिएक स्क्रीनिंग शिविर' का आयोजन किया गया। शिविर में पटना स्थित पारस अस्पताल के वरिष्ठ कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. जावेद अनवर ने विशेषज्ञ वक्ता के रूप में हृदय स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर जानकारी दी। उन्होंने कोरोनरी आर्टरी डिजीज के जोखिम, हार्ट अटैक के शुरुआती चेतावनी संकेत, संतुलित एवं हृदय के लिए लाभकारी आहार, नियमित व्यायाम, स्वस्थ जीवनशैली तथा तनाव प्रबंधन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नियमित स्वास्थ्य जांच और समय रहते चिकित्सकीय परामर्श लेने के महत्व पर भी विशेष जोर दिया। शिविर के दौरान जागरूकता सत्र के साथ-साथ विभिन्न स्वास्थ्य जांच की निःशुल्क सुविधा भी उपलब्ध कराई गई। प्रतिभागी अधिकारियों का वजन, ब्लड प्रेशर, रैंडम ब्लड शुगर, ईसीजी तथा ईकोकार्डियोग्राफी जैसी जांचें की गईं। जांच रिपोर्ट के आधार पर विशेषज्ञ चिकित्सक, डॉ. अनवर द्वारा 43 कर्मचारियों एवं उनके परिजनों को आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया।

# राज्यपाल ने विनय कुमार को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं अंजनी कुमार सिंह को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलायी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल सय्यद अता हसनैन (सेवानिवृत्त) ने विनय कुमार को राज्य मुख्य सूचना आयुक्त एवं अंजनी कुमार सिंह को राज्य सूचना आयुक्त के पद की शपथ दिलायी। बिहार लोक भवन के दरबार हॉल में आयोजित इस शपथ ग्रहण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, बिहार विधान परिषद् के कार्यकारी सभापति प्रो. रामवचन राय, लेडी गवर्नर सबीहा हसनैन, महाधिवक्ता एस.डी. संजय, मेघालय एवं सिक्किम के पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद, मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत, राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह, राज्य सरकार के वरीय पदाधिकारीगण, पुलिस पदाधिकारीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

# पावरग्रिड क्षेत्रीय मुख्यालय, पटना में हिन्दी पखवाड़ा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** पावरग्रिड, पूर्वी क्षेत्र-1 , क्षेत्रीय मुख्यालय पटना में हिंदी पखवाड़ा का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। हिंदी के प्रचार-प्रसार तथा राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पखवाड़े के दौरान सभी कर्मचारियों, महिलाओं, बच्चों, एवं अप्रेंटिसों के लिए, कविता पाठ, स्लोगन/कविता लेखन, निबंध लेखन, आशुभाषण एवं कहानी तथा यात्रा वृतांत लेखन सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिनमें सभी ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर नितिन कुमार श्रीवास्तव, मुख्य महाप्रबंधक, पूर्वी क्षेत्र-1 ने सभी कार्मिकों से पूरे वर्ष इसी उत्साह से ज्यादा से ज्यादा कार्य हिन्दी में करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। साथ ही पूर्वी क्षेत्र-1 के अंतर्गत बिहार एवं झारखंड स्थित पावरग्रिड के सभी उपकेंद्रों तथा कार्यालयों में भी हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया जिसमें विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिससे राजभाषा हिंदी के प्रयोग को प्रोत्साहन मिला तथा कर्मचारियों में हिंदी में कार्य करने के प्रति जागरूकता एवं हिन्दी के प्रति रुचि विकसित हुआ।

# ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस का सदस्यता अभियान आज से

## देश के विभिन्न राज्यों और बिहार के सभी जिलों में 31 अक्टूबर तक चलेगा अभियान

GKC GLOBAL KAYASTHA CONFERENCE

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस की ओर से कायस्थ समाज के सशक्तीकरण, सांगठनिक एकता और प्रगति के लिए 2 अक्टूबर से सदस्यता अभियान की शुरुआत की जाएगी। जीकेसी के ग्लोबल अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने आज यहां बताया कि संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से राष्ट्रव्यापी सदस्यता महाअभियान 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। इसके तहत देश के प्रत्येक प्रदेश, जिला, तहसील और ग्राम स्तर पर सभी कायस्थ परिवारों को जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। श्री प्रसाद ने बताया कि देश के विभिन्न राज्यों में अलग-अलग अथवा मिलते-जुलते नाम से भी कायस्थ परिवार के काफी सदस्य हैं। जीकेसी का उद्देश्य इन सभी कायस्थ परिवारों को एक संगठन के तहत एक मंच पर लाना है। इसके साथ ही कायस्थों का जो गौरवशाली इतिहास रहा है, उसे पुनर्स्थापित किया जा सकेगा। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता कमल किशोर एवं सदस्यता अभियान के राष्ट्रीय समन्वयक निलेश रंजन ने बताया कि देश के सभी राज्यों और बिहार के सभी जिलों में शुक्रवार से सदस्यता अभियान प्रारंभ करने के लिए सभी जिलाध्यक्षों तथा जिला कमेटियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। नए बनने वाले सदस्यों को संगठन के डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन सदस्यता दी जाएगी। गौरतलब है कि ग्लोबल कायस्थ कांफ्रेंस कायस्थों का सबसे बड़ा और सशक्त संगठन है जिसकी शाखाएं देश के सभी राज्यों के अलावा 24 से अधिक देशों में हैं।

# पीएम मोदी के सेवा, स्वास्थ्य प्रकल्प से करोड़ों भारतवासियों को लाभ : प्रो. रणबीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में 25 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देशभर में 'सेवा संकल्प अभियान' चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को टीसीआई फाउंडेशन, कुम्हरार में एक विशेष कार्यक्रम निःशुल्क कृत्रिम पैर वितरण का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने पीएम मोदी के सेवा कार्यों और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की जमकर तारीफ की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि जब किसी परिवार में कोई गंभीर या लाइलाज बीमारी दस्तक देती है तो पूरा परिवार प्रताड़ित हो जाता है। ऐसे मुश्किल वक्त में पीएम मोदी के जन्मदिन पर शुरू किए गए चिकित्सा सेवा प्रकल्प से देश के करोड़ों लोगों को बड़ी राहत मिली है। उन्होंने इसे आम जनमानस के लिए एक बड़ी उपलब्धि बताया। इस दौरान प्रो. नंदन ने मंच पर मौजूद पद्मश्री डॉ. आरएन सिंह के कृत्रिम अंग दान अभियान की भी खुले कंठ से सराहना की। उन्होंने कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता की बात का जिक्र करते हुए कहा कि कृत्रिम अंग लगने के बाद एक व्यक्ति आसानी से स्कूटर चलाकर अपना काम कर रहा है। यह उस परिवार और पूरे समाज के लिए बेहद सुखद है। इस कार्यक्रम में बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद और पूनम शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बीजेपी कार्यकर्ताओं की कार्यशैली पर बात करते हुए रणबीर नंदन ने बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने सिर्फ राजनीति नहीं की है, बल्कि जीवन के विविध आयामों को अपनाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि समाज सेवा और ज्ञान के मामले में बीजेपी का कार्यकर्ता सर्वश्रेष्ठ है। उनकी ट्रेनिंग ही मातृभूमि और समाज की सेवा के लिए होती है। इस दौरान बिहार सरकार के मंत्री अरुण शंकर प्रसाद ने कहा कि 24 सेवा प्रकल्प चल रहे हैं। विश्व हिंदू परिषद के पूर्व राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. आरएन सिंह द्वारा कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण महान कार्य है। अपने संबोधन के अंत में प्रो. नंदन ने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि सेवा की यह भावना हमेशा बनी रहनी चाहिए। व्यक्ति से परिवार, परिवार से समाज और समाज से एक मजबूत देश का निर्माण होता है।

# नीतीश कुमार ने की संजय झा, विजेंद्र यादव संग बैठक, अनंत सिंह पर करेंगे कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना स्नातक सीट के एमएलसी चुनाव ने जदयू के भीतर चल रहे मतभेद को अब पार्टी नेतृत्व के दरवाजे तक पहुंचा दिया है। मोकामा से जदयू विधायक अनंत सिंह के लगातार पार्टी लाइन से अलग खड़े होने और अपनी ही पार्टी के उम्मीदवार नीरज कुमार के खिलाफ सक्रिय होने को लेकर गुरुवार को पूर्व मुख्यमंत्री एवं जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के 7 सर्कुलर रोड स्थित आवास पर करीब तीन घंटे तक बैठक चली। बैठक में जदयू के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय झा और उपमुख्यमंत्री विजेंद्र यादव मौजूद रहे। बैठक खत्म होने के बाद दोनों नेता आवास से बाहर निकले, लेकिन मीडिया के सवालों का जवाब नहीं दिया। बैठक में क्या चर्चा हुई और अनंत सिंह के मामले में पार्टी नेतृत्व ने क्या फैसला लिया, इसे लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। 8 एमएलसी सीटों पर हो रहे चुनाव को लेकर जदयू में सबसे बड़ी खींचतान पटना सीट पर बनी हुई है। विवाद की जड़ पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र का विधान परिषद चुनाव है। जदयू ने इस सीट से अपने मौजूदा एमएलसी, मुख्य प्रवक्ता और पूर्व मंत्री नीरज कुमार को उम्मीदवार बनाया है। दूसरी ओर जन सुराज ने अनुज सिंह को मैदान में उतारा है। अनंत सिंह ने जदयू के आधिकारिक प्रत्याशी के बजाय अनुज सिंह के समर्थन का ऐलान किया है। इतना ही नहीं वह अनुज सिंह के नामांकन के दौरान भी मौजूद रहे और चुनावी मैदान में उनके पक्ष में सक्रिय होने की बात कह चुके हैं। यानी जिस चुनाव में जदयू अपने उम्मीदवार को जिताने के लिए संगठन को सक्रिय कर रहा है, उसी चुनाव में पार्टी का एक मौजूदा विधायक खुले तौर पर उसके प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार के साथ खड़ा दिखाई दे रहा है।

# भारतीय स्टेट बैंक पटना मंडल ने किया पर्यटन घाट पर स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान और राष्ट्रव्यापी पहल 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' के हिस्से के रूप में, एसबीआई पटना मंडल ने 1 अक्टूबर 2026 को पर्यटन घाट पटना में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया। भारतीय स्टेट बैंक, पटना मंडल के योगेन्द्र शेलके (महाप्रबंधक,दक्षिण बिहार), विजय कुमार सामल (महाप्रबंधक, उत्तर बिहार) एवं बेणुधर पाढ़ी (महाप्रबंधक, झारखंड) की अगुवाई में सफाई अभियान में स्टाफ सदस्यों की सक्रिय भागीदारी देखी गई। भारतीय स्टेट बैंक के लगभग 75 स्टाफ सदस्यों ने मिलकर पटना के दीघा स्थित पर्यटन घाट की सफाई की। वे सभी स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए श्रमदान के लिए पर्यटन घाट पर उपस्थित हुए। इस अभियान के दौरान स्टाफ सदस्यों ने घाट परिसर की सफाई की एवं कचरा व गंदगी इकट्ठा किया जिससे एक साफ-सुथरी और स्वच्छ सार्वजनिक जगह बनाने में मदद मिली। इस पहल में कचरे के जिम्मेदार निपटान और सार्वजनिक जगहों को साफ रखने में समुदाय की सक्रिय भागीदारी के महत्व पर भी जोर दिया गया। इस गतिविधि में 'एक दिन, एक घंटा, एक साथ' की भावना झलकती है जो इस संदेश को मजबूत करती है कि स्वच्छता एक सामूहिक जिम्मेदारी है और सक्रिय भागीदारी व जन-भागीदारी से ही सार्थक बदलाव लाया जा सकता है।

# इएसआइसी, क्षेत्रीय कार्यालय में राजभाषा पखवारा का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** ईएसआईसी के क्षेत्रीय कार्यालय में राजभाषा पखवारा-2026 के समापन अवसर पर समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह का गरिमामय आयोजन किया गया। समारोह का उद्देश्य कार्यालयीन कार्यों में राजभाषा हिंदी के प्रभावी प्रयोग को बढ़ावा देना तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी के प्रयोग के लिए प्रोत्साहित करना रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगीत के सामूहिक गायन से हुआ। इसके पश्चात मंचासीन मुख्य अतिथि, क्षेत्रीय निदेशक एवं अन्य अधिकारीगण द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह का औपचारिक शुभारंभ किया गया। अतिथियों एवं अधिकारियों का शॉल, स्मृति-चिह्न एवं पौधा प्रदान कर स्वागत किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि राजीव रंजन शुक्ला, क्षेत्रीय निदेशक, केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र ने अपने संबोधन में राजभाषा हिंदी के महत्व पर प्रकाश डाला।

# नए केवाइपी प्रारूप पर उठे सवाल, प्रशिक्षण क्षमता घटने और मल्टीपल सेंटर नीति पर डॉ. आनंद रंजन झा ने मांगी स्पष्टता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना/वैशाली।** बिहार सरकार द्वारा कुशल युवा कार्यक्रम को नए 'डिजिटल मित्र' प्रारूप में जारी रखने के निर्णय से प्रशिक्षण केंद्र संचालकों में उम्मीद जगी है। हालांकि, नए प्रारूप के व्यावहारिक क्रियान्वयन को लेकर कई सवाल भी सामने आने लगे हैं। सरकारी घोषणा के अनुसार सप्तम निश्चय-2 की अवधि के अंत में कार्यरत 871 केवाईपी संचालकों को नामांकन के आधार पर तथा बिहार स्किल डेवलपमेंट मिशन द्वारा निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार कार्यक्रम संचालित करने की अनुमति दी जाएगी। नए कार्यक्रम के तहत हर वर्ष 2,57,440 युवाओं को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है। केवाईपी वेलफेयर सोसाइटी, वैशाली के अध्यक्ष डॉ. आनंद रंजन झा ने संबंधित विभाग में जाकर कार्यक्रम की वर्तमान स्थिति एवं नई व्यवस्था से जुड़ी जानकारी लेने के बाद कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर लिखित एवं स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी करने की मांग की है। डॉ. झा के अनुसार विभागीय स्तर पर हुई चर्चाओं से यह संकेत मिला है कि जिन संचालकों के पास एक से अधिक केवाईपी केंद्र हैं, उनके केंद्रों के आवंटन को लेकर चरणबद्ध व्यवस्था लागू की जा सकती है।

# संपादकीय

## जटिल संघर्षों से उपजी वैश्विक अस्थिरता

राष्ट्रों की सुरक्षा संबंधी चिंताएं, ऐतिहासिक विवाद और क्षेत्रीय शक्ति-संतुलन भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। मगर यह भी उतना ही सच है कि युद्ध जितना लंबा खिंचता है, उसके आर्थिक दुष्परिणाम भी उतने ही व्यापक होते जाते हैं।रूस वह देश है, जहां लियो टाल्स्टाय ने 'युद्ध और शांति' की रचना के जरिए मनुष्य की हिंसक प्रवृत्ति और शांति की आकांक्षा को उजागर किया था। आज उसी धरती पर युद्ध जैसे समाप्त होने का नाम ही नहीं ले रहा है। यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध चौथे वर्ष से आगे निकल चुका है और मध्य-पूर्व में अमेरिका तथा ईरान के बीच महीनों से जारी संघर्ष ने वैश्विक अस्थिरता को और गहरा कर दिया है।सवाल केवल यह नहीं कि युद्ध कब खत्म होंगे, बल्कि यह है कि आधुनिक दुनिया में शांति की राह लगातार इतनी कठिन क्यों होती जा रही है। सितंबर में रूस के संसदीय चुनाव के अंतिम दिन यूक्रेन ने वहां बड़े पैमाने पर ड्रोन हमले किए। रूस का दावा है कि इस दौरान डेढ़ हजार से अधिक ड्रोन मार गिराए गए। हमलों में कुछ लोगों की मौत हुई और एक प्रमुख तेल प्रतिष्ठान को भी नुकसान पहुंचा।यह हमला ऐसे समय हुआ, जब रूस में 18 से 20 सितंबर तक स्टेट ड्यूमा के चुनाव हो रहे थे। रूस की सत्तारूढ़ यूनाइटेड रशिया पार्टी ने चुनाव में स्पष्ट बहुमत हासिल किया और 450 सदस्यीय ड्यूमा में 355 सीटें जीतने का एलान किया। इन चुनावों को क्रेमलिन ने युद्ध के बीच अपने शासन और नीतियों के लिए समर्थन के संकेत के रूप में प्रस्तुत किया, जबकि आलोचकों और कुछ पर्यवेक्षकों ने चुनावी प्रक्रिया पर सवाल उठाए। यहां चुनाव और युद्ध का यह संयोग एक असहज प्रश्न खड़ा करता है कि क्या लंबे समय से चल रहे युद्धों में राजनीति और सैन्य रणनीति एक-दूसरे से इतनी गहराई से जुड़ जाती हैं कि शांति की संभावना लगातार पीछे खिसकती जाती है? इसका उत्तर किसी एक देश या नेता के व्यवहार में नहीं, बल्कि उस अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में तलाशना होगा, जहां सुरक्षा, सत्ता, संसाधन और रणनीतिक हित एक-दूसरे में उलझ चुके हैं। मध्य-पूर्व की स्थिति इस जटिलता को और बढ़ाती है।अमेरिका और ईरान के बीच लंबे संघर्ष ने होर्मुज जलमार्ग को वैश्विक चिंता का केंद्र बना दिया है। यह दुनिया के महत्त्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है। इसके आसपास तनाव बढ़ने का असर केवल युद्धरत पक्षों पर ही नहीं पड़ता, बल्कि तेल, गैस, जहाजरानी, बीमा और आपूर्ति-व्यवस्था के जरिए उसका प्रभाव दूर-दूर तक पहुंचता है। अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्थों के जरिए बातचीत भी हुई, लेकिन युद्ध समाप्त करने और होर्मुज से आवागमन सामान्य बनाने पर अभी पूर्ण सहमति नहीं बन सकी है। युद्धों की आधुनिक त्रासदी यह है कि उनके लक्ष्य अक्सर सीमाओं से आगे निकल जाते हैं।

---

**पाकिस्तान के सामने सबसे बड़ा प्रश्न आतंकवाद को लेकर उसकी नीति का है। भारत लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि पाकिस्तान की धरती से या उसके संरक्षण में सक्रिय आतंकी नेटवर्क भारत की सुरक्षा के लिए चुनौती पैदा करते हैं। जयशंकर ने इसी संदर्भ में कहा कि आतंकवाद और मित्रता साथ-साथ नहीं चल सकते और आतंकवाद के कर्ता को अपना रास्ता बदलना होगा। दूसरी ओर पाकिस्तान भारत पर भी आतंकवाद को समर्थन देने के आरोप लगाता है और अपने यहां होने वाली हिंसक घटनाओं के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराता है।**

# पाकिस्तान के बेतूके सवालः भारत के सटीक जबाव

(ललित गर्ग )

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 26 सितंबर को महासभा में सटीक, तीक्ष्ण एवं प्रभावी वक्तव्य में पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि एक 'सीरियल प्रैक्टिशनर ऑफ टेररिज्म' ने एक दिन पहले तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया और आतंकवाद को सामान्य बनाने तथा उसके परिणामों से बचने का प्रयास किया, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

संयुक्त राष्ट्र महासभा के 81वें अधिवेशन में भारत और पाकिस्तान के बीच एक बार फिर वही पुराने सवाल सामने आए, जिनका समाधान दक्षिण एशिया की शांति और स्थिरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार 81वां अधिवेशन 8 सितंबर 2026 से शुरू हुआ और इसकी सामान्य बहस 22 से 26 सितंबर के बीच हुई। इस वर्ष की बहस का घोषित केंद्रीय विषय था- विश्वास बहाल करना, परिवर्तन का प्रबंधन करना और ऐसी संयुक्त राष्ट्र व्यवस्था बनाना जो सभी के लिए प्रभावी हो। ऐसे समय में जब दुनिया युद्धों, आतंकवाद, आर्थिक असमानता, ऊर्जा संकट और भू-राजनीतिक तनाव से जूझ रही है, यह सवाल और महत्वपूर्ण हो जाता है कि दक्षिण एशिया कब पुराने विवादों के चक्र से बाहर निकलेगा।

भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने 26 सितंबर को महासभा में सटीक, तीक्ष्ण एवं प्रभावी वक्तव्य में पाकिस्तान का नाम लिए बिना कहा कि एक 'सीरियल प्रैक्टिशनर ऑफ टेररिज्म' ने एक दिन पहले तथ्यों को गलत ढंग से प्रस्तुत किया और आतंकवाद को सामान्य बनाने तथा उसके परिणामों से बचने का प्रयास किया, जिसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। उन्होंने यह भी कहा कि भारत आतंकवाद के विरुद्ध आत्मरक्षा के अपने अधिकार का प्रयोग करेगा और आतंकवाद को प्रायोजित करने वाली सरकारों को जवाबदेह बनाया जाना चाहिए। उन्होंने आतंकवाद के वित्तीय स्रोतों को उजागर करने और उन पर कार्रवाई की आवश्यकता भी रेखांकित किया। इसके एक दिन पहले पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने संबोधन में कश्मीर का मुद्दा उठाया और भारत द्वारा सिंधु जल संधि को रोकने के निर्णय की आलोचना की। पाकिस्तान ने इसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपने दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया, जबकि भारत की ओर से पाकिस्तान के सीमा-पार आतंकवाद संबंधी रुख पर सवाल उठाए गए। पाकिस्तान की प्रतिनिधि ने भी भारत पर आतंकवाद और कश्मीर को लेकर गंभीर आरोप लगाए। इस प्रकार संयुक्त राष्ट्र का मंच एक बार फिर दोनों देशों के पारस्परिक आरोप-प्रत्यारोप का साक्षी बना। लेकिन असली प्रश्न यह है कि इन आरोपों के बाद भी समाधान की दिशा में कितना रास्ता तय हुआ?

पाकिस्तान के सामने सबसे बड़ा प्रश्न आतंकवाद को लेकर उसकी नीति का है। भारत लगातार यह आरोप लगाता रहा है कि पाकिस्तान की धरती से या उसके संरक्षण में सक्रिय



आतंकी नेटवर्क भारत की सुरक्षा के लिए चुनौती पैदा करते हैं। जयशंकर ने इसी संदर्भ में कहा कि आतंकवाद और मित्रता साथ-साथ नहीं चल सकते और आतंकवाद के कर्ता को अपना रास्ता बदलना होगा। दूसरी ओर पाकिस्तान भारत पर भी आतंकवाद को समर्थन देने के आरोप लगाता है और अपने यहां होने वाली हिंसक घटनाओं के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराता है। इन परस्पर आरोपों की सच्चाई और प्रमाण अलग-अलग मामलों में जांच का विषय हो सकते हैं, लेकिन इतना निर्विवाद है कि पाक आतंकवाद को पोषित कर भारत की शांति का भंग करता रहा है, इन आतंकी घटनाओं ने दोनों देशों की जनता को भारी मानवीय, आर्थिक और सामाजिक कीमत चुकाने पर मजबूर किया है। तो फिर सवाल उठता है-पाकिस्तान आखिर कब यह स्वीकार करेगा कि आतंकवाद किसी भी राष्ट्र की स्थायी विदेश नीति नहीं बन सकता? आतंकवाद यदि किसी देश के लिए रणनीतिक साधन बनता है तो अंततः वही साधन उस देश की आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता के लिए भी समस्या बन सकता है। पाकिस्तान स्वयं लंबे समय से आतंकवादी हिंसा से जूझ रहा है। ऐसे में उसके सामने यह ऐतिहासिक अवसर है कि वह आतंकवाद के प्रश्न को केवल भारत-विरोधी दृष्टिकोण से न देखकर अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा और भविष्य के संदर्भ में भी देखे। आतंकवाद के विरुद्ध कार्रवाई केवल किसी दूसरे देश की मांग पूरी करने के लिए नहीं, बल्कि पाकिस्तान के अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए भी आवश्यक है।

दूसरा प्रश्न कश्मीर का है। पाकिस्तान ने इस बार भी संयुक्त राष्ट्र महासभा में कश्मीर का मुद्दा उठाया। लेकिन लगभग आठ दशक से चली आ रही इस बहस ने यह साबित कर दिया है कि केवल अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बयान देने से समस्या का समाधान नहीं होता। कश्मीर के नाम पर भारत और पाकिस्तान के बीच अविश्वास बढ़ता है, सुरक्षा तनाव पैदा होता है और दोनों देशों की विकास प्राथमिकताएं प्रभावित होती हैं। यदि पाकिस्तान वास्तव में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता चाहता है, तो उसे यह विचार करना होगा कि कश्मीर को अपनी विदेश नीति के स्थायी केंद्र में रखकर वह अपने नागरिकों के भविष्य के लिए क्या हासिल कर रहा है। हर अंतरराष्ट्रीय मंच पर कश्मीर का उल्लेख करना और घरेलू समस्याओं को पीछे छोड़ देना किसी भी देश के लिए दीर्घकालिक समाधान नहीं हो सकता। तीसरा और शायद सबसे गंभीर प्रश्न पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और वहां के आम नागरिक की जिंदगी का है। महंगाई, रोजगार, ऊर्जा, शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा जैसे मुद्दे किसी भी सरकार के लिए मूलभूत जिम्मेदारियां हैं। विदेश नीति तभी सार्थक होती है जब उसका अंतिम उद्देश्य देश के नागरिकों के जीवन को सुरक्षित, समृद्ध और सम्मानजनक बनाना हो। पाकिस्तान के लिए यह समय इस बात पर गंभीरता से विचार करने का है कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत के खिलाफ राजनीतिक और कूटनीतिक अभियान चलाने की तुलना में उसकी जनता की आर्थिक आवश्यकताओं, संस्थागत स्थिरता और मानव विकास पर अधिक ऊर्जा लगाना कितना आवश्यक है।

यह भी उतना ही महत्वपूर्ण है कि भारत-पाक संबंधों को केवल आरोप-प्रत्यारोप के चश्मे से न देखा जाए। भारत की अपनी सुरक्षा चिंताएं वास्तविक हैं और किसी भी सरकार की पहली जिम्मेदारी अपने नागरिकों की सुरक्षा करना है। जयशंकर ने भी संयुक्त राष्ट्र में भारत के आत्मरक्षा के अधिकार और आतंकवाद के विरुद्ध शून्य-सहिष्णुता की बात कही। लेकिन इसी के साथ क्षेत्रीय शांति के लिए यह भी आवश्यक है कि आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ता और संवाद की संभावनाओं के बीच संतुलन खोजा जाए। संवाद तभी सार्थक हो सकता है जब हिंसा और आतंकवाद के प्रश्न पर स्पष्टता हो। पाकिस्तान को यह भी समझना होगा कि दुनिया आज केवल बयान नहीं सुनती, बल्कि नीतियों और व्यवहार को भी देखती है। संयुक्त राष्ट्र महासभा का मूल उद्देश्य ही बहुपक्षीय संवाद, शांति और सहयोग के लिए मंच उपलब्ध कराना है। यदि इस मंच का इस्तेमाल एक-दूसरे के विरुद्ध आरोपों को दोहराने में ही होता रहे, तो दोनों देशों के नागरिकों को उससे क्या हासिल होगा? भारत और पाकिस्तान दोनों परमाणु शक्ति संपन्न पड़ोसी हैं। इसलिए इनके बीच तनाव केवल द्विपक्षीय समस्या नहीं रहता, उसका प्रभाव पूरे दक्षिण एशिया की सुरक्षा और वैश्विक स्थिरता पर पड़ सकता है।

आज पाकिस्तान के सामने सबसे बड़ा आत्ममंथन यही होना चाहिए कि वह अपने भविष्य को किस आधार पर निर्मित करना चाहता है-पुराने विवादों, कश्मीर-केंद्रित राजनीति और आतंकवाद के आरोपों के आधार पर या आर्थिक विकास, शिक्षा, रोजगार, संस्थागत मजबूती और क्षेत्रीय सहयोग के आधार पर? भारत के सामने भी चुनौती यही है कि सुरक्षा से समझौता किए बिना दक्षिण एशिया में स्थायी शांति की संभावनाओं को खुला रखा जाए। पाकिस्तान कब बदलेगा, इसका उत्तर कोई दूसरा देश नहीं दे सकता। परिवर्तन अंततः पाकिस्तान की अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति, संस्थागत निर्णयों और नीति-निर्माताओं पर निर्भर करेगा। लेकिन दिशा स्पष्ट है-आतंकवाद को किसी भी रूप में राजनीतिक साधन न बनने देना, अपनी जनता की आर्थिक जरूरतों को प्राथमिकता देना, कश्मीर के नाम पर लगातार टकराव की नीति से आगे बढ़ना और पड़ोसियों के साथ संबंधों को हिंसा के बजाय विश्वास तथा पारस्परिक सम्मान के आधार पर विकसित करना। यदि पाकिस्तान यह रास्ता चुनता है तो उसका लाभ केवल भारत को नहीं, स्वयं पाकिस्तान के नागरिकों और पूरे दक्षिण एशिया को मिलेगा। और यदि वह पुराने रास्ते पर ही चलता रहा, तो सबसे बड़ा प्रश्न दुनिया से अधिक उसके अपने नागरिकों के सामने खड़ा होगा-आखिर कब तक अतीत की राजनीति भविष्य की पीढ़ियों का वर्तमान तय करती रहेगी? (लेखक, पत्रकार, स्तंभकार है)।

---

# राम और शिव के बारे में रेवंत रेड्डी की टिप्पणियां हिंदू धर्म के प्रति उनकी घोर अज्ञानता को प्रदर्शित कर रही हैं

(नीरज कुमार दुबे )

भारतीय राजनीति में धर्म को चुनावी हथियार बनाने की प्रवृत्ति कोई नई बात नहीं है। लेकिन जब राजनीति सीधे भगवानों के बीच भी वर्ग, क्षेत्र और विचारधारा की दीवार खड़ी करने लगे, तब सवाल सिर्फ किसी एक पार्टी या नेता का नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन में आस्था की मर्यादा का बन जाता है।

भारतीय राजनीति में भगवानों के नाम पर सियासत कोई नई बात नहीं, लेकिन सवाल तब खड़ा होता है जब सत्ता की राजनीति में भगवानों को भी जाति, वर्ग और क्षेत्र के खांचों में बांटने की कोशिश होने लगे। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के ताजा बयान ने यही सवाल देश के सामने ला खड़ा किया है कि क्या अब भगवान राम और भगवान शिव को भी राजनीति के अलग-अलग खेमों में खड़ा किया जाएगा? क्या राम को अमीरों का और शिव को गरीबों का भगवान बताकर आस्था को भी वोटबैंक की राजनीति में बांटने की कोशिश होगी? सबसे बड़ा सवाल यह भी है कि एक मुख्यमंत्री के मुंह से निकले ऐसे शब्द देश की धार्मिक और सामाजिक एकता को कहां ले जाएंगे?

हम आपको बता दें कि एक कार्यक्रम में भाजपा पर निशाना साधते हुए तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने कहा कि शिव गरीबों के भगवान हैं, जबकि राम अमीरों के भगवान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने भगवान राम को चुरा लिया है और उत्तर भारत में चुनावी सफलता के लिए राम की भावना और आस्था का राजनीतिक इस्तेमाल किया। रेड्डी ने अपने तर्क को उत्तर-दक्षिण और द्रविड़-आर्य पहचान से भी जोड़ा। उनका कहना था कि हम द्रविड़ हैं और उत्तर भारत के लोग आर्य हैं। हम शिव के भक्त हैं और वे राम के भक्त हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा नेता मंचों से हर हर महादेव क्यों नहीं कहते और केवल जय श्रीराम का उद्घोष क्यों सुनाई देता है? रेड्डी ने कहा कि जब दक्षिण भारत में हर हर महादेव बोला जाता है तो भाजपा को यह पसंद नहीं आता।

यहीं से विवाद ने राजनीतिक रूप ले लिया। केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता बंडी संजय कुमार ने रेड्डी पर भगवान राम और भगवान शिव के बीच राजनीतिक विभाजन खड़ा करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री को यह नहीं भूलना चाहिए कि उसी तेलंगाना में वेमुलवाड़ा को दक्षिण काशी और भद्राचलम को दक्षिण अयोध्या कहा जाता है। ऐसे में राम और शिव को उत्तर और दक्षिण की सीमाओं में बांटना उचित नहीं है। बंडी संजय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वाराणसी और काशी विश्वनाथ से जुड़ाव का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के बाद नरेंद्र मोदी पहले प्रधानमंत्री हैं जिन्होंने वेमुलवाड़ा स्थित श्री राजराजेश्वर स्वामी मंदिर का दौरा किया।

देखा जाये तो भारतीय राजनीति में धर्म को चुनावी हथियार बनाने की प्रवृत्ति कोई नई बात नहीं है। लेकिन जब राजनीति सीधे भगवानों के बीच भी वर्ग, क्षेत्र और विचारधारा की दीवार खड़ी करने लगे, तब सवाल सिर्फ किसी एक पार्टी या नेता का नहीं, बल्कि सार्वजनिक जीवन में आस्था की मर्यादा का बन जाता है। तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का ताजा बयान इसी वजह से गंभीर राजनीतिक बहस का विषय बन गया है। सवाल उठ रहा है कि भगवान राम और भगवान शिव को राजनीति के दो अलग-अलग खेमों में खड़ा करने की जरूरत आखिर क्यों पड़ी? क्या किसी भी राजनीतिक दल के लिए यह उचित है कि करोड़ों लोगों की साझा आस्था को अमीर बनाम गरीब या उत्तर बनाम दक्षिण की राजनीतिक श्रेणियों में बांट दिया जाए?

वैसे रेवंत रेड्डी का यह पहला विवादित बयान नहीं है। दिसंबर 2025 में उन्होंने हिंदू देवी-देवताओं की संख्या और अलग-अलग पूजा परंपराओं को लेकर भी ऐसी टिप्पणियां की थीं, जिन पर भाजपा और अन्य विपक्षी दलों ने हिंदू आस्था का मजाक उड़ाने का आरोप लगाया था। यही वजह है कि अब यह सवाल और तेज हो रहा है कि रेवंत रेड्डी के राजनीतिक भाषणों में हिंदू आस्था ही बार-बार निशाने पर क्यों दिखाई देती है? यहां हम यह स्पष्ट करना चाहते हैं कि यह सवाल उठाना किसी दूसरे धर्म के प्रति पूर्वाग्रह नहीं है; बल्कि उद्देश्य यह पूछना है कि सत्ता और राजनीति में धार्मिक आस्थाओं के साथ समान मर्यादा क्यों नहीं होनी चाहिए?

साथ ही यहां सवाल यह भी उठता है कि धर्म और भगवान पर टिप्पणी कर रहे मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी को हिंदू धर्म के बारे में कितना ज्ञान है? राम को अमीरों का भगवान बता रहे रेड्डी को शायद यह पता नहीं कि भगवान राम का शबरी के आश्रम में जाना और उनकी भक्ति स्वीकार करना, निषादराज गुह के साथ उनका आत्मीय संबंध तथा वनवासी समाज के लोगों के साथ उनका लगाव इस बात के उदाहरण हैं कि राम के लिए भक्त की सामाजिक या आर्थिक स्थिति जरा भी महत्व नहीं रखती।

---

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ी मिलावटखोरी रोकने की व्यवस्था

**सरकारी आंकड़ों के अनुसार, साल 2020 से हर साल करीब एक लाख से अधिक खाद्य नमूनों की जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने पर करीब आठ हजार से ज्यादा खाद्य व्यावसायिक लाइसेंस रद्द भी किए गए हैं। लेकिन देश में इस पर प्रभावी नियंत्रण नहीं लगाया जा सका है। रोक ना लग पाने के पीछे मोटे तौर पर तीन कारण नजर आते हैं। पहला है, मुनाफाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति, दूसरा नैतिकता का क्षरण और तीसरा कारण निश्चित तौर पर प्रशासनिक विफलता और भ्रष्टाचार है।**

(उमेश चतुर्वेदी )

महाराष्ट्र की घटनाएं इसलिए सामने आ रही हैं, क्योंकि वहां तेज-तर्रार अधिकारी खाद्य प्रशासन को मिला है। दूसरे इलाकों में ऐसी कार्रवाई नजर नहीं आती। इसका मतलब यह नहीं है कि भारत में मिलावटखोरी बंद हो गई है। इससे शायद ही किसी को इनकार हो कि शुद्ध खाना और दवा प्राप्त करना हर व्यक्ति का अधिकार है। बिडंबना ही कहेंगे कि जिस मिलावटखोरी से हर साल देश में करीब दो लाख लोग मौत की भेंट चढ़ जाते हैं, फिर भी हमारी कानूनी तंत्र इस पर प्रभावी रोक लगाने में नाकाम रहा है। वैसे तो हर साल त्योहारी सीजन के साथ ही मिलावटखोरी की चर्चा तेज हो जाती है। लेकिन इन दिनों इस चर्चा की वजह महाराष्ट्र के तेजतर्रार आईएएस अधिकारी तुकाराम मुंढे की कार्रवाई है। मुंढे ने जब से महाराष्ट्र खाद्य एवं औषधि प्रशासन यानी एफडीए के आयुक्त का पद संभाला है, मिलावटखोरों की शामत आ गई है। उन्होंने खाद्य कानूनों और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ अभियान छेड़ दिया है। महाराष्ट्र एफडीए की टीमों ने शुरुआती 100 दिनों में ही 904 से ज्यादा छापे मारकर 450 से अधिक मिलावटखोरों को गिरफ्तार किया और करोड़ों के मिलावटी खाद्य पदार्थ जब्त किए। इस कार्रवाई से महाराष्ट्र में डिटर्जेंट और रसायनों से बने नकली दूध और ताड़ के तेल से बनने वाले 'एनालॉग पनीर' का रैकेट ध्वस्त हो गया है। नियमों और स्वच्छता मानकों की अनदेखी करने वाले कई नामी फूड चेन्स, बड़े रेस्तराओं आदि के लाइसेंस तक निलंबित या रद्द किए जा चुके हैं। महाराष्ट्र की घटनाएं इसलिए सामने आ रही हैं, क्योंकि वहां तेज-तर्रार अधिकारी खाद्य प्रशासन को मिला है। दूसरे इलाकों में ऐसी कार्रवाई नजर नहीं आती। इसका मतलब यह नहीं है कि भारत में मिलावटखोरी बंद हो गई है। इससे शायद ही किसी को इनकार हो कि शुद्ध खाना और दवा



प्राप्त करना हर व्यक्ति का अधिकार है। ब्रिटेन और अमेरिका में ध्यान रखा जाता है कि उपभोक्ताओं तक वही सामान पहुंचे, जो शुद्ध है। ऐसी व्यवस्था भारत में भी की गई है। 2006 में संसद से पारित खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के तहत भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण यानी एफएसएसएआई का गठन किया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के तहत कार्यरत इस संस्था का दायित्व खाद्य पदार्थों के मानकों पर निगाह रखना और उन्हें तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई करना है। राज्यों की पुलिस, प्रशासन और आपूर्ति अधिकारियों को भी अधिकार है कि वे मिलावटखोरी रोकें। त्योहारी सीजन में ये संस्थाएं कार्रवाइयां करती भी हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, साल 2020 से हर साल करीब एक लाख से अधिक खाद्य नमूनों की जांच की जा रही है। नियमों का उल्लंघन करने पर करीब आठ हजार से ज्यादा खाद्य व्यावसायिक लाइसेंस रद्द भी किए गए हैं। लेकिन देश में इस पर प्रभावी नियंत्रण नहीं लगाया जा सका है। रोक ना लग पाने के पीछे मोटे तौर पर तीन कारण नजर आते हैं। पहला है, मुनाफाखोरी की बढ़ती प्रवृत्ति, दूसरा नैतिकता का क्षरण और तीसरा कारण निश्चित तौर पर प्रशासनिक विफलता और भ्रष्टाचार है। विनोबा भावे ने करीब आठ दशक पहले लिखे अपने निबंध 'नवयुवकों से दो बातें' में कहा है कि देश में सुराख ही सुराख हैं। उन्होंने राष्ट्ररूपी घड़े में बने इन सुराखों को सदाचार से भरने की अपील की है। कुछ उसी तरह व्यवस्था में अब भी सुराख हैं। हमारे तंत्र के बड़े हिस्से से सदाचार और कर्तव्यपराणयता गायब है। वह राष्ट्र निर्माण के भाव से दूर है। इस वजह से वक्त पर कार्रवाई नहीं होती। कई बार तंत्र को जानकारी होती है कि फलां कारोबारी आटे में पत्थर का सफेद बुरादा मिला रहा है, चावलों में प्लास्टिक के दाने फेंट रहा है, दवाओं के सैंपल में गड़बड़ी कर रहा है, नकली मावे की मिठाई बेच रहा है, जाली शराब बिक रही है। वक्त पर इन गड़बड़ियों की जानकारी होने के बावजूद मुनाफाखोर से मिलने वाली चंद रकम के एवज में वह चुप रह जाता है। भले ही नकली दूध पीने से नागरिक बीमार हो रहा हो या नकली शराब से निर्दोष जान जा रही हो। नैतिकता का क्षरण भी मिलावटखोरी के लिए जिम्मेदार है। नैतिकता की कमी मुनाफाखोर कारोबारी और उत्पादक के साथ तंत्र में भी पैठी हुई है। सत्ता संभालते वक्त प्रधानमंत्री मोदी ने तंत्र को चेताया था कि सब चलता है-वाली मानसिकता की अब गुंजाइश नहीं रही। शुरू में इससे ग्रस्त लोगों में भय दिखा, लेकिन अब तंत्र का बड़ा हिस्सा उसी पुराने ढर्रे पर चलता दिखता है, इसलिए मुनाफाखोरों और मिलावटखोरों का डर कम हो चला है। स्वास्थ्य संविधान के समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए इस मामले में केंद्र के साथ राज्य सरकारों को भी कार्रवाई का अधिकार है। ऐसे में तंत्र को प्रभावी और जवाबदेह बनाने के लिए केंद्र और राज्यों की सरकारों को जीरो टालरेंस की नीति अख्तियार करना जरूरी लगता है। तभी मुनाफाखोर, मिलावटखोर और लापरवाह प्रशासनिक तंत्र के पेंच कसे जा सकते हैं। पड़ोसी देश चीन का मिलावटखोरी रोकने वाला 'फूड सेफ्टी लॉ' दुनिया के सबसे कठोर कानूनों में से एक है। जिसके तहत जानबूझकर खाद्य पदार्थों में खतरनाक मिलावट करने वालों को मृत्युदंड देने का प्रावधान है। चीन में साल 2008 में दूध में मेलामाइन रसायन मिलाने के चर्चित मामले के दोषियों को मौत की सजा दी गई थी। स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वाली मिलावटखोरों को इस कानून के तहत आजीवन कारावास के साथ ही भारी आर्थिक जुर्माने का भी प्रावधान है। चीन में खाद्य नियमों का उल्लंघन करने, घटिया या मानकरहित उत्पाद बेचने और सबूत नष्ट करने वाली कंपनियों और कारोबारियों पर वहां भारी-भरकम जुर्माना लगाया जाता है। साथ ही व्यवसाय का लाइसेंस रद्द भी किया जाता है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ श्रमदान कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** स्वच्छ भारत मिशनझ्रशहरी 2.0 के अंतर्गत नगर निगम कटिहार की ओर से स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत एक दिन, एक घंटा, एक साथ थीम पर श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के साथ-साथ आम नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं सहभागिता को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों, स्काउट गाइड के विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों ने एकजुट होकर श्रमदान किया। इस दौरान सड़क, सार्वजनिक स्थलों एवं आसपास के क्षेत्रों की साफ-सफाई की गई तथा लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूक किया गया। इस अवसर पर महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल ने कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या नगर निगम की जिम्मेदारी नहीं है। बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। सामूहिक प्रयासों से ही कटिहार शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं बेहतर बनाया जा सकता है। सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने स्वच्छता अभियान में आम लोगों की भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए स्वच्छ शहर के निर्माण में सभी से सहयोग की अपील की। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने भी स्वच्छता के प्रति जनभागीदारी और जागरूकता को आवश्यक बताते हुए कहा कि ऐसे सामूहिक अभियान लोगों में स्वच्छता के प्रति जिम्मेदारी की भावना को मजबूत करते हैं।नगर आयुक्त संतोष कुमार ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, कर्मचारियों, स्काउट गाइड के विद्यार्थियों एवं आम नागरिकों के सहयोग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नियमित स्वच्छता एवं नागरिक सहभागिता से शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम में महापौर श्रीमती उषा देवी अग्रवाल, सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद, जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी, अनुमंडल पदाधिकारी डॉ सूरज कुमार, नगर आयुक्त संतोष कुमार, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य नितेश कुमार सिंह, प्रमोद कुमार महतो,निगम पार्षद मुतुर्जा सहित अन्य पार्षदगण, स्काउट गाइड के छात्र- छात्रा विद्यार्थी, नगर निगम के पदाधिकारी अजय कुमार सिंह, राहुल कुमार ,नूर अली खान, कैलाश प्रसाद चौधरी एवं कर्मचारी परवेज सलीम, शाकिब, अभिषेक कुमार सिंह तथा आम नागरिक उपस्थित रहे।

## मक्का लदा ट्रैक्टर लूटकांड का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जिले के सालमारी थाना क्षेत्र में मक्का लदे ट्रैक्टर को हथियार के बल पर रोककर चालक को बंधक बनाने और ट्रैक्टर लेकर फरार होने के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान कदवा थाना क्षेत्र के कचोरा गांव निवासी इमाम हुसैन (28) पिता- मो. इस्लाम के रूप में हुई है। पुलिस ने एक विधि-विवादित किशोर को भी निरुद्ध किया है। पुलिस के अनुसार 19 मई 2026 को सिसिया डुमरिया निवासी अमरनाथ मंडल पिता-लघु मंडल ने पुलिस को लिखित आवेदन देकर घटना की जानकारी दी थी। अपने आवेदन में उन्होंने कहा था कि वह विकास कुमार साह के साथ झौवा गांव से 100 बोरा करीबन 50 क्विंटल मक्का ट्रैक्टर पर लादकर गुलाबबाग मंडी बेचने के लिए जा रहा था। इसी दौरान गोवरा गांव के समीप अपराधियों ने हथियार का भय दिखाकर ट्रैक्टर रोक लिया।

# पवई में सुनील दास तो संदलपुर में राजकपूर जमादार ने लहराया परचम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोढ़ा (कटिहार)।** पैक्स चुनाव में समयावधि पूर्ण होने के बाद प्रखंड की पवई और संदलपुर पंचायत में हुए अध्यक्ष पद के चुनाव के परिणाम ने दोनों पंचायतों की तस्वीर साफ कर दी। पवई में पूर्व चेयरमैन सुनील दास ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी प्रदीप पटेल को 132 मतों के अंतर से पराजित कर फिर से जीत दर्ज की, जबकि संदलपुर में राजकपूर जमादार ने पूर्व अध्यक्ष बिंदेश्वरी चौहान को 231 मतों के अंतर से शिकस्त देकर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। चुनाव परिणाम सामने आते ही समर्थकों में उत्साह का माहौल बन गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी राजकुमार पंडित ने दोनों निर्वाचित पैक्स अध्यक्षों को जीत का प्रमाणपत्र प्रदान किया। उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्षों को पैक्स क्षेत्र के किसानों एवं सदस्यों के हित में पारदर्शिता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने की सलाह दी। पवई पंचायत में चुनाव के दौरान मुकाबला खासा दिलचस्प रहा। चुनाव को लेकर पंचायत में कई दिनों से राजनीतिक सरगर्मी बनी हुई थी। सुनील दास को रोकने के लिए विभिन्न स्तरों पर रणनीति बनाए जाने की चर्चा रही, लेकिन मतदान के बाद परिणाम ने तमाम समीकरणों को पीछे छोड़ दिया। जमीनी स्तर पर मतदाताओं के साथ उनका व्यक्तिगत जुड़ाव और लंबे समय से क्षेत्र में सक्रियता उनके पक्ष में दिखाई दी। जीत के बाद सुनील दास ने इसे अपनी नहीं बल्कि आम मतदाताओं की जीत बताया। उन्होंने कहा कि मतदाताओं ने जिस भरोसे के साथ उन्हें जिम्मेदारी सौंपी है, उस पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। पैक्स सदस्यों और आम लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए वे हर समय उनके साथ खड़े रहेंगे। वहीं संदलपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष राजकपूर जमादार ने भी क्षेत्र के लोगों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि पैक्स से जुड़े किसानों और सदस्यों के हित को प्राथमिकता दी जाएगी। दोनों नवनिर्वाचित अध्यक्षों ने क्षेत्र के विकास और आमलोगों के सुख-दुख में सहभागी बने रहने का भरोसा दिलाया।





## संक्षिप्त समाचार

### जीमूतवाहन व्रत जितिया नहाय-खाय आज

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** महिलाओं के लिए खास व्रत जितिया शनिवार को रखा जायेगा।मिथिलादेशीय पंचांग के अनुसार इस वर्ष शुक्रवार को नहाय-खाय और प्रातः 04.30 बजे तक व्रती विशिष्ठ भोजन कर सकेंगी। प्रदोष कालीन व्रतपूजन की मान्यता के अनुसार सप्तमी संयुक्त अष्टमी शनिवार को जिमूतवाहन व्रत तथा प्रदोष काल में जिमूतवाहन का पूजन किया जाएगा। वहीं रविवार को सुबह 07.30 बजे के बाद व्रत का समापन हो जाएगा। संतान की दीर्घ आयु,स्वास्थ्य एवं सुख-समृद्धि को लेकर रखा जाने वाले इस व्रत की धर्म शास्त्रों में काफी महत्ता बताई गई है। खासकर बिहार में महिलायें निर्जला रहकर व्रत करती हैं। इस पर्व में नारियल,सेव,केला आदि फल,पकवान,दही और मिठाई से पूजन होता है।पर्व विशेष में खाजा की मांग बाजारों में बढ जाती है।वहीं पितर पक्ष होने के कारण महिलायें अपने पितरों के निमित्त भी फल,मिठाई,पकवान, दही आदि सजी डाली दान करती हैं।पर्व को लेकर ब्राह्मण भोजन, दान आदि का प्रचलन भी है।

### आंगन का मिलन के तहत पोषण माह में गोद भराई दिवस का हुआ आयोजन

**मनसाही/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** आंगनवाड़ी केंद्र संख्या 82 चामा टोला भेड़मारा, केंद्र संख्या 32 हरिप्रसाद पश्चिम टोला, केंद्र संख्या 68 बलवा टोला, केंद्र संख्या 28 भेड़मारा, केंद्र संख्या 34 बलवा पश्चिम टोला, केंद्र संख्या 78 अरमारा संथाली टोला में आंगन का मिलन के तहत पोषण माह में गोद भराई का आयोजन हुआ। इस मौके पर सेविका क्रमशः बीबी हसीना, मुमरेजा खातून, नूरनेगार खातून, सालेहा प्रवीण,इशरत जहां गुलाब मुर्मू ने बताया कि पोषण माह जारी हैं जो नौ अक्टूबर तक चलेगा। पोषण माह में प्रत्येक दिन पांच प्रकार के एक्टिविटी बच्चों के बीच कराया जाता हैं। गुरुवार को अभिभावक बच्चों का स्वागत,गोद भराई, खेलकूद, ईसीसी कार्यक्रम तथा पोषक की गर्भवती महिलाओं को सरकार के निदेर्शानुसार गोद भराई की गई। जिसमें गर्भवती महिला को चुनरी ओढ़ाकर, हाथों में चूड़ी, टिकली, बिंदी, सिंदूर, पांच प्रकार के फल दिए गए। इस अवसर पर सहायिका सावेरा खातून, अमनूर खातून, बीबी मेहरून निशा, लीला देवी, सरस्वती देवी आदि उपस्थित रहे।



### एनएच 31 सड़क हादसे में वृद्ध की मौत

**कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला के समेली प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग-31 पर बखरी हनुमान मंदिर मोड़ के समीप गुरुवार को सड़क पार कर रहे एक वृद्ध को अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घटना के बाद परिजनों एवं स्थानीय लोगों की मदद से घायल वृद्ध को आनन-फानन में समेली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। अस्पताल में डॉ. अभिनव प्रकाश ने जांच के बाद वृद्ध को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टर के अनुसार अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान प्रसादी मंडल (70) पिता स्व. कार्तिक मंडल, निवासी ग्राम विशुस्थान बखरी,वार्ड संख्या-11, पंचायत मलहरिया थाना पोठिया, प्रखंड समेली के रूप में हुई है।बताया जा रहा है कि प्रसादी मंडल बखरी से गेहूं पिसाने के लिए डूमर बाजार जा रहे थे। इसी दौरान एनएच-31 पार करते समय अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए।घटना की सूचना मिलते ही पोठिया थाना की पेट्रोलिंग टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस मृतक के परिजनों से घटना एवं मृतक से संबंधित जानकारी जुटा रही है। पुलिस द्वारा अज्ञात वाहन की पहचान के लिए भी आसपास की जानकारी एवं परिस्थितियों की जांच की जा रही है। मृतक के परिवार में चार पुत्र—अर्जुन मंडल, गुलचन मंडल, फुलचन मंडल एवं दिलखुश कुमार तथा तीन पुत्रियां—लाखों देवी, रेखा देवी एवं रिंकू देवी हैं।मौके पर पोठिया थानाध्यक्ष नवीन कुमार, एसआई चांदनी कुमारी, एसआई राम विलास यादव सहित बिहार पुलिस के जवान मौजूद रहे।



### 530 ग्राम स्मैक के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

**कोढा/कटिहार (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रौतारा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए टोल प्लाजा के पास से पांच आरोपियों को 530 ग्राम स्मैक और एक मोटरसाइकिल के साथ गिरफ्तार किया है। रौतारा थानाध्यक्ष मन्नू ओझा को सूचना मिली थी कि कुछ लोग स्मैक की बड़ी खेप लेकर इलाके से गुजरने वाले हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने टोल प्लाजा के पास निगरानी बढ़ाते हुए संदिग्धों को घेरकर कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार मौके से पांच लोगों को पकड़ा गया। इनमें मोहम्मद राजा, ग्राम गेराबाड़ी बस्ती वार्ड नंबर-4,थाना कोढ़ा; मोहम्मद छोटू, ग्राम गेराबाड़ी बस्ती, थाना कोढ़ा; मोहम्मद हाफिज, ग्राम गेराबाड़ी बस्ती, थाना कोढ़ा तथा दुल्लु शेख और अशेदा खातून, दोनों कालियाचक, मालदा पश्चिम बंगाल निवासी बताए गए हैं। पुलिस ने इनके कब्जे से कुल 530 ग्राम स्मैक और एक मोटरसाइकिल बरामद की है। जब्त मादक पदार्थ की कार्रवाई दंडाधिकारी की मौजूदगी में की गई। सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप मचा हुआ है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि बरामद स्मैक की खेप कहां से लाई गई थी और इसे कहां पहुंचाया जाना था।



# रेल प्रशासन के खिलाफ फुटपाथ दुकानदारों का एक दिवसीय धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** रेल प्रशासन की ओर से फुटपाथ दुकानदारों को वैकल्पिक व्यवस्था देने के आश्वासन दिया गया था कि हटा लो। एक वर्ष के अंदर वैकल्पिक व्यवस्था किया जाएगा। राजद निवर्तमान प्रदेश महासचिव समरेंद्र कुणाल के नेतृत्व में विगत जुलाई माह में डीआरएम से मिलकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया था। डीआरएम ने भरोसा दिया था कि बहुत जल्द बैंडिंग जोन बनाकर फुटपाथ दुकानदारों को दुकानें लगाने के लिए जगह दिया जाएगा। बावजूद अब तक इस दिशा में कोई कार्रवाई नहीं हुई।आज सब्र का बाँध टूट गया। सैकड़ों फुटपाथ दुकानदारों ने पूर्व शिक्षा राज्य मंत्री डॉ राम प्रकाश महतो, पूर्व विधायक सत्यनारायण प्रसाद एवं राजद के निवर्तमान प्रदेश महासचिव समरेंद्र कुणाल के नेतृत्व में बैठक कर आंदोलन की रणनीति बनाई है। नेताओं ने संयुक्त रूप से 2 अक्टूबर गाँधी दिवस के अवसर पर आंदोलन शुरू करने की घोषणा किया है। मॉडल स्टेशन बिल्डिंग परिसर में ही गांधीवादी तरीके से एक दिवसीय धरना पर सभी दुकानदार बैठेंगे। इस अवसर पर मंगेश पोद्दार, संतोष सिंह, बिनोद सिंह, अफरोज आलम, जियाउल हक , मो . हैदर किशन कुमार सिंह प्रीतम सिंह, असीम भौमिक ,मो. शम्सुद्दीन, अनिल पासवान, रामाशीष सिंह, छोटू राय, अर्जुन यादव, शंकर सहित सैकड़ों दुकानदार शामिल रहे।

## आज धूमधाम से मनाया जाएगा जिला स्थापना दिवस, कई कार्यक्रम होंगे आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कटिहार।** जिला का 53 वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर प्रशासनिक अधिकारियों, स्थानीय नागरिकों और कलाकारों की सहभागिता से कई आकर्षक कार्यक्रमों के आयोजन की रूपरेखा तैयार की गई है।शुक्रवार की सुबह 07:30 बजे समाहरणालय परिसर से अम्बेडकर चौक, हनुमान मंदिर मिरचाईबाड़ी होकर औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर तक प्रभात फेरी निकाली जाएगी। सुबह 08:00 बजे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के परिसर में पर्यायवरण संरक्षण का संदेश के साथ वृक्षारोपण किया जाएगा। इस दौरान आकर्षण का मुख्य केन्द्र सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा।जिसका आयोजन टाउन हॉल में शाम 05:30 बजे से किया जाएगा। सांस्कृतिक कार्यक्रम में पूर्वी क्षेत्रीय, उत्तर मध्य सांस्कृतिक क्षेत्र तथा विभिन्न क्षेत्रीय कलाकारों द्वारा गायन और नृत्य की प्रस्तुति दी जाएगी। वहीं पेंटिंग कार्यशाला में सम्मिलित हुए प्रतिभाशाली प्रतिभागियों को मंच से सम्मानित व पुरस्कृत भी किया जाएगा. जिला प्रशासन ने जिलावासियों से अपनी उपस्थिति दर्ज कराने की अपील की है।

# सभी मॉडल स्कूलों में आयोजित हुई शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कटिहार।** राज्य सरकार के निर्देश तथा जिला पदधिकारी के मार्गदर्शन में जिले में स्थापित सभी सरस्वती विद्या निकेतन मॉडल स्कूल में शिक्षक- अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नामित वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में आयोजित संगोष्ठी का उद्देश्य विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति, विद्यालयों में उपलब्ध सुविधाओं, शिक्षण व्यवस्था तथा विद्यार्थियों की आवश्यकताओं को लेकर अभिभावकों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं प्रशासन के बीच सार्थक संवाद स्थापित करना था। इस क्रम में वरीय पदाधिकारियों ने विद्यालयों की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, शिक्षण गतिविधि, उपलब्ध संसाधनों तथा अभिभावकों की सहभागिता का जायजा लिया।वहीं छात्र एवं अभिभावकों से शिक्षा विभाग के निदेर्शों के अनुरूप खेल कैलेंडर, एथलेटिक्स क्लब, माहवार परीक्षा कैलेंडर एवं मूल्यांकन आदि गतिविधियों के क्रियान्वयन के संबंध में फीडबैक बैक भी लिया। ताकि विद्यार्थियों का केवल शैक्षणिक हीं नही बल्कि अन्य क्षेत्र में भी समान रुप से हो सके। जिला पदाधिकारी आशुतोष द्विवेदी स्वयं हरिशंकर नायक उच्च विद्यालय आदर्श विद्यालय के संगोष्ठी में भाग लेकर छात्रों एव अभिभावको के साथ संवाद कर विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था एवं विभिन्न सुविधाओं को लेकर जानकारी प्राप्त किया।उन्होंने विज्ञान प्रयोगशाला तथा आइसीटी लैब का निरीक्षण कर विद्यार्थियों के प्रायोगिक प्रदर्शनों का भी अवलोकन किया। डीएम ने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, रुचि एवं अनुभवों के बारे में संवाद किया तथा उन्हें नियमित अध्ययन एवं अनुशासन के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अभिभावकों से विद्यालय की व्यवस्था एवं शैक्षणिक गतिविधियों में सुधार के लिए सुझाव जानने का भी प्रयास किये। अभिभावकों ने विद्यालय में उपलब्ध नयी एवं आधुनिक सुविधाओं तथा शैक्षणिक वातावरण को लेकर संतोष जताया।

# जितिया पर्व को लेकर बाजारों में बढ़ी चहल-पहल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कटिहार।** पुत्रों की लंबी आयु, सुख-समृद्धि और सुरक्षा की कामना को लेकर माताओं द्वारा किए जाने वाले जितिया व्रत को लेकर क्षेत्र में चहल-पहल बढ़ गई है। पर्व को लेकर बाजारों में खरीदारी के लिए महिलाओं की भीड़ दिखाई देने लगी है। कपड़े, फल, पूजन सामग्री और मिठाइयों की दुकानों पर विशेष रौनक देखने को मिल रही है। जितिया पर्व में खाजा का विशेष महत्व माना जाता है। इसे लेकर मिठाई दुकानदारों ने खाजा की विशेष तैयारी शुरू कर दी है। दुकानों पर खाजा को आकर्षक ढंग से सजाया जा रहा है। पर्व को देखते हुए दुकानदारों ने पर्याप्त मात्रा में खाजा और अन्य मिठाइयों का भंडारण भी शुरू कर दिया है। ग्राहकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बाजार में खाजा की मांग बढ़ने लगी है। पर्व के पहले दिन शुक्रवार को महिलाएं नहाय-खाय की परंपरा का पालन करेंगी। इस दिन स्नान के बाद पूजा -अर्चना कर महिलाएं निर्धारित प्रसाद एवं भोजन ग्रहण करेंगी। इसके बाद व्रत की अन्य धार्मिक परंपराएं पूरी की जाएंगी। जितिया व्रत को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार जितिया व्रत माताओं के लिए आस्था और श्रद्धा का प्रमुख पर्व है।

# प्रखंड स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मनसाही (कटिहार)।** प्रखंड संसाधन केंद्र मनसाही में प्रखंड स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर प्रखंड के सभी सातों संकुल के प्राथमिक एवं मध्य विद्यालय से चयनित छात्र एवं छात्राओं ने चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लिया। इस मौके पर लेखापाल अरुण कुमार ने बताया कि जिला शिक्षा पदाधिकारी कटिहार के निदेर्शानुसार एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के आदेश पर सभी विद्यालय में चित्रांकन प्रतियोगिता कराया गया,इनके बाद चयनित छात्र एवं छात्राएं संकुल स्तर के प्रतियोगिता में भाग लिए वहां से जो छात्र - छात्राएं चयनित हुए उसे प्रखंड स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिला। प्रखंड स्तरीय चित्रांकन प्रतियोगिता में वर्ग एक से वर्ग पांच के प्राथमिक एवं निजी विद्यालय में उज्जवल प्ले स्कूल के वर्ग पांच की छात्रा प्रीति हंसदा ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। द्वितीय स्थान प्राथमिक विद्यालय करसल के वर्ग पांच की छात्रा सुमैया खातून एवं तृतीय स्थान में प्राथमिक विद्यालय बीच चित्तौड़िया के वर्ग पांच के छात्र प्रियांशु कुमार ने अपना स्थान पक्का किया। वहीं वर्ग छः से आठ के मध्य विद्यालय एवं निजी विद्यालय के छात्र - छात्राओं में उज्जवल प्ले स्कूल मनसाही के वर्ग आठ की छात्रा बेनजीर खातून ने प्रथम स्थान प्राप्त किए। वहीं आदर्श मध्य विद्यालय रानी पतरा सिंधिया की वर्ग सात की छात्रा तनु कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किए। वहीं उत्क्रमित मध्य विद्यालय हरिप्रसाद के वर्ग छः की छात्रा स्नेहा कश्यप ने तृतीय स्थान प्राप्त किए।

## सड़क पर अवैध वसूली करने के आरोप में दो पुलिस कर्मी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**कदवा (कटिहार)।** कदवा थाना में प्रतिनियुक्त पुलिसकर्मियों द्वारा वाहन रोककर कथित रूप से अवैध वसूली किए जाने के मामले में वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस विभाग ने मामले को गंभीरता से संज्ञान में लेते हुए पुलिस अधीक्षक परिचय कुमार ने डायल-112 वाहन पर प्रतिनियुक्त पीटीसी 1463 टिंकू कुमार एवं सि 431 अभिमन्यु कुमार को निलंबित कर दिया है। वहीं, वाहन चालक अर्जुन यादव को कटिहार जिला से वापस दानापुर, बिहार-झारखंड क्षेत्र भेज दिया गया है। मामले में तीनों के विरुद्ध कदवा थाना में सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस के अनुसार, 29 सितंबर को डायल-112 वाहन पर तैनात पुलिसकर्मियों द्वारा एक वाहन को रोककर राशि की वसूली किए जाने का वीडियो सामने आया था। वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। मामले की जांच एवं आगे की कार्रवाई जारी है।

# जीआर राशि व आवास योजना में नाम जोड़ने की मांग पर आमरण अनशन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मनिहारी (कटिहार)।** जीआर राशि का भुगतान कराने और आवास योजना की सूची में वंचित पात्र लाभुकों के नाम जोड़ने की मांग को लेकर गुरुवार को बघार पंचायत के ग्रामीणों ने मनिहारी प्रखंड मुख्यालय परिसर में आमरण अनशन शुरू किया। पंचायत के मुखिया पिंटू यादव के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने आंदोलन शुरू किया। अनशन के समर्थन में पंचायत के सैकड़ों ग्रामीण प्रखंड मुख्यालय पहुंचे। इनमें बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल थीं। अनशन पर बैठे ग्रामीणों ने कहा कि बाढ़ एवं आपदा से प्रभावित कई जरूरतमंद परिवार अब तक जीआर राशि से वंचित हैं। ग्रामीणों ने प्रभावित परिवारों का दोबारा सत्यापन कर पात्र लाभुकों को जल्द राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की। इसके साथ ही प्रधानमंत्री आवास योजना सहित अन्य आवास योजनाओं की सूची में पात्र होने के बावजूद शामिल नहीं किए गए जरूरतमंद परिवारों का पुनः सर्वे कराकर नाम जोड़ने की मांग उठाई। मुखिया पिंटू यादव ने कहा कि पंचायत के कई गरीब एवं जरूरतमंद परिवार आवास योजना के लाभ से वंचित हैं। पात्र परिवारों का निष्पक्ष तरीके से सर्वे कराकर उनका नाम आवास योजना की सूची में शामिल किया जाना चाहिए। साथ ही बाढ़ प्रभावित परिवारों को जीआर राशि का भुगतान जल्द कराने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि मांगों पर प्रशासन की ओर से ठोस पहल होने तक आंदोलन जारी रहेगा। अनशन स्थल पर ग्रामीणों की भीड़ जुटी रही और महिलाओं ने भी अपनी मांगों के समर्थन में आवाज बुलंद की। बीडीओ सनत कुमार ने बताया कि जीआर पोर्टल दोबारा शुरू होने के बाद जीआर राशि से छूटे पात्र लाभुकों के नाम जोड़कर अग्रेतर कार्रवाई की जाएगी। प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित पात्र लाभुकों की सूची जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित कर्मियों के संयुक्त प्रयास से तैयार कर विभाग को अग्रेतर कार्रवाई के लिए भेजी जाएगी।

**संक्षिप्त समाचार**

### गिरते बाजार में रॉकेट बना कोटक महिंद्रा बैंक का शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में गिरावट के बीच देश के चौथे बड़े प्राइवेट बैंक कोटक महिंद्रा का शेयर करीब 4 प्रतिशत उछल गया। प्राइवेट सेक्टर के इस दिग्गज बैंक ने अनूप कुमार साहा को अपना अगला मैनेजिंग डायरेक्टर और नियुक्त करने की घोषणा की है। उनकी नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। उनका कार्यकाल 1 जनवरी, 2027 से शुरू होकर तीन साल रहेगा। साहा अभी कोटक महिंद्रा बैंक में होल-टाइम डायरेक्टर और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर हैं। वह अशोक वासवानी की जगह लेंगे। बैंक ने कहा कि बोर्ड नियुक्ति को औपचारिक रूप देने और शेयरधारकों की मंजूरी लेने के लिए आगे कदम उठाएगा। यह नियुक्ति ऐसे समय में हुई है जब कोटक अपनी ग्रोथ की रफ़्तार बनाए रखने की कोशिश कर रहा है। बैंक ने ष्टश्वह्र पद के लिए साहा और एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर पारितोष कश्यप के नाम आरबीआई को भेजे थे। साहा जनवरी 2026 में कोटक महिंद्रा बैंक से जुड़े और मार्च में होल-टाइम डायरेक्टर नियुक्त किए गए। वे अभी बैंक के रिटेल बैंकिंग, सरकारी कारोबार, डेटा



एनालिटिक्स और मार्केटिंग कामकाज को संभालते हैं। साहा के पास 32 साल से ज्यादा का प्रोफेशनल अनुभव है। इसमें बैंकिंग और नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल सेवाओं में 25 साल का अनुभव शामिल है। उन्होंने खड़गपुर से इंजीनियरिंग में की डिग्री लेने के बाद लखनऊ से किया। साहा ने अपने करियर की शुरुआत से की। उन्होंने इस सरकारी कंपनी में 1991 से 1995 तक प्रोडक्शन इंजीनियरिंग में काम किया। कुछ समय के लिए कंज्यूमर ड्यूरेबल सेल्स में भी रहे। बाद में उन्होंने 1999 से 2003 तक कैपिटल में काम किया। इस कंपनी में वह क्रेडिट कार्ड, सेल्स और एनालिटिक्स का काम देखते थे।
साहा ने मई 2003 से जून 2017 के बीच आईसीआईसीआई बैंक में 14 साल बिताए।

### सितंबर के जख्मों पर मरहम लगाएगा अक्टूबर, देख लीजिए शेयर बाजार के पिछले 10 साल के आंकड़े

**नई दिल्ली, एजेंसी।** घरेलू शेयर बाजार में सितंबर में भारी बिकवाली देखने को मिली। इस दौरान सेंसेक्स और निफ्टी 6 प्रतिशत लुढ़क गए। इसी तरह मिडकैप 150 में 6.6 प्रतिशत और स्मॉलकैप 250 इंडेक्स में 3.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। यह मार्च के बाद से सबसे बड़ी मासिक गिरावट है। मार्च में दोनों इंडेक्स 11 प्रतिशत तक गिर गए थे। अक्टूबर ऐतिहासिक रूप से शेयरों के लिए मजबूत महीना रहा है। फेस्टिव सीजन होने के कारण इस दौरान ऑटो, जूलरी और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स पर ज्यादा खर्च की उम्मीद रहती है। आमतौर पर अक्टूबर



भारतीय शेयरों के लिए अच्छा महीना रहा है। पिछले 10 साल में सात बार निफ्टी 50 बढ़त के साथ बंद हुआ है। हालांकि, इस साल सितंबर में हुई भारी बिकवाली के बाद ज्यादा राहत की उम्मीद नहीं है। बाजार को कच्चे तेल की ऊंची कीमत, ग्लोबल बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी, विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली और कमजोर रुपये जैसी चुनौतियों से जूझना पड़ रहा है। ईटी की एक रिपोर्ट के मुताबिक इक्विरस सिक्योरिटीज के डायरेक्टर और ट्रेडिंग हेड तेजस शाह ने कहा, 'अक्टूबर में एक अहम परीक्षा होगी कि क्या सितंबर में आई गिरावट में जोखिमों को ठीक से शामिल कर लिया गया है या अभी और एडजस्टमेंट की जरूरत है।' इसी तरह सिक्योरिटीज में फंडामेंटल रिटेल रिसर्च के हेड सनी अग्रवाल ने कहा, 'ज्यादातर सेक्टर के लिए, फाइनेंशियल ईयर की दूसरी छमाही डिमांड और वॉल्यूम ग्रोथ के लिहाज से बेहतर होती है। शायद यही एक वजह है कि अक्टूबर ऐतिहासिक रूप से मजबूत महीना रहा है।'

# सोना गिरवी रख कर लोन लेने वालों की संख्या खूब बढ़ रही है, होम लोन से टक्कर ले रहा है

**मुंबई, एजेंसी।** इस साल अगस्त महीने में कुछ ऐसे संकेत मिले हैं, जिससे लगता है कि लोगों को लोन या क्रेडिट पर उधार मिलने में परेशानी हो रही है। तभी तो उन्हें लोन लेने के लिए घर का सोना गिरवी रखना पड़ रहा है। जी हां, आंकड़े कुछ ऐसा ही बता रहे हैं कि अब गोल्ड लोन का कुल अकाउंट होम लोन के कुल अकाउंट के बराबर पहुंचने वाला है।

रिजर्व बैंक से पता चलता है कि बीते अगस्त महीने के दौरान कंज्यूमर डिमांड कोई खास नहीं बढ़ा है। इस दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल्स की खरीदारी के लिए लिए जाने वाले लोन और क्रेडिट कार्ड आउटस्टैंडिंग में महज 2.4 प्रतिशत और 3.6 प्रतिशत की ही बढ़ोतरी हुई है। यह बढ़ोतरी साल-दर-साल आधार पर दिखाया गया है। आंकड़ों के मुताबिक अप्रैल से अगस्त 2026 के बीच बैंक क्रेडिट लगभग 10.3 लाख करोड़ रुपये या 4.8 प्रतिशत बढ़कर 223.9 लाख करोड़ रुपये हो गया। इसी दौरान कुल क्रेडिट साल-दर-साल आधार पर 19.1 प्रतिशत बढ़ा। चालू वित्त वर्ष के शुरुआती पांच महीनों में डिसक्रेशनरी कंज्यूमर क्रेडिट की वृद्धि धीमी रही। इसी दौरान सिक्योर्ड रिटेल लोन, कॉर्पोरेट क्रेडिट और उधार देने की मांग मजबूत रही।




रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार पहले पांच महीनों में गोल्ड लोन में 98,096 करोड़ रुपये जोड़े गए। यह अब होम लोन के आसपास पहुंच गया है। उल्लेखनीय है कि इस दौरान होम लोन अकाउंट में 98,858 करोड़ रुपये जोड़े गए। गोल्ड लोन का अकाउंट इसी तरह से बढ़ता गया तो यह जल्द ही होम लोन के कुल अकाउंट को पार कर जाएगा। बीते अगस्त महीने में क्रेडिट कार्ड आउटस्टैंडिंग करीब 3 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। लेकिन एफवाय27 के पहले पांच महीनों के दौरान इसमें केवल 4,740 करोड़ रुपये ही एड हुए। इस दौरान कंज्यूमर ड्यूरेबल्स खरीदने के लिए लिया गया लोन 23,295 करोड़ रुपये पर पहुंच गए। हालांकि इस दौरान इसमें सिर्फ 1,333 करोड़ रुपये ही जोड़े गए। इस दौरान व्हीकल लोन का ग्रोथ शानदार रहा। यह साल दर साल के आधार पर 19.7 प्रतिशत फीसदी की दर से बढ़ा और 7.8 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया। इस साल अप्रैल से अगस्त के दौरान कुल 37,027 करोड़ रुपये के व्हीकल लोन लिए गए। रिटेल लोन लेने में गोल्ड लोन की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इस साल अगस्त तक 5.6 लाख करोड़ रुपये का लोन सोना गिरवी रख कर लिया जा चुका था। यह सलाना आधार पर 83.2 प्रतिशत की वृद्धि दिखाता है। एक ही साल पहले यह लगभग 3 लाख करोड़ रुपये ही था। फिक्स्ड डिपॉजिट या एफडी पेपर को गिरवी रख कर लिया गया लोन भी सलाना आधार पर 43.2 प्रतिशत बढ़ा है। अब यह 2 लाख करोड़ रुपये का हो गया । इस दौरान इसमें 35,166 करोड़ रुपये का इजाफा हुआ।

### डीजल और एटीएफ के एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स में कटौती

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने डीजल और विमानों में इस्तेमाल होने वाले ईंधन यानी एटीएफ के एक्सपोर्ट पर विंडफॉल टैक्स में एक बार फिर कटौती की है। वित्त मंत्रालय की ओर से बुधवार को जारी नोटिफिकेशन के अनुसार सरकार ने 1 अक्टूबर से डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल के एक्सपोर्ट पर लगने वाले विंडफॉल टैक्स में कटौती की है। पेट्रोल के मामले में टैक्स में कोई बदलाव नहीं किया गया है। डीजल के एक्सपोर्ट पर लगने वाली ड्यूटी को 20 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 16 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया, जबकि ्रञ्जस्न के एक्सपोर्ट पर लगने वाले लेवी को 15 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 10.5 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया। ये नई दरें अगले दो हफ्तों के लिए लागू रहेंगी। पेट्रोल के एक्सपोर्ट पर लगने वाला विंडफॉल टैक्स 0.5 रुपये प्रति लीटर पर ही बना हुआ है। सरकार ने पिछली बार 16 सितंबर को एक्सपोर्ट लेवी में बदलाव किया था। उस समय डीजल के एक्सपोर्ट पर लगने वाली ड्यूटी को 25 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 20 रुपये प्रति लीटर और लेवी को 19 रुपये प्रति लीटर से घटाकर 15 रुपये प्रति लीटर कर दिया गया था। एक्सपोर्ट ड्यूटी की समीक्षा हर दो हफ्ते में इंटरनेशनल क्रूड ऑयल और पेट्रोलियम प्रोडक्ट की कीमतों के आधार पर की जाती है। हालांकि घरेलू खपत के लिए बेचे जाने वाले पेट्रोल और डीजल पर लगने वाली मौजूदा एक्साइज ड्यूटी दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

## जीएसटी कलेक्शन 14.7 प्रतिशत उछलकर 2.04 लाख करोड़, छह महीने में 12 लाख करोड़ के पार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जीएसटी कलेक्शन के सितंबर महीने के आंकड़े आ गए हैं। गुरुवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक सितंबर में कुल गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स कलेक्शन 2,03,521 करोड़ रहा। यह पिछले साल इसी महीने की तुलना में 14.7 प्रतिशत ज्यादा है। इस फाइनेंशियल ईयर की पहली छमाही (अप्रैल-सितंबर) के लिए कुल कलेक्शन 12,46,278 करोड़ रहा, जो पिछले साल के मुकाबले 11.6 प्रतिशत ज्यादा है। सितंबर में रिफंड में पिछले साल के मुकाबले 3 प्रतिशत की कमी आई।



सरकारी आंकड़ों के मुताबिक सितंबर में हुए कलेक्शन में सीजीएसटी 37,762 करोड़ रुपये, जीएसटी 45,363 करोड़ रुपये और एस96 करोड़ रुपये रहा। कुल नेट रेवेन्यू सालाना आधार पर 18.1 प्रतिशत बढ़कर 1,76,520 करोड़ रुपये हो गया। भारत का ग्रॉस डोमेस्टिक रेवेन्यू 10.1 प्रतिशत बढ़कर 1,25,334 करोड़ रुपये से 1,37,996 करोड़ रुपये हो गया।

**महाराष्ट्र नंबर 1:** बड़े राज्यों में महाराष्ट्र ने सितंबर में सबसे ज्यादा 29,986 करोड़ रुपये जीएसटी कलेक्शन दर्ज किया। यह एक साल पहले के 25,973 करोड़ रुपये से 15 प्रतिशत अधिक है। इसके बाद कर्नाटक का नंबर रहा, जहां कलेक्शन 16 फीसदी उछाल के साथ 13,884 करोड़ रुपये रहा । गुजरात का रेवेन्यू 17 प्रतिशत बढ़कर 12,222 करोड़ रुपये हो गया। उत्तर प्रदेश का रेवेन्यू सितंबर में 18 प्रतिशत बढ़कर 8,882 करोड़ रुपये रहा। एक साल पहले यह 7,516 करोड़ रुपये था। तेलंगाना में भी यह 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 5,327 करोड़ रुपये हो गया। पंजाब का रेवेन्यू 18 प्रतिशत बढ़कर 2,549 करोड़ रुपये रहा। असम में यह 88 प्रतिशत बढ़कर 2,415 करोड़ रुपये पहुंच गया। मणिपुर में 145 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ कलेक्शन 92 करोड़ रुपये रहा जबकि अरुणाचल प्रदेश और नगालैंड में क्रमशः 46 प्रतिशत और 39 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई।

**कहां आई गिरावट:** हालांकि इस दौरान कई राज्यों के जीएसटी कलेक्शन में गिरावट भी देखी गई। सिक्किम में यह 51 प्रतिशत गिरकर 194 करोड़ रुपये रहा। जम्मू-कश्मीर का कलेक्शन 29 प्रतिशत गिरकर 487 करोड़ रुपये रहा जबकि उत्तराखंड में 23 प्रतिशत की गिरावट के साथ यह 1,277 करोड़ रुपये और हिमाचल प्रदेश में 21 प्रतिशत की गिरावट के साथ 640 करोड़ रुपये रह गया। तमिलनाडु का जीएसटी रेवेन्यू सालाना आधार पर 5 प्रतिशत गिरकर 10,188 करोड़ रुपये रहा जबकि गोवा का कलेक्शन 7 प्रतिशत गिरकर 494 करोड़ रुपये रहा। पुडुचेरी में 31 प्रतिशत और मेघालय में 14 प्रतिशत गिरावट आई। केरल के जीएसटी रेवेन्यू 11 प्रतिशत बढ़कर 3,328 करोड़ रुपये रहा।

## 778.2 अरब डॉलर... भारत पर इतना विदेशी कर्ज कि गिनते-गिनते थक जाएंगे, विदेशी मुद्रा भंडार भी पड़ जाएगा कम

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत का विदेशी कर्ज मार्च तिमाही के मुकाबले जून तिमाही में 15.4 अरब डॉलर बढ़कर 778.2 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के बुधवार को जारी आंकड़ों से यह जानकारी मिली। हालांकि, जीडीपी



के अनुपात में विदेशी कर्ज जून, 2026 के अंत में घटकर 20.8 प्रतिशत रहा, जो 31 मार्च, 2026 को 20.9 प्रतिशत था। 18 सितंबर 2026 को समाप्त सप्ताह के दौरान भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 765.901 अरब था। आरबीआई ने कहा, 'येन और यूरो जैसी प्रमुख मुद्राओं की तुलना में अमेरिकी डॉलर की मजबूती से मूल्यांकन लाभ 90 करोड़ डॉलर रहा। मूल्यांकन प्रभाव को हटाने पर जून, 2026 के अंत में बाहरी कर्ज में 15.4 अरब डॉलर के बजाय 16.4 अरब डॉलर की वृद्धि होती।'

### डॉलर में बड़ा हिस्सा

जून तिमाही में एक साल से अधिक की मूल परिपक्वता अवधि वाला दीर्घकालिक ऋण 624.7 अरब डॉलर रहा। यह मार्च, 2026 के मुकाबले 11.2 अरब डॉलर अधिक है। वहीं, कुल बाहरी कर्ज में एक साल तक की मूल परिपक्वता अवधि वाले अल्पकालिक ऋण की हिस्सेदारी जून, 2026 के अंत में बढ़कर 19.7 प्रतिशत हो गई, जो पिछली तिमाही के अंत में 19.6 प्रतिशत थी। इसी तरह, विदेशी मुद्रा भंडार की तुलना में अल्पकालिक ऋण का अनुपात जून, 2026 के अंत में बढ़कर 23 प्रतिशत हो गया, जो मार्च, 2026 के अंत में 21.6 प्रतिशत था। आरबीआई के अनुसार, अमेरिकी डॉलर में ऋण भारत के बाह्य ऋण का सबसे बड़ा हिस्सा रहा। जून, 2026 के अंत में इसकी हिस्सेदारी 54.8 प्रतिशत थी। इसके बाद भारतीय रुपये में ऋण की हिस्सेदारी 29.8 प्रतिशत, येन 6.9 प्रतिशत, विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.1 प्रतिशत और यूरो की हिस्सेदारी 3.5 प्रतिशत रही।

### सरकारी और गैर-सरकारी कर्ज

केंद्रीय बैंक ने कहा, 'जून, 2026 के अंत में सरकार और गैर-सरकारी, दोनों क्षेत्रों का बकाया ऋण मार्च, 2026 के मुकाबले बढ़ गया।' विदेशी ऋण में कर्ज सबसे बड़ा घटक रहा, जिसकी हिस्सेदारी 34.3 प्रतिशत थी। इसके बाद मुद्रा एवं जमा (22.2 प्रतिशत), व्यापार ऋण एवं अग्रिम (19.1 प्रतिशत) और ऋण प्रतिभूतियों (16.5 प्रतिशत) का स्थान रहा। मूलधन और ब्याज भुगतान जून, 2026 के अंत में चालू प्राप्तियों का 5.6 प्रतिशत रहा। मार्च, 2026 में भी यह अनुपात इतना ही था।

### टाटा ट्रस्ट्स के खिलाफ आई एक और चिट्ठी, टाटा संस के मामलों में 'दखल' पर उठे सवाल



**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाटा ग्रुप की होल्डिंग कंपनी टाटा संस के सबसे बड़े शेयरहोल्डर टाटा ट्रस्ट्स की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। इसके चेयरमैन नोएल टाटा हैं। वेणु श्रीनिवासन के बाद टाटा ट्रस्ट्स के वाइस चेयरमैन और सर दोराबजी टाटा ट्रस्ट के ट्रस्टी विजय सिंह ने भी महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर को एक पत्र लिखा है। उन्होंने टाटा ट्रस्ट्स के कामकाज और गवर्नेंस की तुरंत जांच की मांग की है। इसमें टाटा संस के कमर्शियल और स्ट्रैटेजिक मामलों में ट्रस्ट की भागीदारी भी शामिल है। सिंह ने बताया, 'जब वेणु श्रीनिवासन ने पत्र लिखा था, मैंने भी उसी समय चैरिटी कमिश्नर को चिट्ठी लिखकर अपनी चिंताएं जताई हैं।' टाटा ट्रस्ट्स के वाइस चेयरमैन और टाटा संस बोर्ड में इसके जॉइंट नॉमिनी डायरेक्टर श्रीनिवासन ने भी महाराष्ट्र चैरिटी कमिश्नर को पत्र लिखकर नोएल टाटा की परपेचुअल ट्रस्टी के तौर पर नियुक्ति और उनके पद पर बने रहने की स्थिति की जांच की मांग की है। सिंह ने इस बात की भी जांच करने की मांग की कि श्रीनिवासन को अहम फैसलों की प्रक्रिया से क्यों अलग रखा गया। साथ ही उन्होंने टाटा संस के कमर्शियल और स्ट्रैटेजिक मामलों में उसके ट्रस्टियों की भागीदारी की जांच की मांग की है।

## मछली पालन का प्रोजेक्ट कैसे शुरू करें कितना मिलेगा लोन, सब्सिडी समेत बड़ी बातें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में मछली पालन का बिजनेस काफी बड़े स्तर पर होता है। घरेलू के अलावा दुनिया के कई देशों में मछलियों की सप्लाई होती है। फायदेमंद कारोबार में मछली पालन (मत्स्य पालन) भी शामिल है। ऐसे में कई लोग और किसान हैं, जो इस बिजनेस को शुरू करने की भी सोच रहे हैं।

देश में छोटे से लेकर बड़े स्तर तक मछली पालन का बिजनेस होता है। अगर आप भी इसको करना चाहते हैं तो यह खबर आपके लिए खास हो सकती है। मछली पालन प्रोजेक्ट को शुरू करने की बात करें तो आपको सबसे पहले इसके लिए प्लानिंग करनी होगी। आपको यह तय कर लेना होगा कि आप मछली पालन का प्रोजेक्ट कहां लगाना चाहते हैं, इसके लिए जगह, जमीन, जल की भरपूर उपलब्धता, मछली के प्रकार या बीज, बजट और बाजार को तय करना होता है। अगर आप तालाब में करना चाहते हैं तो आप नियम के तहत कर सकते हैं, इसके अलावा आप पानी के लिए टैंक का भी निर्माण कर सकते हैं। भारत में मछली पालन को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने मत्स्यपालन विभाग बना रखा है। इसके द्वारा आपको कई सारी सुविधाएं मिलती हैं। इस बिजनेस के लिए कई सारे लोन उपलब्ध हैं। इनमें आप प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना , किसान क्रेडिट कार्ड मत्स्य योजना समेत अन्य योजनाएं से भी लोन ले सकते हैं। देश में मछली पालन के लिए कितना लोन मिलता है, यह आपके बिजनेस की साइज और योजना के साथ आपकी पात्रता पर निर्भर करता है। वैसे छोटे से लेकर बड़े बिजनेस के लिए सरकार मछली पालन के लिए लोन देती है। इसकी साइज 50 हजार रुपये से लेकर 20 लाख रुपये तक की हो सकती है। किसान क्रेडिट कार्ड के तहत आपको बिना गारंटी करीब 2 लाख रुपये तक का लोन मिल सकता है। इसमें अगर समय पर लोन का भुगतान कर देते हैं तो आपको सालाना ब्याज दर 4 फीसदी ही पड़ती है।



# केवल एक साल और छप्परफाड़ रिटर्न

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देश में सीनियर सिटीजन यानी कि वरिष्ठ नागरिकों के लिए कई सारे बैंक अलग-अलग योजनाओं की सुविधा प्रदान करते हैं। इनमें से एक सुविधा है एफडी की। एफडी यानी कि फिक्स्ड डिपॉजिट। इसमें एक तय समय के लिए तय ब्याज दर पर मोटी रकम जमा की जाती है।

समय पूरा होने के बाद इस एफडी में जमा राशि पर तय ब्याज दर के साथ अच्छा-खासा रिटर्न मिलता है। इस बीच हम यहां कुल 5 बैंकों की एफडी की बात कर रहे हैं, जो सीनियर सिटीजन के लिए एक साल में 7.2 फीसदी से 7.5 फीसदी की ब्याज दर से जमा राशि पर रिटर्न देते हैं। इसके साथ ही जानेंगे कि अगर कोई पात्र ग्राहक इन बैंकों में 10 हजार रुपये की एफडी करता है, तो उसे एक साल बाद कितने रुपये का रिटर्न मिलेगा और इसमें कितना मुनाफा होगा। सीनियर सिटीजन की एफडी में एक साल में ब्याज अलग-अलग बैंकों के हिसाब से होता है। हम यहां उन बैंकों की बात कर रहे हैं जो सीनियर सिटीजन एफडी पर 7.2 फीसदी से 7.5 फीसदी का सालाना ब्याज देते हैं। इनमें बंधन बैंक, बैंक, इंडसइंड बैंक, बैंक और बैंक शामिल हैं।



सीनियर सिटीजन एफडी में एक साल में 10 हजार रुपया कितना हो जाएगा अगर आप बैंक में सीनियर सिटीजन एफडी के तहत 10 हजार रुपये जमा करते हैं तो इसपर सालाना 7.2 फीसदी की ब्याज दर से रिटर्न मिलता है। एक साल बाद आपको 10,734 रुपये मिलेंगे। इसमें आपका मुनाफा 734 रुपये का होगा। ऐसे ही अगर आप बंधन बैंक की सीनियर सिटीजन एफडी में 10 हजार रुपये एकसाथ जमा करते हैं, तो इसपर 7.5 फीसदी का ब्याज मिलता है। तय समय के बाद एक साल में आपको इस जमा राशि पर 10,771 रुपये का रिटर्न मिलता है। इसमें आपको कुल 771 रुपये का मुनाफा होता है।

### पढ़ाई के साथ जारी रखा बिजनेस, फिर ऐसा ट्विस्ट कि सालाना कमाई पहुंची 96 लाख रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी।** यह कहानी है ईशा खैतान की। वह लुधियाना की रहने वाली हैं। उन्होंने कॉलेज की पढ़ाई के साथ ही बिजनेस में कदम रख दिए थे। कड़ी मेहनत और फैशन डिजाइनिंग के हुनर से कुछ समय बाद ईशा ने अपने स्टार्टटप की नींव रखी। इसका नाम 'कस्टम बाय ईश्नम' है। यह ब्रांड आज कस्टमाइज्ड कपड़ों और बेहतरीन एम्ब्रायडरी के जरिए देश-विदेश में अपनी अलग पहचान बना चुका है। इसका सालाना रेवेन्यू करीब 96 लाख रुपये तक पहुंच गया है। आइए, यहां ईशा खैतान की सफलता के सफर के बारे में जानते हैं। लुधियाना की रहने वाली ईशा खैतान ने सिर्फ 16 साल की उम्र में (जब वह क्लास 12 में थीं) अपने उद्यमी सफर की शुरुआत कर दी थी। उन्होंने पोर्ट्रेट बनाने, गिफ्ट बेचने और कपड़ों की ड्रॉपशीपिंग जैसे कई क्षेत्रों में हाथ आजमाया। कोरोना महामारी के दौरान स्थानीय कैफे में ईशा ने प्रदर्शनियों के जरिए अपनी कला को आगे बढ़ाया। इन शुरुआती प्रयासों से उन्हें हर महीने 60,000 से 70,000 रुपये की कमाई होने लगी। इससे उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ गया।

# छात्राओं ने मॉडल ग्राम सभा का किया प्रदर्शन

## सामूहिक सहमति से निर्णय की प्रक्रिया को जीवंत रूप में किया प्रस्तुत



**ग्राम सभा की भूमिका और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की मिली व्यावहारिक जानकारी**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** पाकुड़िया प्रखंड क्षेत्र के पीएमश्री कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय, झरिया में मॉडल यूथ ग्राम सभा का अंतिम प्रदर्शन आयोजित किया गया। छात्राओं ने भूमिका-अभिनय के माध्यम से ग्राम सभा की कार्यप्रणाली को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। प्रदर्शन के दौरान छात्राओं ने मुखिया, वार्ड सदस्य और ग्रामीणों की भूमिका निभाते हुए गांव की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने समस्याओं के समाधान के लिए सुझाव रखे और सामूहिक सहमति से निर्णय लेने की प्रक्रिया को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। छात्राओं के आत्मविश्वास और संवाद कौशल की उपस्थित लोगों ने सराहना की। कार्यक्रम के माध्यम से छात्राओं को स्थानीय स्वशासन, ग्राम सभा की भूमिका और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की व्यावहारिक जानकारी मिली। साथ ही गांव के विकास से जुड़े मुद्दों पर ग्रामीणों की सहभागिता के महत्व को भी समझाया गया। मौके पर प्रमुख कालिदास मरांडी, बीपीओ बिरनाल सोरेन, पंचायत मुखिया, वार्ड सदस्य, पिरामल फाउंडेशन की मीना ठाकुर, विद्यालय की वार्डेन, लेखापाल, शिक्षक-शिक्षिकाएं, अभिभावक एवं अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### चेकपोस्ट का निरीक्षण, हाईवा जब्त

**पाकुड़।** जिले में अवैध खनन, खनिजों के अवैध परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ जिला प्रशासन और खनन विभाग की कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में खनन निरीक्षक ने पाकुड़ अंचल के चांदपुर एवं प्यादापुर चेकपोस्ट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान प्यादापुर चेकपोस्ट पर अवैध खनिज परिवहन के आरोप में एक हाईवा को पकड़ा गया। वाहन संख्या डब्ल्यूबी 59 डी 1675 को जांच के बाद जब्त कर नगर थाना, पाकुड़ को सुपुर्द कर दिया गया। खनन विभाग ने बताया कि जिले में अवैध खनन और खनिजों के अवैध परिवहन के खिलाफ छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों और संबंधित लोगों के खिलाफ प्रचलित नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। पदाधिकारियों को खनिज परिवहन की नियमित निगरानी और चेकपोस्टों पर सघन जांच सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। प्रशासन का उद्देश्य अवैध खनन एवं खनिज परिवहन पर प्रभावी अंकुश लगाना है।

# गांधी जयंती पर खादी ग्रामोद्योग में कार्यक्रम

## वस्त्रों पर मिलेगी 25 प्रतिशत छूट

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**हसपुरा।** हसपुरा बाजार के कनाप रोड स्थित खादी ग्रामोद्योग परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 157वीं जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर 2026 को विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। गांधी जयंती को लेकर खादी ग्रामोद्योग संस्थान परिसर में तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। कार्यक्रम को लेकर संस्थान से जुड़े कर्मियों द्वारा परिसर की साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। खादी ग्रामोद्योग संस्थान के प्रमोद कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि गांधी जयंती समारोह के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, उनके विचारों, सत्य, अहिंसा और स्वदेशी के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। साथ ही लोगों को महात्मा गांधी के विचारों और खादी के महत्व से अवगत कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि गांधी जयंती के अवसर पर प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी खादी ग्रामोद्योग संस्थान की ओर से सभी वस्त्रों पर 25 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी। यह छूट ग्राहकों के लिए खास आकर्षण का केंद्र रहेगी। खादी एवं अन्य वस्त्रों की खरीदारी करने वाले लोगों को इस विशेष अवसर का लाभ उठाने की अपील की गई है। संस्थान से जुड़े लोगों ने कहा कि गांधी जी ने खादी को आत्मनिर्भरता, स्वदेशी और ग्रामीण रोजगार का माध्यम बनाया था। ऐसे में गांधी जयंती के अवसर पर खादी वस्त्रों की खरीदारी करना उनके स्वदेशी के संदेश को आगे बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। खादी ग्रामोद्योग संस्थान ने क्षेत्र के लोगों से गांधी जयंती कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने तथा 25 प्रतिशत विशेष छूट का लाभ उठाने की अपील की है।

### सफाईकर्मियों का प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत कार्यरत स्वच्छता कर्मियों ने अपने बकाये मानदेय के भुगतान और पारदर्शी व्यवस्था की मांग को लेकर प्रखंड कार्यालय परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। 'सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान शिविर' के मौके पर एकत्रित हुए दर्जनों सफाई कर्मियों ने प्रशासनिक उदासीनता के खिलाफ नारेबाजी की लंबे समय से पारदर्शी भुगतान प्रणाली के अभाव और मानदेय न मिलने के कारण सफाई कर्मियों के बीच गहरा असंतोष व्याप्त है। प्रदर्शन में शामिल विभिन्न पंचायतों के सफाई कर्मचारियों ने अपना दर्द बयां करते हुए बताया कि वे लगातार सेवाएं दे रहे हैं, फिर भी उन्हें पारिश्रमिक नहीं मिल रहा है।

## अंडरपास की कमी के कारण जीटी रोड बनती जा रही जानलेवा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** जीटी रोड पर जसोइया गांव से ओवरब्रिज बाईपास तक लगभग दो किमी के दायरे में अंडरपास की अनुपस्थिति के कारण स्थानीय लोगों को आवागमन में गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस क्षेत्र में सड़क के दोनों ओर घनी आबादी बसी हुई है परंतु सुरक्षित आवागमन के लिए कोई उचित व्यवस्था नहीं है। इसके परिणामस्वरूप लोग मजबूरन तेज रफ्तार वाहनों के बीच में से पार करने को विवश हैं जिससे यह इलाका दुर्घटनाओं का एक प्रमुख केंद्र बन गया है। जसोइया से बाईपास ओवरब्रिज के बीच पश्चिम दिशा में क्षत्रिय नगर और कथरुआ गांव स्थित हैं जबकि पूर्व दिशा में शहर है। यहीं नजारा पिपरडीह के पास भी बनी हुई है जहां अंडरपास की अनुपस्थिति के कारण कई दुर्घटनाएं हो चुकी हैं। शहर की ओर से जीटी रोड को जोड़ने वाली नागा बिगहा रोड और सत्येंद्र नगर समेत कई अन्य संपर्क मार्गों से आवागमन करने वाले लोगों को भी इसी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बता दें कि अंडरपास की मांग के कारण ही इस क्षेत्र में काम अधूरा पड़ा हुआ है। स्थानीय नागरिक और जनप्रतिनिधि पहले अंडरपास निर्माण की शर्त पर ही सड़क चौड़ीकरण कार्य को आगे बढ़ाने की बात कर रहे हैं।

## बीएसएल में स्वच्छता अभियान के तहत सामूहिक श्रमदान



**बोकारो।** भारत सरकार के स्वच्छता ही सेवा 2026 अभियान के तहत बोकारो इस्पात संयंत्र में एक दिन, एक साथ, एक घंटा कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशासनिक भवन परिसर में आयोजित स्वच्छता एवं सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारियों और कर्मचारियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान निदेशक प्रभारी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। इसके बाद उनके नेतृत्व में अधिशासी निदेशक, मुख्य महाप्रबंधक, वरीय अधिकारियों और कर्मचारियों ने विभिन्न क्षेत्रों में सामूहिक श्रमदान कर स्वच्छता अभियान चलाया।
निदेशक प्रभारी ने स्वच्छता को दैनिक व्यवहार और जीवनशैली का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण के निर्माण में प्रत्येक व्यक्ति की भागीदारी महत्वपूर्ण है। सामूहिक प्रयासों और जनभागीदारी से स्वच्छता के प्रति जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना को मजबूत किया जा सकता है। बीएसएल की ओर से अभियान के तहत स्वच्छता, जागरूकता और जनभागीदारी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन लगातार किया जा रहा है। इनका उद्देश्य स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुंदर बोकारो के निर्माण में सामूहिक भागीदारी को बढ़ावा देना है।

## रुनिया के समीप तीखा मोड़ दे रहा दुर्घटना को निमंत्रण

**औरंगाबाद।** जिले में सड़क दुर्घटना एक बड़ी समस्या है। बता दें कि इन दिनों सड़क दुर्घटना में दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो दे रहे हैं। दुर्घटना के पीछे कई कारण हैं, जिसमें एक प्रमुख कारण सड़कों पर बने तीखा मोड़ है। यहां अक्सर दुर्घटनाएं होती है। कई तीखे मोड़ तो ऐसे हैं जिनका अपना अलग इतिहास है और वे लोगों के बीच डेंजर जोन के नाम से जाने जाते हैं। शहरी सड़क पर गौर करने के बाद ग्रामीण सड़कों का हाल देखें तो तीखा मोड़ के साथ-साथ स्पीड ब्रेकर भी समस्या बन सामने खड़ी है। अक्सर स्पीड ब्रेकर के कारण इन ग्रामीण सड़कों पर दुर्घटनाएं होती है। नतीजा होता है कि दो पहिया सवार तो इन तीखे मोड़ का निशाना बन ही जाता है। जिले में ऐसे तीखे मोड़ हैं जहां अक्सर दुर्घटनाएं घट जा रही हैं। बेरी जाने वाली पथ में बलार मोड़ के समीप ऐसे तीखे मोड़ हैं जो अक्सर हादसे को निमंत्रण देते हैं और वहां हादसा होने की संभावना बनी है। इसके आगे एक पुल है। पुल के पास रात्रि में अंधेरा पसरा रहता है। रात्रि के अंधेरे में दोपहिया व चार पहिया वाहन चालक को काफी परेशानी होती है। रात्रि के अंधेरे में वाहन पलटकर नदी में गिर जाए कहा नहीं जा सकता है। बता दें कि पुल का निर्माण वर्षो पहले सिचाई विभाग द्वारा कराया गया था। पुल पर रेलिंग का भी निर्माण कराया गया था जो अब टूट गया है। रेलिंग के टूटने से भी राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है। बेरी के मुन्ना सिंह, मिंटू चंद्रवंशी सहित ने बताया कि पुल पर रेलिंग कराने की आवश्यकता है। बच्चे इसी पथ से रफीगंज स्कूल मे पढ़ने जाते हैं। बच्चें पुल में कब गिर जाए कहा नहीं जा सकता।

## राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस पर बीएसएल में 30 यूनिट रक्तदान

**बोकारो।** राष्ट्रीय स्वैच्छिक रक्तदान दिवस के अवसर पर बोकारो इस्पात संयंत्र में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाएं और बोकारो जनरल अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में एक अक्टूबर को व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाएं परिसर में आयोजित शिविर में बीएसएल के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए 30 यूनिट रक्तदान किया। शिविर का उद्घाटन अधिशासी निदेशक (संकार्य) एवं अधिशासी निदेशक ने संयुक्त रूप से किया। अधिशासी निदेशक (संकार्य) ने स्वयं रक्तदान करते हुए कहा कि रक्तदान जरूरतमंद मरीजों के जीवन की रक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने स्वस्थ एवं पात्र लोगों से नियमित रूप से स्वैच्छिक रक्तदान करने तथा दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आह्वान किया। अधिशासी निदेशक ने रक्तदान को सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक सेवा का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। उन्होंने स्वस्थ एवं पात्र व्यक्तियों से रक्तदान करने की अपील की। शिविर के सफल आयोजन में व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवाएं, बोकारो जनरल अस्पताल के रक्त केंद्र तथा स्वास्थ्यकर्मियों की टीम का योगदान रहा।

### उत्पादन क्षमता को मिलेगी मजबूती

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र में पिग आयरन उत्पादन क्षमता और परिचालन दक्षता को बढ़ाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। संयंत्र की पिग कास्टिंग मशीन-4 का पुनर्निर्माण एवं जीर्णोद्धार पूरा कर लिया गया है। नवीनीकृत मशीन का उद्घाटन एक अक्टूबर को निदेशक-प्रभारी ने किया। इस अवसर पर अधिशासी निदेशक (संकार्य), संबंधित विभागों के मुख्य महाप्रबंधक, वरीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।
पिग कास्टिंग मशीन-4 के दोबारा संचालन से पिग आयरन के उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि के साथ उत्पादन प्रक्रिया की दक्षता बेहतर होने की उम्मीद है। इससे उपलब्ध संसाधनों का प्रभावी उपयोग और उत्पादन क्षमता का बेहतर दोहन किया जा सकेगा। साथ ही संयंत्र को अतिरिक्त वित्तीय लाभ मिलने की संभावनाएं भी बढ़ेंगी।
मशीन का पुनर्निर्माण और जीर्णोद्धार तकनीकी रूप से चुनौतीपूर्ण कार्य था। इसके सफल क्रियान्वयन में रंजन दत्त, जयंत सरकार, निरंजन कुमार सिंह, सौरभ कुमार और नरेंद्र वर्मा की विशेष भूमिका रही।

## स्वच्छता का संदेश लेकर

# सड़क पर उतरे डीएवी के एनसीसी कैडेट व विद्यार्थी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** स्वच्छता ही सेवा, स्वच्छता में सहभागिता एवं स्वच्छ भारत-विकसित भारत 2026 अभियान के तहत डीएवी पब्लिक स्कूल गोकुलपुर, पाकुड़ के एनसीसी कैडेट एवं विद्यार्थियों ने गुरुवार को स्वच्छता अभियान चलाया। प्राचार्य डॉ. विश्वदीप चक्रवर्ती के नेतृत्व में विद्यार्थियों ने विद्यालय परिसर के आसपास सफाई करने के साथ मुख्य सड़क पर बने गड्ढों की मरम्मत भी की।
अभियान के दौरान पेट्रोल पंप के समीप डीएवी रोड पर बने गड्ढों को गिट्टी, स्टोन डस्ट और सीमेंट से भरकर सड़क को आवागमन के लिए सुगम बनाने का प्रयास किया गया। विद्यार्थियों के अनुसार, इन गड्ढों के कारण विद्यालय आने-जाने वाले विद्यार्थियों, अभिभावकों और राहगीरों को परेशानी होती थी।
एनसीसी कैडेट एवं विद्यार्थियों ने श्रमदान करते हुए लोगों को स्वच्छता, सार्वजनिक स्थलों की साफ-सफाई और सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और सुरक्षित परिवेश के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता जरूरी है।
प्राचार्य ने विद्यार्थियों के प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान देना नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी, सेवा भावना, अनुशासन और नागरिक कर्तव्य की भावना विकसित करना भी है।

# विशेष छापेमारी में आठ वारंटी गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकबरपुर (नवादा)।** अकबरपुर थाना पुलिस ने फरार वारंटियों की गिरफ्तारी को लेकर चलाए जा रहे विशेष छापामारी अभियान के तहत अलग-अलग गांवों में कार्रवाई कर आठ वारंटियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस की लगातार कार्रवाई से न्यायालय से जारी वारंट के बावजूद फरार चल रहे आरोपितों में हड़कंप मचा है। गिरफ्तार सभी वारंटियों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय भेज दिया गया।
थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में विशेष छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान न्यायालय से जारी वारंट के आधार पर पंचरुखी गांव निवासी मिथिलेश चौधरी एवं प्रमोद चौधरी, दोनों पिता जगदीश चौधरी, तथा सहदेव चौधरी पिता जगदीश चौधरी, फतेहपुर गांव निवासी अरुण कुमार पिता गणेश रविदास, अशरफपुर गांव निवासी अर्जुन यादव पिता बाली यादव एवं लालू यादव पिता बलों यादव, माधोपुर गांव निवासी विनोद राजवंशी पिता काली राजवंशी तथा भटबिगहा गांव निवासी उपेंद्र यादव पिता बढ़ो यादव को गिरफ्तार किया गया।
थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय से जारी वारंटों के निष्पादन को लेकर पुलिस लगातार अभियान चला रही है। फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है। उन्होंने कहा कि कानून से बचकर लंबे समय तक फरार रहना संभव नहीं है। वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। पुलिस की इस कार्रवाई के बाद थाना क्षेत्र में फरार वारंटियों के बीच हड़कंप की स्थिति बनी हुई है। पुलिस ने आम लोगों से भी कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की है।

# संभावनाओं का जायजा लेने केवीके पहुंची विस समिति



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** बिहार विधानसभा की कृषि उद्योग विकास समिति अपने तीन दिवसीय अध्ययन भ्रमण के दौरान गुरुवार को ग्राम निर्माण मंडल द्वारा संचालित कृषि विज्ञान केंद्र,सर्वोदय आश्रम सोखोदेवरा पहुंची। समिति के सभापति एवं विधायक मिथुन कुमार तथा रजौली विधायक विमल राजवंशी का ग्राम निर्माण मंडल के प्रधानमंत्री अरविंद कुमार एवं केवीके के वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ० जयवंत कुमार सिंह ने स्वागत किया। सदस्यों ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। समिति ने कृषि विज्ञान केंद्र की विभिन्न प्रत्यक्षण इकाइयों का निरीक्षण कर प्राकृतिक एवं जैविक खेती,उन्नत कृषि तकनीक, नर्सरी प्रबंधन और फसल उत्पादन की जानकारी ली। सदस्यों ने स्थानीय कृषि उत्पादों के प्रसंस्करण, मूल्य संवर्धन और कृषि आधारित लघु उद्योगों को बढ़ावा देने पर जोर दिया। समिति ने अमरूद, कंटोला, मशरूम आदि उत्पादों के प्रसंस्करण के लिए क्लस्टर विकसित करने,प्राकृतिक एवं जैविक उत्पादों की ब्रांडिंग और मार्केटिंग मजबूत करने का सुझाव दिया। समिति ने कहा कि भ्रमण के दौरान प्राप्त सुझावों एवं चुनौतियों को रिपोर्ट में शामिल कर विधानसभा में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके पूर्व दोनों विधायकों ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जेपी निवास का अवलोकन किया।

# सेमिनार में भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ी एसटीईएम शिक्षा पर मंथन

## कॉलेज परिसर में एसटीईएम पार्क का उद्घाटन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**एकमा (सारण)।** रामाधार सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, एकमा में गुरुवार को भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में एसटीईएम शिक्षाशास्त्र विषय पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षक-प्रशिक्षुओं को भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक एसटीईएम शिक्षा के बीच संबंध से परिचित कराना तथा रचनात्मक एवं समग्र शिक्षण के लिए प्रेरित करना था। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा में ज्ञान को केवल पुस्तकीय विषय तक सीमित नहीं माना गया है, बल्कि जीवन, प्रकृति, समाज, कला, विज्ञान, तर्क, गणित और अनुभव से जोड़कर देखा गया है। विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कला और गणित को एक-दूसरे से जोड़कर पढ़ाने से विद्यार्थियों में समस्या समाधान, तार्किक चिंतन, रचनात्मकता, नवाचार और सहयोगात्मक अधिगम की क्षमता विकसित की जा सकती है।
कॉलेज के सचिव ई. जयप्रकाश सिंह ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि विभिन्न विषयों को एकीकृत कर विद्यार्थियों के लिए अधिक रोचक और प्रभावी शिक्षण वातावरण तैयार किया जा सकता है। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में एसटीईएम पार्क का उद्घाटन भी किया गया। इसमें विज्ञान, प्रौद्योगिकी और गणित से जुड़ी विभिन्न अवधारणाओं को प्रदर्शित किया गया है। आयोजकों के अनुसार, यह बिहार के शैक्षणिक संस्थानों में शुरू किए गए शुरूआती एसटीईएम पार्कों में शामिल है।
सेमिनार को संबोधित करने वाले मुख्य वक्ताओं में प्रो. (डॉ.) रमाकांत मोहाली, एनसीईआरटी, भुवनेश्वर ने अनुभव आधारित शिक्षण को प्रभावी शिक्षाशास्त्र बताया। प्रो. (डॉ.) मृगेंद्र कुमार, गणित शिक्षाशास्त्र, आईजीएमसी सहरसा ने एसटीईएम शिक्षा को भारतीय ज्ञान परंपरा के अनुरूप बताया। प्रो. (डॉ.) ज्ञान देवमणि त्रिपाठी, आर्यभट्ट ज्ञान विवि, पटना ने शिक्षक के प्रोत्साहन को प्रेरणादायक शिक्षा का आधार बताया। वहीं प्रो. (डॉ.) विनोद कुमार सिंह, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के संदर्भ में विज्ञान को कला से जोड़कर अध्ययन कराने पर जोर दिया।
सेमिनार में महाविद्यालय के अनूप कुमार, नागेंद्र कुमार सिंह, हरिशंकर सिंह, अजीत कुमार, ट्रस्टी राजीव कुमार शर्मा, प्रो. सुमन कुमार सिंह, ठाकुर सिंह, शिक्षक कमल सिंह सेंगर, शिक्षाविद अनिल कुमार सिंह, राजनाथ सिंह, राजेश कुमार, पूर्व मुखिया जाकिर हुसैन अंसारी, अमित कुमार, मोतीचंद प्रसाद, संजय कुमार पांडेय, नागेंद्र कुमार आदि अन्य शिक्षक, शिक्षकेतर कर्मचारी एवं शिक्षक-प्रशिक्षु मौजूद रहे। प्रशिक्षुओं ने भी एसटीईएम आधारित शिक्षण की संभावनाओं पर अपने विचार रखे। कार्यक्रम का समापन महाविद्यालय के सचिव ई जयप्रकाश सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

# मध्य विद्यालय में चहारदीवारी व संस्कृत शिक्षक की मांग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के सलैया पंचायत स्थित मध्य विद्यालय चौथईया मदनपुर-कासमा मुख्य सड़क के किनारे संचालित है। विद्यालय में चारदीवारी नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं की सुरक्षा को लेकर हमेशा दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। शैक्षणिक कार्य के बाद बच्चों को विद्यालय परिसर से सीधे सड़क की ओर निकलना पड़ता है, जबकि इस मार्ग पर दिनभर छोटी-बड़ी गाड़ियों का आवागमन होता रहता है। ग्रामीणों के अनुसार, पूर्व में कई बार बच्चे सड़क दुर्घटनाओं का शिकार भी हो चुके हैं। इसी क्रम में मदनपुर प्रखंड की उपप्रमुख अस्मिता कुमारी, पिरवां पंचायत की पंचायत समिति सदस्य मैत्री देवी और समिति प्रतिनिधि उदय कुमार यादव सहित अन्य लोगों ने विद्यालय का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्र-छात्राएं नियमित रूप से पढ़ाई करते मिले। सभी शिक्षक भी शैक्षणिक कार्य में जुटे थे। विद्यालय में अनुशासन, शिष्टाचार और साफ-सफाई की व्यवस्था भी संतोषजनक पाई गई।
विद्यालय की प्रभारी प्रधानाध्यापक संगीता कुमारी ने निरीक्षण के दौरान विद्यालय की समस्याओं से उपप्रमुख को अवगत कराया। उन्होंने बच्चों की सुरक्षा के लिए विद्यालय में चारदीवारी निर्माण कराने तथा संस्कृत शिक्षक का पदस्थापन कराने की मांग रखी। प्रधानाध्यापक ने बताया कि चारदीवारी नहीं रहने के कारण बच्चों की सुरक्षा को लेकर हमेशा चिंता बनी रहती है। उपप्रमुख अस्मिता कुमारी ने चारदीवारी निर्माण के लिए आवश्यक पहल करने का आश्वासन दिया। वहीं, संस्कृत शिक्षक के पदस्थापन को लेकर शिक्षा विभाग के वरीय अधिकारियों से बात करने की बात कही। उन्होंने विद्यालय की अन्य आवश्यकताओं को भी संबंधित विभाग तक पहुंचाने का भरोसा दिलाया।

# कबड्डी प्रतियोगिता में पाकुड़ का प्रतिनिधित्व करेंगे खिलाड़ी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पाकुड़।** 20वीं राज्यस्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला कबड्डी प्रतियोगिता तथा राज्यस्तरीय विद्यालय कबड्डी प्रतियोगिता में पाकुड़ जिले का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों के बीच जर्सी का वितरण किया गया। इस दौरान उपायुक्त मेघा भारद्वाज समेत जिले के वरीय पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों से मुलाकात कर उनका उत्साह बढ़ाया और प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं। प्रतियोगिताओं में झारखंड के विभिन्न जिलों की टीमें हिस्सा लेंगी। पाकुड़ की टीम भी प्रतियोगिता में शामिल होकर जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। वहीं, जिले की बालिका कबड्डी टीम राज्यस्तरीय खेलो झारखंड प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए रांची रवाना होगी। प्रतियोगिता छह और सात अक्टूबर को हरिवंश टाना भगत स्टेडियम, रांची में आयोजित होगी। पदाधिकारियों ने खिलाड़ियों को खेल भावना, अनुशासन और टीम भावना के साथ प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएं खिलाड़ियों को प्रतिभा प्रदर्शन के साथ अनुभव हासिल करने का अवसर देती हैं। खिलाड़ियों से आत्मविश्वास और पूरी लगन के साथ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया गया।जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष एवं सचिव ने जिला प्रशासन के सहयोग के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि जर्सी और अन्य आवश्यक सहयोग मिलने से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ा है।

# सड़क-नाला निर्माण का शिलान्यास



**पाकुड़।** नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर पांच स्थित हाटपाड़ा हटिया परिसर में गुरुवार को सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। करीब 3.76 लाख रुपये की लागत से होने वाले कार्य की आधारशिला नगर परिषद अध्यक्ष शबरी पाल और उपाध्यक्ष राणा ओझा ने नारियल फोड़कर एवं पूजा-अर्चना के साथ रखी।
निर्माण कार्य पूरा होने के बाद क्षेत्र में सड़क की स्थिति बेहतर होने के साथ जल निकासी की समस्या से भी लोगों को राहत मिलने की उम्मीद है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क की खराब स्थिति और जल निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने के कारण बरसात में जलजमाव की समस्या उत्पन्न होती थी, जिससे दुकानदारों और राहगीरों को परेशानी होती थी।
नगर परिषद उपाध्यक्ष राणा ओझा ने कहा कि सभी वार्डों में बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। सड़क और नाला जैसी बुनियादी सुविधाओं से जुड़ी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। अध्यक्ष शबरी पाल ने कहा कि विकास योजनाओं का लाभ सीधे आम नागरिकों तक पहुंचना चाहिए। उन्होंने निर्माण कार्य में गुणवत्ता का ध्यान रखने और निर्धारित समय सीमा में कार्य पूरा करने का निर्देश दिया।
शिलान्यास के दौरान कई वार्ड पार्षद, नगर परिषद के अभियंता, कर्मचारी एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। निर्माण कार्य शुरू होने से स्थानीय लोगों ने खुशी जताते हुए गुणवत्तापूर्ण और समय पर कार्य पूरा कराने का आग्रह किया।

**संक्षिप्त समाचार**

## सातवें स्थान पर रहे अनीश, 15 मेडल के साथ भारत का शूटिंग अभियान समाप्त

**नागोया।** 'एशियन गेम्स- 2026' में भारतीय शूटर अनीश भनवाला गुरुवार को आइची प्रीफेक्चरल जनरल शूटिंग गैलरी में पुरुषों के 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल व्यक्तिगत फाइनल में सातवें स्थान पर रहे। इसके साथ ही भारत का शूटिंग अभियान 15 मेडल के साथ समाप्त हो गया। अनीश का स्कोर अन्य शूटर्स के साथ 11 पर टाई हुआ, लेकिन क्वालिफिकेशन में कम रैंकिंग के



कारण 'काउंटबैक' नियम से वे बाहर हो गए और सातवें स्थान पर रहे। एशियन गेम्स में भारतीय शूटर्स ने तीन गोल्ड, आठ सिल्वर और 4 ब्रॉन्ज मेडल के साथ अपना अभियान खत्म किया। अनीश ने क्वालिफिकेशन राउंड में 576-17× के स्कोर के साथ 9वां स्थान हासिल करने के बावजूद पुरुषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। टॉप आठ में साउथ कोरिया के तीन शूटर्स शामिल थे, लेकिन फाइनल में प्रति एनओसी (नेशनल ओलंपिक कमेटी) केवल दो शूटर्स को ही अनुमति होती है, जिससे अनीश के लिए आठवां और अंतिम क्वालिफाइंग स्थान हासिल करने का रास्ता साफ हो गया।

## मनु फ्रांसिस और प्रिंस कुरिसिंकल नोबल ने पुरुषों के स्किफ इवेंट में सिल्वर जीता

**गामागोरि सिटी।** एशियन गेम्स में भारत ने सेलिंग में अपना पहला मेडल जीता। गुरुवार को पुरुषों के स्किफ इवेंट में मनु फ्रांसिस और प्रिंस कुरिसिंकल नोबल ने सिल्वर मेडल हासिल किया। नौ रेस के बाद वे चीन की जोड़ी के बाद दूसरे स्थान पर रहे। भारतीय जोड़ी ने 23 पॉइंट्स के साथ रेगाटा (सेलिंग प्रतियोगिता) खत्म किया। चीन की जोड़ी, वेन जाइडिंग और लियू तियान ने 16 पॉइंट्स के साथ गोल्ड मेडल जीता, जो भारतीय जोड़ी से चार



पॉइंट्स कम थे। हांगकांग, चीन के अकीरा ल्यूक सकाई और रसेल आयल्सवर्थ 24 पॉइंट्स के साथ तीसरे स्थान पर रहे। फ्रांसिस और नोबल का प्रदर्शन लगातार अच्छा रहा। उनका सबसे अच्छा नतीजा तीसरी रेस में आया, जिसे उन्होंने जीता। भारतीय सेलर्स ने रेस 3 जीती और रेस 1, 5 और 9 में दूसरे स्थान पर रहे। नौ रेस में उन्होंने कुल 29 पॉइंट्स हासिल किए। रेस 8 में छठे स्थान पर रहने के नतीजे को हटाकर उनका नेट स्कोर 23 रहा।

## महिला स्क्वैश टीम ने जीता ब्रॉन्ज मेडल, सेमीफाइनल में हांगकांग से मिली हार

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय महिला स्क्वैश टीम ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। हालांकि, टीम को सेमीफाइनल में हांगकांग के खिलाफ हार 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।



सेमीफाइनल मुकाबले की शुरुआत भारतीय महिला स्क्वैश टीम के लिए अच्छी नहीं रही। अनाहत सिंह ने चान सिन युक के खिलाफ शानदार शुरुआत की और पहले दो गेम जीते। अनाहत ने पहला गेम 11-9 और दूसरा गेम 11-8 से अपने नाम किया।



**एशियन गेम्स: पाकिस्तान को 4-3 से हराया, कप्तान हरमनप्रीत ने मारे 2 गोल**

# फाइनल में भारतीय हॉकी टीम

**काकामिगहारा।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने पाकिस्तान को एक रोमांचक सेमीफाइनल मुकाबले में हराकर फाइनल में जगह बना ली है। भारतीय टीम ने पाकिस्तान को 4-3 से हराया। मौजूदा चैंपियन ने अब एक और मेडल पक्का कर लिया है। पाकिस्तान के खिलाफ खेला गया यह सेमीफाइनल मुकाबला बेहद रोमांचक रहा और मैच के अधिकांश समय में भारतीय टीम ने दबदबा बनाए रखा था। मैच के आखिरी हाफ में पाकिस्तान ने जोरदार वापसी की कोशिश की, लेकिन आखिरी मिनट में अभिषेक के किए गोल ने न सिर्फ पाकिस्तान पर भारत को जीत दिलाई बल्कि एशियन गेम्स 2026 के फाइनल का टिकट भी दिलाया। भारत 3-0 की बढ़त के साथ आसान जीत की ओर बढ़ रहा था, लेकिन पाकिस्तान ने वापसी करते हुए आखिरी क्वार्टर की शुरुआत में ही स्कोर बराबर कर दिया। इसके बाद अभिषेक ने आखिरी मिनट में निर्णायक गोल करके भारत को फिर से बढ़त दिलाई और टीम को फाइनल में पहुंचा दिया।

## पुरुष वॉलीबॉल क्वार्टर फाइनल में भारत को पाकिस्तान से मिली हार



**ओकाजाकी।** भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम को गुरुवार को खेले गए क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ सीधे सेटों में हार का सामना करना पड़ा। इस हार के साथ ही एशियन गेम्स में पदक जीतने का भारतीय पुरुष वॉलीबॉल टीम का 1986 से चला आ रहा इंतजार बरकरार है। पाकिस्तान ने ओकाजाकी चुओ सोगो पार्क जिम्नेजियम में खेले गए एकतरफा मुकाबले में भारत को 25-19, 25-23, 25-18 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पाकिस्तान वॉलीबॉल टीम ने 64 साल में पहली बार एशियाई खेलों में शीर्ष चार में जगह बनाई है। मैच की शुरुआत में भारत और पाकिस्तान के बीच मुकाबला बराबरी का था। स्कोर 11-11 की बराबरी पर था। इसके बाद पाकिस्तान ने पहले सेट में बढ़त बनानी शुरू की और लगातार पांच पॉइंट जीतकर 16-11 से आगे हो गया।

**ग्रीको-रोमन रेसलिंग में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर**

# सुनील कुमार ने इतिहास रचा

**नागोया।** एशियन गेम्स 2026 में बुधवार को सुनील कुमार ने पुरुषों के 87 किलोग्राम ग्रीको-रोमन रेसलिंग इवेंट में फिलीपींस के कैलम जॉनस्टन रॉबर्ट्स के खिलाफ 'टेक्निकल सुपीरियरिटी' के आधार पर 9-0 से जीत हासिल की। इसी के साथ सुनील ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम कर लिया। सुनील ने एशियन गेम्स में लगातार दूसरी बार ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम करते हुए रिकॉर्ड बुक में नाम दर्ज करवा लिया है। 27 वर्षीय सुनील एशियन गेम्स में दो ग्रीको-रोमन रेसलिंग मेडल जीतने वाले पहले भारतीय रेसलर बन गए हैं। हांगझोऊ 2022 में इसी कैटेगरी में ब्रॉन्ज मेडल जीतने के बाद पोडियम पर वापसी करते हुए, सुनील को नागोया सिटी इनाए स्पोर्ट्स सेंटर में मुकाबला जीतने के लिए मुश्किल से एक राउंड की जरूरत पड़ी। उन्होंने तुरंत मैच पर पकड़ बना ली और शुरुआती दांव-पेच में रॉबर्ट्स को दो बार पटखनी देकर चार



प्वाइंट्स हासिल किए। इसके बाद प्रतिद्वंद्वी की निष्क्रियता (पैसिविटी) के कारण उन्हें एक और प्वाइंट्स मिला, जिससे मुकाबले के शुरू होने के 90 सेकंड के भीतर ही भारतीय खिलाड़ी को 5-0 की बढ़त मिल गई। सुनील ने ढील देने का कोई संकेत नहीं दिखाया। उन्होंने एक और 'पैसिविटी' स्थिति का फायदा उठाते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को नीचे गिराकर बढ़त को 7-0 कर दिया, जिससे रॉबर्ट्स भारतीय खिलाड़ी के लगातार हमलों का जवाब खोजने के लिए संघर्ष करते दिखे।

इसके कुछ ही देर बाद मुकाबला खत्म हो गया। सुनील ने एक और स्कोरिंग मूव करते हुए दो और प्वाइंट्स हासिल किए और 'टेक्निकल सुपीरियरिटी' के लिए जरूरी नौ प्वाइंट्स के अंतर तक पहुंच गए, जिससे मुकाबले का शानदार अंत हुआ।

यह ब्रॉन्ज मेडल उनके करियर में एक और अध्याय जोड़ता है, जिसमें पहले से ही छह एशियन चैंपियनशिप मेडल शामिल हैं। अब सुनील कॉन्टिनेंटल गेम्स में एक से ज्यादा ग्रीको-रोमन मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं।

**एशियन गेम्स 2026: श्रीलंका को 124 रन से रौंदकर फाइनल में पहुंचा भारत**

# गोल्ड के लिए भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान




**जापान।** एशियन गेम्स 2026 में भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल में जगह बना ली है। सेमीफाइनल मुकाबले में भारत ने श्रीलंका को 124 रन के बड़े अंतर से हराया। अब गोल्ड मेडल के लिए भारतीय टीम का सामना पाकिस्तान से होगा। पाकिस्तान ने पहले सेमीफाइनल में बांग्लादेश को 6 विकेट से मात देकर फाइनल का टिकट कटाया। भारत ने बनाए 169 रन निशिन में खेले गए सेमीफाइनल में श्रीलंका ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। भारतीय टीम ने निर्धारित 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 169 रन का स्कोर खड़ा किया। भारत की ओर से ईशान किशन ने नाबाद 80 रन की शानदार पारी खेली। वहीं, वैभव सूर्यवंशी ने महज 21 गेंदों में 38 रन बनाकर टीम के स्कोर को तेजी से आगे बढ़ाया।

### 45 रन पर ढेर हुई श्रीलंका की टीम

170 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका की पारी भारतीय गेंदबाजों के सामने पूरी तरह लड़खड़ा गई। पूरी टीम महज 9.5 ओवर में 45 रन पर ऑलआउट हो गई। श्रीलंका के 6 बल्लेबाज अपना खाता तक नहीं खोल सके। भारत की ओर से जसप्रीत बुमराह, अक्षर पटेल और अभिषेक शर्मा ने 2-2 विकेट हासिल किए। भारतीय गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के चलते श्रीलंकाई बल्लेबाज टिक नहीं सके और भारत ने मुकाबला 124 रन से अपने नाम कर लिया।

## ईशान किशन की दमदार पारी

एशियन गेम्स 2026 के दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की भिड़ंत श्रीलंका से हो रही है। कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क के मैदान पर पहले बल्लेबाजी करते हुए भारत ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 169 रन बनाए। टॉस गंवाकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अभिषेक शर्मा 3 गेंदों में महज 7 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद संजू सैमसन भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 9 गेंदों में 7 रन बनाकर पवेलियन लौटे। कप्तान श्रेयस अय्यर का प्रदर्शन भी निराशाजनक रहा और वह 13



रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, प्लेइंग इलेवन में लौटे वैभव सूर्यवंशी बेहतरीन लय में दिखाई दिए और उन्होंने 21 गेंदों में 38 रनों की अहम पारी खेली। वैभव ने अपनी इस पारी में 6 चौके और 2 छक्के लगाए। वैभव के पवेलियन लौटने के बाद भारतीय पारी को ईशान किशन ने संभाला। दूसरे छोर से भारतीय टीम विकेट गंवाती रही, लेकिन ईशान क्रीज पर डटे रहे। उन्होंने 33 गेंदों में अपना अर्धशतक पूरा किया। फिफ्टी पूरा होने के बाद विकेटकीपर-बल्लेबाज ने अपना अंदाज बदला और उन्होंने अगली 13 गेंदों में 30 रन बनाए। ईशान 46 गेंदों में 80 रन बनाकर नाबाद रहे। अपनी इस पारी के दौरान उन्होंने 4 चौके और 5 छक्के लगाए।
अक्षर पटेल बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 13 गेंदों का सामना करने के बावजूद सिर्फ 8 रन ही बना सके। उपकप्तान तिलक वर्मा 2 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जबकि शिवम दुबे महज 3 रन बनाकर थरिंदु रत्नायके का शिकार बने। वॉशिंगटन सुंदर 3 गेंदों में 7 रन बनाकर नाबाद रहे।

## पाकिस्तान ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई

**निशिन।** पाकिस्तान ने बांग्लादेश को सेमीफाइनल में 6 विकेट से हराकर एशियन गेम्स 2026 के पुरुष क्रिकेट इवेंट के फाइनल में जगह बना ली है। बारिश की वजह से गीले आउटफील्ड के कारण कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में 20 ओवर की जगह 13 ओवर का मैच खेला गया। पाकिस्तान को जीत के लिए 112 रन का लक्ष्य मिला था। पाकिस्तान की शुरुआत खराब रही। टीम के कप्तान और सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान सिर्फ 1 रन बनाकर आउट हो गए। माज सदाकत 7 गेंदों पर 15 और उस्मान खान 9 गेंदों पर 14 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद सईम अयूब ने 12 गेंदों पर 2 छक्कों और 1 चौके की मदद से 21 रन बनाकर लक्ष्य हासिल करने की गति बरकरार रखी।



### 'हालात बिल्कुल भी अच्छे नहीं थे'

बांग्लादेश क्रिकेट टीम को एशियन गेम्स 2026 के पुरुष सेमीफाइनल मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के कप्तान लिटन दास हार से निराश नजर



आए। दास ने हार की वजह एशियाई खेलों में तैयारी और गेम टाइम की कमी को बताया। हार के बाद पत्रकारों से बात करते हुए लिटन ने कहा, 'हालात बिल्कुल भी अच्छे नहीं थे। हम कई दिनों से अपने कमरों में बैठे थे, फिर टॉस भी हार गए, इसलिए हम ज्यादा कुछ नहीं कर सकते थे। पिच को समझना भी मुश्किल था। अगर हम अच्छा खेलते तो बेहतर होता, लेकिन इतने लंबे समय तक खाली बैठे रहने के बाद अचानक मैदान पर आकर शानदार पारी खेलना आसान नहीं होता। हमें उस स्थिति से उबारने का श्रेय हृदोय को जाता है।



# गुवाहाटी में 'गरजा' गिल का बल्ला

**'दोहरे शतक' के साथ वेस्टइंडीज को 8 विकेट से रौंदा, वनडे सीरीज में भारत की अजेय बढ़त**

**गुवाहाटी।** कप्तान शुभमन गिल की डबल सेंचुरी के दम पर भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ बारसापरा क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए वनडे सीरीज के दूसरे मुकाबले को 8 विकेट से अपने नाम किया। बुधवार को खेले गए इस मैच में दमदार जीत के साथ टीम इंडिया ने तीन मुकाबलों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त हासिल कर ली है। टॉस गंवाकर बल्लेबाजी के लिए उतरी वेस्टइंडीज ने निर्धारित ओवरों में 7 विकेट खोकर 405 रन बनाए। इस टीम को 37 के स्कोर पर कीसी कार्टी (9) के रूप में पहला झटका लग गया था, जिसके बाद जॉन कैंपबेल ने शाई होप के साथ दूसरे विकेट के लिए 79 गेंदों में 110 रन जोड़ते हुए टीम को 147 के स्कोर तक पहुंचा दिया। कैंपबेल 68 गेंदों में 5 छक्कों और 9 चौकों के साथ 101 रन बनाकर पवेलियन लौटे, जिसके बाद कप्तान शाई होप ने आमिर जंगू के साथ 131 गेंदो में 182 रन जोड़कर टीम को 300 के पार पहुंचा दिया।

होप 94 गेंदों में 104 रन बनाकर आउट हुए। उनकी इस पारी में 3 छक्के और 8 चौके शामिल रहे, जबकि आमिर 77 गेंदों में 3 छक्कों और 13 चौकों के साथ 114 रन बनाकर आउट हुए। इनके अलावा, रोस्टन चेज ने 29 रन की नाबाद पारी खेली।

भारत के लिए गूरनूर बरार, रवींद्र जडेजा और कुलदीप यादव ने 2-2 विकेट हासिल किए, जबकि प्रसिद्ध कृष्णा ने 1 विकेट अपने नाम किया।

इसके जवाब में भारत ने 43.3 ओवरों में मुकाबला अपने नाम कर लिया। रोहित शर्मा ने कप्तान शुभमन गिल के साथ पहले विकेट के लिए 158 गेंदों में 255 रन की साझेदारी करते हुए टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई।

रोहित 75 गेंदों में 6 छक्कों और 10 चौकों के साथ 101 रन बनाकर आउट हुए, जिसके बाद गिल ने विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंदों में 65 रन जुटाकर टीम को 300 के पार पहुंचा दिया।

यहां से गिल ने ऋतुराज गायकवाड़ के साथ मोर्चा संभाला। दोनों बल्लेबाजों ने 68 गेंदों में 86 रन की अटूट साझेदारी करते हुए टीम को आसान जीत दिलाई। गिल 133 गेंदों में 223 रन बनाकर नाबाद रहे।

## एशियन गेम्स के फाइनल में कैसा रहा है टीम इंडिया का रिकॉर्ड, पाकिस्तान के खिलाफ 'वर्चस्व' बरकरार रखने की चुनौती

**नई दिल्ली।** भारतीय मेंस क्रिकेट टीम ने एशियन गेम्स 2026 के फाइनल में अपनी जगह बना ली है। श्रीलंका को सेमीफाइनल में 124 रनों से रौंदकर टीम इंडिया अब फाइनल में पाकिस्तान के खिलाफ अपने गोल्ड मेडल का बचाव करने



उतरेगी। भारतीय टीम को एशियन गेम्स के फाइनल में खेलने का मौका अब तक एक बार भी नहीं मिला है। पिछले एशियन गेम्स में टीम इंडिया ने फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन वो मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था। बेहतर टी20 रैंकिंग के आधार पर अफगानिस्तान के खिलाफ भारतीय टीम को विजेता घोषित करते हुए गोल्ड मेडल दिया गया था। अफगानिस्तान ने इस मैच में 18.2 ओवर बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 112 रन बनाए थे। गेंदबाजी में अर्शदीप सिंह, शिवम दुबे और रवि बिश्नोई एक-एक विकेट निकालने में सफल रहे थे।

# तीन दिवसीय आंगन मिलन कार्यक्रम सम्पन्न, डीडीसी, डीपीआरओ ने लिया जायजा





**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** जिले भर के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों पर 29 सितंबर से 1 अक्टूबर तक ह्यआंगन मिलनह्ण के तहत तीन दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों, अभिभावकों एवं लाभार्थी माताओं को आंगनबाड़ी केंद्रों से जोड़ना तथा पोषण, स्वास्थ्य और प्रारंभिक बाल विकास के प्रति जागरूक करना है।

जहां कार्यक्रम के पहले दिन मंगलवार को बच्चों का स्वागत एवं माता-पिता व अभिभावकों का आमंत्रण, लाभार्थी माताओं द्वारा अनुभव साझा करना,पोषण एवं स्वास्थ्य संवाद तथा मातृ समूह के साथ अन्नप्राशन जैसी गतिविधियां आयोजित की गयी। वहीं बुधवार को बच्चों का स्वागत एवं ईसीसीई गतिविधि, कहानी, गीत व खेल आधारित सीखने की गतिविधियां, ऊर्जा आहार पर माताओं को मार्गदर्शन तथा गुरुवार को स्वागत एवं परिचय के बाद बाल वृद्धि, कहानी, गीत, खेल, रचनात्मक एवं मौखिक आधारित गतिविधियां की गई।इसी कड़ी में जिले के सोनो प्रखंड में बुधवार को जिला पंचायतीराज पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने सीडीपीओ बीनू कुमारी के साथ आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 75 पर पहूंच कर जायजा लिया। जिला पंचायतीराज पदाधिकारी बीरेंद्र कुमार ने गर्भवती महिला प्रीति कुमारी, तमन्ना खारुन को पोषण पोटली देकर गोदभराई की रस्म सम्पन्न कराई गई। बही छःबर्षीय अभिनव कुमार और ईशा कुमारी को अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। गुरुवार को डीडीसी शिप्रा विजय कुमार चौधरी ने जिले के झाझा प्रखंड में आंगन मिलन कार्यक्रम सीडीपीओ सुश्री बंदना दास के साथ दर्जनों आंगनबाड़ी केंद्र पर पहूंच कर जायजा ली और प्रखंड मुख्यालय में पोषण प्रर्दशनी मेला में छःबर्षीय शिशु को अन्नप्राशन संस्कार के साथ साथ गर्भवती महिला को पोषण पोटली देकर गोदभराई रस्म पूरी कराई। जमुई जिले भर में 1555 आंगनबाड़ी केंद्रों पर हर्षोल्लास के साथ आंगन मिलन कार्यक्रम सम्पन्न हुई। मौके पर सीडीपीओ सुश्री बंदना दास,पीओ शुशील कुमार,प्रमुख बदमिया देवी, सोनो सीडीपीओ बीनू कुमारी, महिला पर्यवेक्षिका स्नेहलता कुमारी समेत दर्जनों आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका,बार्ड सदस्य, एएनएम एवं ग्रामीण उपस्थित थे।

# त्योहारों पर न्यू गिरिडीह को मिली बड़ी रेल सुविधा, हावड़ा-खातीपुरा स्पेशल का होगा ठहराव

**गिरिडीह/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दुगार्पूजा, दीपावली एवं छठ महापर्व को देखते हुए रेलवे ने यात्रियों की सुविधा के लिए हावड़ाझ्रखातीपुरा (जयपुर) साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन संख्या 03007/03008 का परिचालन करने का निर्णय लिया है। इस ट्रेन का न्यू गिरिडीह स्टेशन पर ठहराव दिया गया है, जिससे गिरिडीह और आसपास के यात्रियों को त्योहारों के दौरान आवागमन में राहत मिलने की उम्मीद है।

ट्रेन संख्या 03007 हावड़ा खातीपुरा स्पेशल प्रत्येक रविवार रात 11:55 बजे हावड़ा से रवाना होगी और सोमवार सुबह 5:53 बजे न्यू गिरिडीह पहुंचेगी।

वापसी में ट्रेन संख्या 03008 खातीपुरा हावड़ा स्पेशल प्रत्येक मंगलवार रात 10:20 बजे न्यू गिरिडीह से रवाना होगी। यह विशेष रेल सेवा 11 अक्टूबर से 29 नवंबर 2026 तक संचालित होगी।

त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए इस ट्रेन के ठहराव को क्षेत्र के यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण सुविधा माना जा रहा है। पूर्वी रेलवे के जैडआरयूसीसी सदस्य मुकेश जालान ने इस रेल सुविधा के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि त्योहारों के दौरान स्पेशल ट्रेन के परिचालन और न्यू गिरिडीह में ठहराव से क्षेत्र के लोगों को अपने घर आने-जाने में सुविधा मिलेगी।

## समाचार सार

### गौ सम्मान अभियान के तहत गिरिडीह पहुंचे आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज



**गिरिडीह, नवबिहार टाइम्स सं.।** गौसेवा, गौ संरक्षण एवं गौ सम्मान के उद्देश्य से चलाए जा रहे ह्यगौ सम्मान आह्वान अभियानह्ण के तहत पंचखंडपीठा धीश्वर आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज का गिरिडीह आगमन हुआ। पवन धाम, राजस्थान से आए स्वामी सोमेंद्र महाराज को झारखंड एवं ओडिशा का प्रभारी बनाया गया है। अभियान के तहत गौ हत्या पर पूर्ण प्रतिबंध, गौमाता को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान एवं संवैधानिक संरक्षण, गौ सेवा के लिए केंद्रीय स्तर पर प्रभावी व्यवस्था तथा गौ आधारित कृषि एवं अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने जैसी मांगों को लेकर हस्ताक्षर अभियान चलाया जा रहा है। गिरिडीह जिले में अभियान के संचालन के लिए मुकेश जालान को जिला संगठन प्रभारी तथा अमित जालान को संयोजक बनाया गया है। कार्यक्रम में स्वामी सोमेंद्र महाराज के सान्निध्य में बड़ी संख्या में गौसेवक, सनातन धर्मावलंबी एवं समाज के गणमान्य लोग शामिल हुए। इस दौरान बांके बिहारी शर्मा, प्रवीण बगरिया, अनिल धनवारिया, संजय डंगईच और दिनेश खेतान समेत कई गौसेवकों की मौजूदगी रही। अभियान से जुड़े लोगों ने कहा कि उनके अनुसार गौ सेवा और संरक्षण धार्मिक आस्था के साथ भारतीय संस्कृति, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और सामाजिक जिम्मेदारी से भी जुड़ा विषय है।

### हुसैनाबाद में स्वच्छता को लेकर सड़क पर उतरे नगर पंचायत के पदाधिकारी,जनप्रतिनिधि, कर्मी और शहरवासी

**हुसैनाबाद, पलामू/नवबिहार टाइम्स सं।** स्वच्छता ही सेवाह्ण अभियान के तहत हुसैनाबाद नगर पंचायत की ओर से विशेष श्रमदान कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पंचायत कर्मियों, जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने सड़क पर उतरकर सफाई अभियान चलाया। कार्यक्रम की शुरूआत गांधी चौक से हुई। इसके बाद मुख्य बाजार, महावीर मंदिर, अम्बेडकर चौक और सब्जी बाजार होते हुए जेपी चौक तक सड़क एवं आसपास के क्षेत्रों की सफाई की गई। अभियान के दौरान दुकानदारों, ठेला संचालकों और आम नागरिकों को सड़क पर कचरा नहीं फेंकने तथा निर्धारित स्थान पर कचरा रखने के लिए जागरूक किया गया। नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी शशि शेखर सुमन ने कहा कि स्वच्छ शहर के निर्माण के लिए केवल नगर पंचायत का प्रयास पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसमें प्रत्येक नागरिक की भागीदारी जरूरी है। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय कुमार भारती ने कहा कि साफ-सफाई का सीधा संबंध स्वस्थ जीवन से है। शहर को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी सामूहिक है और सभी के सहयोग से ही स्वच्छ एवं सुंदर हुसैनाबाद का निर्माण संभव है।अभियान में नगर पंचायत उपाध्यक्ष सुनील कुमार चौधरी, वार्ड पार्षद उमा देवी, राजकुमार कश्यप, सरवरी बीबी, अभिमन्यु कुमार, शंभू कुमार, पूर्व वार्ड पार्षद अखिलेश यादव, नगर प्रबंधक आशीष निर्मल, अभिषेक राहुल, नगर मिशन प्रबंधक राकेश कुमार सिंह, जेई सुधांशु कुमार, अजित कुमार, अभिजीत दुबे, बृजलाल यादव, सोनू कुमार, रविकांत पटेल, रवि कुमार यादव, संजीत कुमार, सफाई जमादार अवधेश राम सहित नगर पंचायत के कर्मी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक शामिल हुए।

# शराब तस्करी मामले में फरार आरोपी प्रिंस यादव कौआकोल से गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी**



**खैरा/जमुई।** गरही थाना क्षेत्र के दरिमा निवासी प्रिंस यादव, पिता कैलू यादव को पुलिस ने शराब तस्करी से जुड़े मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कौआकोल थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया। प्रिंस यादव गरही थाना में दर्ज कांड संख्या 132/26 में फरार चल रहा था।पुलिस के अनुसार, आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। इसी दौरान उसके कौआकोल थाना क्षेत्र में मौजूद होने की सूचना मिली। सूचना के आधार पर गरही थानाध्यक्ष बिपिन चंद्र पालटा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कौआकोल थाना क्षेत्र में दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आरोपी के संबंध में आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी है। पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई कर रही है।शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर गरही पुलिस लगातार सक्रिय है। थाना क्षेत्र में अपराध और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के साथ-साथ फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है।

**गिरफ्तारी के लिए लगातार जारी थी कोशिश**

# पीएम आवास योजना में छूटे पात्र परिवारों को मिले अवसर, जदयू नेता ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र



**चकाई/जमुई/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के 2024 सर्वेक्षण में जमुई जिले के वास्तविक जरूरतमंदों के नाम छूटने और रसूखदारों के शामिल होने का मामला सामने आया है। जदयू के जिला उपाध्यक्ष सह जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्य राजीव रंजन पाण्डेय ने इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।श्री पाण्डेय ने पत्र में उल्लेख किया कि जिले के ग्रामीण इलाकों में वर्षों से पक्के मकान की आस लगाए सैकड़ों गरीब आज भी कच्चे घरों में रहने को विवश हैं। विशेष रूप से चकाई प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में गंभीर विसंगति देखी गई है।जहां पात्रता रखने वाले भूमिहीन व अत्यंत निर्धन परिवार सूची से बाहर हैं।जबकि साधन संपन्न लोगों के नाम शामिल कर लिए गए हैं। उन्होंने कहा कि पक्का मकान गरीबों के लिए केवल सरकारी सहायता नहीं, बल्कि सम्मानजनक जीवन और बेहतर भविष्य का आधार है।उन्होंने केंद्र सरकार से बिहार सरकार के साथ समन्वय स्थापित कर छूटे हुए पात्र परिवारों को पुनः अवसर प्रदान करने और वर्तमान विवादित सूची को अविलंब स्थगित करने का आग्रह किया है। इसके अलावा लाभार्थियों की पारदर्शी पहचान व सत्यापन के लिए ग्राम सभा को पूर्ण अधिकार देने की मांग उठाई गई। पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी,ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार और जमुई के प्रभारी मंत्री संजय सिंह को भी प्रेषित की गई है।

### हुसैनाबाद थाना से हथकड़ी-रस्सी समेत आरोपी फरार

**हुसैनाबाद, पलामू/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** हुसैनाबाद थाना परिसर से गुरुवार सुबह करीब 8:10 बजे गिरफ्तार आरोपी रीतेश कुमार (19) हथकड़ी और रस्सी समेत फरार हो गया। पुलिस के अनुसार पेट में दर्द की शिकायत पर उसे हाजत से बाहर निकाला जा रहा था। इसी दौरान उसने सुरक्षा में तैनात चौकीदार को धक्का देकर भाग निकला। मामले में बीएनएस की धारा 262 और 132 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### एयर टिकट बुकिंग के नाम पर 1 लाख की साइबर ठगी

**रांची/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राजधानी रांची में टूर एंड ट्रैवल के नाम पर साइबर ठगी का मामला सामने आया है। धुर्वा सेक्टर-2 निवासी अजीत कुमार से एयर टिकट बुकिंग के दौरान साइबर अपराधियों ने करीब 1 लाख रुपये की ठगी कर ली। बताया गया कि अजीत ने रांची से बेंगलुरु जाने के लिए एयर टिकट बुकिंग कराई थी। इसी दौरान अपराधियों ने उनके खाते से रकम उड़ा ली। घटना के बाद पीड़ित ने साइबर थाना में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। साइबर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# गांधी जयंती पर व्यवसायी संघ आज लगाएंगे रक्तदान शिविर

**रक्दाताओं को किया जाएगा रक्तवीर सम्मान से सम्मानित**

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**जमुई मुख्यालय।** महात्मा गाँधी की जयंती के सुअवसर पर जमुई व्यवसायी संघ की ओर से 2 अक्टूबर को सदर अस्पताल परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजित किया जाएगा।

उक्त बातें संघ के पदाधिकारियों ने प्रेस वार्ता कर कार्यक्रम की जानकारी दी। मौके पर संघ के अध्यक्ष मदन कुमार सिंह और महासचिव शंकर साह ने बताया कि शिविर में व्यवसायी संघ के सदस्यों के साथ आम लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्री नवीन, पुलिस अधीक्षक विश्वजीत दयाल और अनुमंडल पदाधिकारी सौरव कुमार के शामिल होने की बात कही गई। शिविर में चिकित्सक और अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहेंगे।

संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि रक्तदान के माध्यम से जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। साथ ही लोगों में नियमित रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। रक्तदान करने वाले लोगों को व्यवसायी संघ की ओर से ह्यरक्तवीरह्ण सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। वहीं संघ के पदाधिकारियों ने व्यवसायियों और आम लोगों से शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर रक्तदान करने की अपील की। मौके पर सह संयोजक मोहन राव, सदस्य महेंद्र बरनवाल, रोशन शर्मा, अरुण साहा, रवि केसरी, गोपाल बरनवाल और जावेद अंसारी मौजूद थे।

# अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धों को किया गया सम्मानित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।**अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज शहर के रावणेश्वर हॉल में वृद्धजनों के अधिकारों , सम्मान गरिमा एवं कल्याण के प्रति सामाजिक जागरूकता बढ़ाने तथा नई और पुरानी पीढ़ी के बीच आत्मीय संबंधों को और मजबूत करने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जिला शिक्षा विभाग तथा जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग की महत्वपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सहायक निदेशक, जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग काजोल मोदी द्वारा सभी अतिथियों, वरिष्ठ नागरिकों, वृद्धजनों एवं बच्चों के आत्मीय स्वागत के साथ किया गया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में उन्होंने कहा कि आज की तेज रफ्तार जिंदगी में नई पीढ़ी को थोड़ा ठहरकर अपने बुजुर्गों के साथ समय बिताने और उनके अनुभवों को सुनने की आवश्यकता है। उन्होंने बच्चों एवं युवाओं से अपील की कि वे प्रतिदिन कुछ समय अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के साथ अवश्य बिताएं। उन्होंने कहा कि बुजुर्ग केवल परिवार के वरिष्ठ सदस्य नहीं, बल्कि अनुभव, संस्कार और जीवन-मूल्यों की ऐसी जीवंत धरोहर हैं, जिनसे आने वाली पीढ़ियां बहुत कुछ सीख सकती हैं। बुजुर्गों के अनुभव और नई पीढ़ी की ऊर्जा का समन्वय ही एक संवेदनशील एवं सशक्त समाज की आधारशिला बन सकता है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पदाधिकारी श्री नवीन ने उपस्थित सभी वरिष्ठ नागरिकों एवं वृद्धजनों का आत्मीय अभिनंदन करते हुए कहा कि हमारे बुजुर्ग परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं, जिनके पास जीवन

# जिले के 383 ईट भट्टों पर लगभग 4.25 करोड़ रुपए बकाया

**बिहार सरकार ने वन टाईम सेटलमेंट का दिया अवसर**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई।** जिले के 383 ईट भट्टों पर चार करोड़ चौबीस लाख उनचास हजार छियानवे रुपए इकतीस पैसे बकाया है। उक्तआशय की जानकारी जिला खनन अधिकारी रणधीर कुमार ने दी। जबकि बिहार राज्यान्तर्गत 38 जिलों में ईंट सत्र 2024-25 तक स्वामिस्व की राशि जमा नहीं करने वाले ईंट-भट्ठों की कुल स्वामिस्व की राशि 226.40 करोड़, रुपए अधिरोपित जुमार्ना/ब्याज की राशि 90.26 करोड़ रुपए अर्थात कुल समेकित एवं जुमार्ना की राशि 316.66 करोड़ रुपए होती है। 316.66 करोड़ रुपए की राशि में मात्र 27.28 करोड़ रुपए संबंधित जिला खनन कार्यालय द्वारा नीलाम पत्र/ प्राथमिकी दर्ज कर वसूल की गई है। वर्तमान में 289.38 करोड़ रुपए की राशि बकाया है। समीक्षा के क्रम में यह पाया गया है कि नीलाम पत्र वादों में ब्याज की राशि लगातार बढ़ती जा रही है एवं नीलाम पत्र देनदार उसे चुका पाने में अत्यन्त कठिनाई का सामना कर रहे है। ईंट-भट्ठा व्यवसायियों द्वारा समय-समय पर अन्य विभागों की भाँति (एकमुश्त समाधान योजना) योजना लाये जाने का अनुरोध किया जाता रहा है। वर्तमान में प्रभावी बिहार खनिज नियमावली-2019 (यथा संशोधित 2026) के नियम 38 में ईंट-भट्ठों में उपयोग के लिए ईट मिट्टी हेतु समेकित स्वामिस्व के निर्धारण एवं भुगतान की प्रक्रिया के संबंध में प्रावधान है। नियम-55 में किसी लगान स्वामिस्व अथवा फीस या सरकार की बकाया राशि पर साधारण ब्याज प्रभारित करने का प्रावधान है। इसके अतिरिक्त नियम-82 में इस नियमावली के अधीन भुगतेय बकाया राशि बिहार लोक मांग वसूली अधिनियम, 1914 के अधीन लोक मांग के अनुरूप वसूलनीय है।बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली-2019 यथासंशोधित के नियम-77 (1) के तहत राज्य सरकार इस नियमावली के किसी प्रावधान को लोक हित में शिथिल कर सकती है।विभाग द्वारा ईंट भट्ठे पर बकाये से संबंधित एकमुश्त समाधान योजना लाया जाना प्रस्तावित है। खान एवं भूतत्व विभाग के पदाधिकारी द्वारा नीलाम पत्र पदाधिकारी को ईंट-भट्ठे पर बकाया राशि वसूली के लिए नीलाम पत्र वाद संस्थित करने के लिए भेजी गई अधियाचना में उल्लेखित कुल बकाया राशि में से ब्याज की राशि छोड़कर शेष बची राशि (इसे आगे "एकमुश्त समाधानित राशि" कहा जाएगा) जमा कर देने की स्थिति में विभाग के पदाधिकारी द्वारा संबंधित नीलाम पत्र पदाधिकारी को यह लिखकर प्रतिवेदित कर दिया जाएगा कि अब संबंधित नीलाम पत्र देनदार पर कोई "लोक मांग" बकाया नहीं है।

# सनातन जागृति के लिए स्केटिंग

**पर तीर्थ यात्रा पर निकला नवादा का युवक**



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता गिद्धौर/जमुई ।**बिहार के नवादा जिले के पकरी बरावां बरतारा गांव निवासी भगवान पाल के पुत्र गणेश कुमार स्केटिंग शू के सहारे चार धाम और 12 ज्योतिर्लिंग की यात्रा पर निकल पड़े हैं। गुरुवार को गिद्धौर-जमुई मार्ग से गुजरने पर स्थानीय ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। गणेश ने बताया कि उन्होंने देवघर बैद्यनाथ धाम से यात्रा शुरू की है। काशी,ओंकारेश्वर, महाकाल समेत सभी ज्योतिलिंगों के दर्शन कर डेढ़ साल में यात्रा पूरी करने का संकल्प है। उनका उद्देश्य भारतीय सभ्यता और सनातन धर्म का प्रचार-प्रसार करना है। उनके जज्बे की गिद्धौर वासियों ने सराहना की। मौके पर विकास कुमार, आनंद किशोर, नीतीश समेत कई लोग मौजूद थे।

**● 12 ज्योतिर्लिंग के दर्शन का लिया संकल्प**

# पर्व : माताएं संतान की लंबी आयु, स्वस्थ्य और सुख-समृद्धि के लिए कठोर व्रत रखती हैं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शुक्रवार को नहाए-खाए के साथ जिउतिया पर्व होगा शुरू**



**गिद्धौर/जमुई।** प्रखंड में नहाय-खाय के साथ शुक्रवार से जिउतिया (पुत्रजीविका) व्रत की शुरूआत हो जाएगी। व्रती माताएं संतान की रक्षा और दीर्घायु के लिए इस कठिन व्रत का पालन करेंगी। गिद्धौर गांव निवासी दीपू कुमार पांडे ने बताया कि माताएं शनिवार को निर्जला उपवास में रहेगी। पर्व की विधि के अनुसार 2 अक्टूबर को नहाए-खाय,3 अक्टूब को उपवास तथा 4 अक्टूब को सुबह पारण कर व्रती उपवास तोड़ेगी। उन्होंने बताया कि जिउतिया व्रत के दिन भगवान जीमूतवाहन की पूजा- अर्चना का विधान है।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन पूजा-पाठ करने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है और संतान की बरकत होती है। दीपू पांडे ने कहा कि जिउतिया व्रत बेहद महत्वपूर्ण पर्व है। इसे जीवित्पुत्रिका व्रत भी कहते हैं। इस दिन माताएं अपनी संतान की लंबी आयु, स्वस्थ और सुख-समृद्धि के लिए कठोर व्रत रखती है। जिउतिया व्रत निर्जला होता है उपवास जउतिया व्रत का पालन निर्जला रहकर किया जाता है। व्रत के पारण के बाद गरीबों, जरूरतमंदों और ब्राह्मणों को भोजन व वस्त्र दान करने की परंपरा है। ऐसा करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार इस दिन भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा का विशेष महत्व है। जिउतिया व्रत के दौरान शिव-पार्वती का विधिवत अभिषेक करने से संतान प्राप्ति की मनोकामना पूरी होती है। निश्चिंत होकर करें व्रतः दीपू पांडे के ने बताया कि समाज में तिथि को लेकर संयम की स्थिति बनी हुई है। कई लोग उलझन में थे व्रत करें या नहीं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी माता-बहने निश्चिंत होकर व्रत करें, किसी प्रकार का संशय नहीं रखें।

# चैम्बर ऑफ कॉमर्स, जमुई की एक अति आवश्यक बैठक आयोजित



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता जमुई मुख्यालय।** जमुई चेंबर ऑफ कॉमर्स की अति आवश्यक बैठक सुनील कुमार की अध्यक्षता में चेंबर ऑफ कॉमर्स के कार्यालय में आयोजित किया गया` उक्त बैठक की जानकारी देते हुए चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारी ने बताया कि चैम्बर के द्वारा बनाये गए वॉटसअप ग्रुप में किसी भी प्रकार का भेदभाव व राजनीतिक पोस्ट करने पर प्रतिबंध लगाया गया है उनलोगों ने कहा कि अगर ग्रुप के कोई भी सदस्य इन नियमों का पालन नहीं करेगे तो उन्हें ग्रुप से बाहर कर दिया जाएगा । आज के इस पोस्ट के बाद यह नियम लागू माना जाएगा । उनलोगों ने यह भी कहा कि यह भी निर्णय लिया गया की पदाधिकारियों के समक्ष संख्या बल के साथ संवाद करने जाना है ।वहीं आगे बताया कि यह भी निर्णय लिया गया की पूर्व एवम वर्तमान में व्यवसाइयों के प्रतिष्ठान में चोरी की घटनाओं पर पुलिस प्रसाशन से सम्पर्क स्थापित कर संवाद करना। बाजारों में अत्यधिक भीड़ होने से गाड़ियों के प्रवेश को वनवे कराना व ट्रैफिक व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए शहर से बाहर वाहन चेकिंग अभियान चलाना एवम संबंधित पदाधिकारियों से संपर्क स्थापित करना ।पदाधिकारियों एवम कार्यकारिणी सदस्यों से संपर्क स्थापित कर बैठक में अनुपस्थित रहने का कारण बताओ नोटिस जारी करना।विगत सप्ताह पूर्व छात्र-छात्राओं के साथ गठित घटनाओं पर शहर के विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं में जाकर संवाद स्थापित कर जागरूकता अभियान चलाना इस कार्य में महत्वपूर्ण योगदान चैम्बर ऑफ कॉमर्स, जमुई, प्रबुद्धजन, पत्रकार बंधु एवम प्रसाशन के लोग उपस्थित रहेंगे । मौके पर उपस्थित चैम्बर अध्यक्ष सुनील कुमार वर्णवाल, सचिव नितेश कुमार केशरी, उपाध्यक्ष मनीष कुमार, सह सचिव रंजन कुमार, पूर्व अध्यक्ष सह संरक्षक नीतीश कुमार, पूर्व उपाध्यक्ष सह संरक्षक अनिल कुमार वर्णवाल के अलावे दर्जनों की संख्या में कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित हुए।

# स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामीणों को किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता खैरा/जमुई।** स्वच्छता ही सेवा-2026 अभियान के तहत रायपुरा पंचायत के बड़ी बाग दुर्गा मंदिर,चौक -चौराहे एवं ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता को लेकर जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान लोगों ने सड़क किनारे व सार्वजनिक स्थल की साफ-सफाई की। ग्रामीणों ने झाड़ू लगाकर कचरा हटाया और लोगों को आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने का संदेश दिया। अभियान के दौरान ग्रामीणों ने स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक करते हुए घरों से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर नहीं फेंकने की अपील की। लोगों ने कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की पहचान है। सार्वजनिक स्थलों की नियमित सफाई के साथ कचरे का उचित प्रबंधन भी जरूरी है।अभियान में शामिल लोगों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। मौके पर ग्रामीणों ने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही गांव और आसपास के सार्वजनिक स्थलों को साफ-सुथरा रखा जा सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### डीडीसी ने ग्रामीणों से किया जल संवाद, नियमित पेयजल आपूर्ति का निर्देश

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जरीडीह प्रखंड के टांडमोहनपुर ग्राम पंचायत अंतर्गत हरिजन टोला और तिवारी टोला में गुरुवार को डीडीसी शताब्दी मजूमदार ने ग्रामीणों से जल संवाद किया। उन्होंने टांडमोहनपुर जलापूर्ति योजना के तहत एसवीएस ग्रुप द्वारा कराई जा रही पेयजल आपूर्ति की स्थिति की जानकारी ली। डीडीसी ने ग्रामीणों से हर घर नल से जल



योजना के तहत मिले कनेक्शन, जलापूर्ति की नियमितता, पानी की उपलब्धता और गुणवत्ता के संबंध में जानकारी ली। ग्रामीणों से जलापूर्ति व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं और आवश्यकताओं की भी जानकारी प्राप्त की। डीडीसी ने कहा कि स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल की उपलब्धता जनस्वास्थ्य से सीधे जुड़ी है। हर परिवार तक नियमित और गुणवत्तापूर्ण पेयजल पहुंचना प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ग्रामीणों से मिले फीडबैक के आधार पर आवश्यक कार्रवाई करने तथा जलापूर्ति में आने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करने का निर्देश दिया। उन्होंने पेयजल की नियमित गुणवत्ता जांच और जलापूर्ति व्यवस्था की निरंतर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा। मौके पर कार्यपालक अभियंता पीएचईडी चास अनुज कुमार, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता, जल सहिया समेत अन्य पदाधिकारी व कर्मी मौजूद थे।

### सड़क हादसों में घायलों को त्वरित उपचार के लिए 59 पुलिसकर्मी प्रशिक्षित

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सड़क दुर्घटनाओं में घायलों को गोल्डन ऑवर में प्राथमिक उपचार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरुवार को चास स्थित फर्स्ट एड सह आपदा प्रशिक्षण अकादमी में पुलिसकर्मियों का प्रशिक्षण आयोजित किया गया। उपायुक्त अजय नाथ झा के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण में 59 पुलिसकर्मियों ने हिस्सा लिया। मौके पर यातायात डीएसपी अजय कुमार ने कहा कि दुर्घटना के बाद समय पर प्राथमिक उपचार मिलने से कई लोगों की जान बचाई जा सकती है। खासकर अत्यधिक रक्तस्राव को समय रहते नियंत्रित कर गंभीर स्थिति से बचा जा सकता है। उन्होंने पुलिसकर्मियों को दुर्घटना की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करने और घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने को कहा। प्रशिक्षण के दौरान पुलिसकर्मियों को सीपीआर, रक्तस्राव नियंत्रण, फ्रैक्चर की स्थिति में प्राथमिक उपचार और घायलों को सुरक्षित अस्पताल पहुंचाने की विधियों की जानकारी दी गई। सिविल डिफेंस के वार्डन डॉ. एसपी शर्मा और जय प्रकाश सिंह ने पुलिस पेट्रोलिंग टीम की भूमिका तथा दुर्घटना के दौरान त्वरित कार्रवाई की कार्ययोजना के बारे में बताया।

### गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर 47,103 लोगों ने लिया तंबाकू निषेध का संकल्प

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर बुधवार को जिले के 213 सरकारी एवं गैर-सरकारी विद्यालयों और 63 स्वास्थ्य संस्थानों में तंबाकू निषेध को लेकर सामूहिक शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में करीब 47,103 बच्चों एवं अन्य लोगों ने धूम्रपान और तंबाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने तथा दूसरों को भी इसके सेवन से बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं और किशोर-किशोरियों को तंबाकू की लत से बचाने तथा इसके दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। इस दौरान विद्यालयों और स्वास्थ्य संस्थानों में तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। जिला परामर्शी मो. असलम ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला शिक्षा पदाधिकारी, विद्यालयों के प्राचार्यों और स्वास्थ्य संस्थानों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। उन्होंने कहा कि तंबाकू का सेवन स्वास्थ्य के लिए गंभीर रूप से हानिकारक है। उन्होंने तंबाकू का सेवन करने वाले लोगों से इसे छोड़ने का संकल्प लेने की अपील की। उन्होंने बताया कि तंबाकू छोड़ने में कठिनाई होने पर सदर अस्पताल बोकारो स्थित तंबाकू नशा मुक्ति केंद्र से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1800-11-2356 पर भी सहायता ली जा सकती है।

### भू-धसान के खिलाफ कतरास बचाओ संघर्ष मोर्चा का प्रदर्शन

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** कतरास बचाओ संघर्ष मोर्चा के बैनर तले भू-धसान और अवैध उत्खनन के खिलाफ जन आंदोलन किया गया। गुरुवार को रणधीर वर्मा चौक पर मोर्चा के कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन कर अपनी मांगों को लेकर आवाज बुलंद की। मोर्चा के संयोजक मंडली सदस्य राजीव रंजन उर्फ चुन्ना यादव ने बीसीसीएल पर कतरास के लोगों की अनदेखी करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बीसीसीएल



के मेगा प्रोजेक्ट के नाम पर कतरास की जनता को विस्थापन का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने आरोप लगाया कि कतरास में लगातार भू-धसान और अवैध उत्खनन की घटनाएं हो रही हैं, लेकिन बीसीसीएल, सीआईएसएफ, डीजीएमएस और जिला प्रशासन की ओर से लोगों की सुरक्षा को लेकर पर्याप्त कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। राजीव रंजन ने कहा कि कतरास के लोगों को उजड़ने नहीं दिया जाएगा और अपने हक की लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ी तो आंदोलन को दिल्ली तक ले जाकर केंद्र सरकार के सामने भी अपनी आवाज रखी जाएगी।

# मिथिला अकादमी में बच्चों ने गांधी और शास्त्री के आदर्शों को किया याद

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मिथिला अकादमी पब्लिक स्कूल में गुरुवार को महात्मा गांधी एवं देश के दूसरे प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य अमर प्रसाद, उप प्राचार्य देव दुलाल मित्रा एवं शिक्षकों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने कविता पाठ और देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। बच्चों ने अपने भाषण के माध्यम से महात्मा गांधी के सत्य एवं अहिंसा के संदेश तथा लाल बहादुर शास्त्री के 'जय जवान, जय किसान' के नारे को याद किया। प्राचार्य अमर प्रसाद ने कहा कि गांधी जी ने देशवासियों को सत्य और अहिंसा का मार्ग दिखाया, जबकि शास्त्री जी ने सादगी और



ईमानदारी के साथ देश सेवा का उदाहरण प्रस्तुत किया। उन्होंने विद्यार्थियों से दोनों महापुरुषों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने की अपील की। उप प्राचार्य देव दुलाल मित्रा ने कहा कि गांधी और शास्त्री ने देश की एकता एवं अखंडता के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके विचार और जीवन मूल्य आज भी समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने शास्त्री जी के 'जय जवान, जय किसान' के संदेश और सादगी व ईमानदारी के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

## बैंक ऑफ इंडिया ने चलाया स्वच्छता अभियान, किया पौधारोपण

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत आज बैंक ऑफ इंडिया के बोकारो आंचलिक कार्यालय की ओर से स्वच्छता अभियान एवं वृक्षारोपण



कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम आंचलिक प्रबंधक डॉ. पल्लवी कुमारी के नेतृत्व और उप आंचलिक प्रबंधक सुनीत कुमार की देखरेख में हुआ। इसमें आंचलिक कार्यालय के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान के दौरान आंचलिक कार्यालय परिसर और सूर्य मंदिर तालाब के आसपास विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने परिसर और आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इसके बाद बैंक ऑफ इंडिया कॉलोनी में पर्यावरण संरक्षण और हरित वातावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न फलदार पौधे लगाए गए। अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। मौके पर आंचलिक प्रबंधक डॉ. पल्लवी कुमारी ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान तक सीमित नहीं रहनी चाहिए, बल्कि इसे दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना जरूरी है।

## तेनुघाट महाविद्यालय में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

**तेनुघाट/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** तेनुघाट महाविद्यालय परिसर में गुरुवार को ह्यनशा मुक्त युवा फॉर विकसित भारतह्न जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छात्र-छात्राओं, शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को नशामुक्त भारत के लिए शपथ दिलाकर की गई। एनएसएस पदाधिकारी प्रो. रावण मांझी के तत्वावधान में आयोजित अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम में नशीले पदार्थों के सेवन से होने वाले शारीरिक, मानसिक, सामाजिक एवं आर्थिक नुकसान की जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को स्वयं नशे से दूर रहने तथा परिवार और समाज में भी इसके खिलाफ जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. सुदामा तिवारी ने कहा कि अभियान का उद्देश्य परिसर में स्वच्छ, सुरक्षित और नशामुक्त वातावरण तैयार करना है। प्रो. श्रीकांत प्रसाद ने कहा कि नशा व्यक्ति के चरित्र को दीमक की तरह खोखला कर देता है और नशामुक्त समाज के बिना विकास संभव नहीं है। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिसर में जागरूकता रैली निकाली गई और पोस्टर प्रदर्शनी लगाई गई। इस दौरान कुछ विद्यार्थियों ने सरकारी शराब दुकानों को लेकर सवाल उठाते हुए राज्य और केंद्र सरकार से शराब की दुकानों को बंद करने का आग्रह किया। मौके पर प्रो. महावीर यादव, प्रो. धनंजय रविदास, प्रो. प्रेम सागर, प्रमोद ठाकुर, विनय यादव, प्रेम कुमार रजक, मुन्नालाल सोनी सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### ड्यूटी के दौरान लकवा अटैक, इलाज के दौरान महिला होमगार्ड की मौत

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** 2018 बैच की 32 वर्षीय महिला होमगार्ड प्रतिमा कुमारी की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रतिमा कुमारी कमलापुर कस्तूरबा विद्यालय में कार्यरत थीं। परिजनों के अनुसार, नौ जुलाई को ड्यूटी के दौरान अचानक उन्हें लकवा का अटैक आया और वह गिर गईं। इसके बाद उन्हें चास स्थित कृष्णा नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों द्वारा लकवा का अटैक बताए जाने के बाद उन्हें रांची ले जाया गया। करीब 10 दिनों बाद अस्पताल से छुट्टी मिलने पर वह घर लौटीं, लेकिन दोबारा ब्रेन स्ट्रोक होने पर उन्हें बोकारो जनरल अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से उन्हें रांची रिम्स रेफर किया गया। करीब दो माह तक इलाज चलने के बाद उनकी मौत हो गई। प्रतिमा के पति हरिचरण महतो, जो जरीडीह के तिलैया निवासी हैं, ने बताया कि उनके तीन छोटे बच्चे हैं। उन्होंने सरकार परिवार को मुआवजा देने तथा अनुकंपा के आधार पर नौकरी उपलब्ध कराने की मांग की है, ताकि बच्चों के भरण-पोषण में सहायता मिल सके।

## चलंत लोक अदालत को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने दिखाई हरी झंडी

**धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सिविल कोर्ट परिसर से गुरुवार को चलंत लोक अदालत को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश निकेश कुमार सिन्हा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। चलंत लोक अदालत अगले एक माह तक जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों में भ्रमण कर लोगों को कानून, उनके अधिकार और विधिक सहायता के प्रति जागरूक करेगी। मीडिया से बातचीत में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज क्षेत्रों के लोगों तक न्यायिक सेवाओं एवं विधिक सहायता की जानकारी पहुंचाना है। लोगों को विभिन्न कानूनी प्रावधानों, सरकारी योजनाओं और विवादों के वैकल्पिक समाधान के बारे में भी जानकारी दी जाएगी। उन्होंने आम लोगों से इसका लाभ उठाने की अपील



की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश मयंक तुषार टोपनो ने बताया कि पहले दिन चलंत लोक अदालत एलएडीसीएस के उप मुख्य अजय कुमार भट्ट के नेतृत्व में बलियापुर प्रखंड की डोलाबर पंचायत पहुंची। यहां ग्रामीणों को कानूनी जानकारी देने के साथ उनकी समस्याओं के समाधान का प्रयास किया गया। चलंत लोक अदालत के माध्यम से लोगों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने और छोटे-मोटे विवादों का आपसी समाधान कराने के लिए प्रेरित किया जाएगा। कार्यक्रम में न्यायिक पदाधिकारी, बार एसोसिएशन के पदाधिकारी, विधिक सेवा प्राधिकार के अधिकारी, अधिवक्ता, पीएलवी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बीएड-डीएलएड विद्यार्थियों का स्वागत-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** डॉ. एस. राधाकृष्णन कॉलेज ऑफ एजुकेशन, चिकसिया, चास में आईक्यूएसी के तत्वावधान में बीएड एवं डीएलएड सत्र 2026-28 के नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए स्वागत-सह-उन्मुखीकरण कार्यक्रम, गांधी जयंती समारोह एवं पूर्व छात्र मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नए विद्यार्थियों को महाविद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था, अनुशासन, पाठ्यक्रम, गतिविधियों एवं शिक्षक-प्रशिक्षण की आवश्यकताओं से परिचित कराना था। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्टी प्रकाश कोठारी ने किया। मुख्य अतिथि विनोद बिहारी महतो कोयलांचल विश्वविद्यालय, धनबाद के परीक्षा नियंत्रक डॉ. धनंजय कुमार सिंह तथा विशिष्ट अतिथि बोकारो स्टील प्लांट के महाप्रबंधक कृष्ण चंद्र उपस्थित रहे। अल हबीब टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. क्यूम जेहरा और गुरु गोविंद सिंह एजुकेशनल सोसाइटी टेक्निकल कैंपस, चास के निदेशक प्रियदर्शी जरूहार समेत अन्य अतिथि मौजूद थे। मुख्य अतिथि डॉ. धनंजय कुमार सिंह ने नवप्रवेशित विद्यार्थियों को मार्गदर्शन देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। अतिथियों ने शिक्षा, अनुशासन, व्यक्तित्व विकास और शिक्षक की जिम्मेदारियों पर विचार रखे। पूर्व छात्र मिलन के दौरान पूर्व विद्यार्थियों ने अपने शैक्षणिक एवं व्यावसायिक अनुभव साझा किए। वहीं गांधी जयंती के अवसर पर सत्य, अहिंसा, स्वच्छता, सेवा और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाने का संदेश दिया गया। अंत में प्राचार्य डॉ. शक्ति प्रकाश सिंह ने अतिथियों, पूर्व छात्रों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों के प्रति आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## आईएफएमएस के तहत ई-वाउचर से भुगतान की प्रक्रिया का प्रशिक्षण



**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बोकारो समाहरणालय सभागार में आईएफएमएस के तहत ई-वाउचर प्रणाली से भुगतान को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों और कर्मियों को ई-वाउचर के जरिए भुगतान की प्रक्रिया, जरूरी सावधानियों और ऑनलाइन वित्तीय कार्यों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक अंकित कुमार ने आईएफएमएस पोर्टल पर भुगतान से संबंधित विवरण दर्ज करने, दस्तावेज अपलोड करने, वाउचर का सत्यापन और अनुमोदन के लिए अग्रसारित करने की प्रक्रिया समझाई। उन्होंने बताया कि ई-वाउचर प्रणाली से भुगतान प्रक्रिया अधिक पारदर्शी, व्यवस्थित और पेपरलेस होगी। ऑनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध रहने से वित्तीय लेन-देन की निगरानी और सत्यापन भी आसान होगा। प्रतिभागियों को ई-वाउचर तैयार करने से लेकर भुगतान की स्थिति देखने तक का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। डीडीओ और कंप्यूटर ऑपरेटरों के तकनीकी एवं प्रक्रियागत सवालों का भी समाधान किया गया। कार्यक्रम में जिला कोषागार पदाधिकारी गुलाब चंद उरांव, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार समेत समाहरणालय और विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे।

## आरसेटी परिसर में चला स्वच्छता अभियान, प्लास्टिक का उपयोग कम करने की अपील

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** स्वच्छता पखवाड़ा के तहत गुरुवार को आरसेटी कार्यालय परिसर में जिला अग्रणी प्रबंधक (एलडीएम) प्रकाश चंद्र मिश्रा की अध्यक्षता में स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में आरसेटी के निदेशक सहित अन्य



प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान सभी ने स्वच्छता की शपथ लेते हुए स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में योगदान देने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य महात्मा गांधी के स्वच्छता संबंधी विचारों और संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना तथा लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना था। मौके पर एलडीएम ने कहा कि सभी को अपने आसपास साफ-सफाई रखने और कचरे का उचित निस्तारण करने की आदत विकसित करनी चाहिए। उन्होंने प्लास्टिक का उपयोग यथासंभव कम करने और स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास और निरंतर जागरूकता से स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

### 25 अक्टूबर को मनाई जाएगी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** ब्रह्मर्षि परिवार, बोकारो की संचालन समिति की बैठक सेक्टर-4 में वरिष्ठ सदस्य कमलेश राय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बिहार के प्रथम मुख्यमंत्री एवं स्वतंत्रता सेनानी 'बिहार केसरी' डॉ. श्रीकृष्ण सिंह की जयंती 25 अक्टूबर 2026 को भव्य एवं गरिमामय तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कमलेश राय ने कहा कि डॉ. श्रीकृष्ण सिंह आधुनिक बिहार के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले व्यक्तित्व थे। उनके विचार और जनकल्याणकारी कार्य आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं। राजीव कुमार राय ने कहा कि श्री बाबू ने शिक्षा, उद्योग और सामाजिक समरसता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य किए, जिन्हें नई पीढ़ी तक पहुंचाना जरूरी है। ब्रज किशोर सिंह ने कहा कि जयंती समारोह के माध्यम से समाज में एकजुटता और सेवा भाव का संदेश दिया जाएगा।

# किड्स आइलैंड स्कूल में बच्चों ने ली तंबाकू निषेध की शपथ

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** महात्मा गांधी जयंती की पूर्व संध्या पर 1 अक्टूबर को टुपकाडीह शिव मंदिर रोड स्थित किड्स आइलैंड पब्लिक स्कूल के सभागार में सामूहिक तंबाकू निषेध शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व विद्यालय के निदेशक सह प्राचार्य सर्वेश कुमार दुबे ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत प्राचार्य एवं शिक्षकों ने महात्मा गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ की। इसके बाद विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने तंबाकू के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति स्वयं जागरूक रहने और अपने आसपास के लोगों को भी जागरूक करने की शपथ ली। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने महात्मा गांधी के आदर्शों पर चलने तथा स्वयं और समाज को नशामुक्त



रखने का संकल्प लिया। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि बच्चों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना आवश्यक है, ताकि स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी भागीदारी सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम में गतिविधि प्रभारी हिमांशु कुमार, अनिता चौबे, सुबोध कुमार, प्रदीप दुबे, सोनू पाल, करण कुमार, शांति कुमारी, निशि कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पूजा कुमारी, ललिता कुमारी, नेहा कुमारी, खुशी कुमारी, कविता कुमारी, कंचन सोरेन, किशोर मरांडी, राज कुमार, ओम शंकर अवस्थी सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### जोधाडीह मोड़-आईटीआई मोड़ मुख्य मार्ग पर भारी वाहनों की पार्किंग पर रोक

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मुख्य सड़कों पर भारी वाहनों की अनधिकृत पार्किंग रोकने और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर गुरुवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मारुति मिंज ने ट्रक एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में मोटर वाहन निरीक्षक भी मौजूद रहे। बैठक में जोधाडीह मोड़ से आईटीआई मोड़, बियाडा, कंद्रा, कुर्रा तथा नया मोड़-डूगल गेट क्षेत्र में सड़क किनारे भारी वाहनों की पार्किंग से उत्पन्न यातायात बाधा और सड़क सुरक्षा के मुद्दों पर चर्चा हुई। डीटीओ ने जोधाडीह मोड़ से आईटीआई मोड़ के बीच मुख्य सड़क पर ट्रक या अन्य भारी वाहन खड़ा नहीं करने का निर्देश दिया। वाहन चालकों को निर्धारित ले-बाय या सुरक्षित पार्किंग स्थल का उपयोग करने को कहा गया। उन्होंने खराब या दुर्घटनाग्रस्त वाहनों में रिफ्लेक्टिव टेप, ट्रैफिक कोन और चेतावनी संकेतक लगाने तथा पार्किंग लाइट, साइड लाइट सहित अन्य प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने का निर्देश दिया।

## अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर वृद्धाश्रम में स्वास्थ्य जांच शिविर

**बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज सिविल सर्जन डॉ. अभय भूषण प्रसाद के निर्देशन में सोलागीडीह, चास स्थित वृद्धाश्रम में विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य बुजुर्गों के स्वास्थ्य, सम्मान और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। शिविर में सदर अस्पताल बोकारो के मनोरोग चिकित्सक डॉ. प्रशांत कुमार मिश्रा ने वृद्धजनों के मानसिक स्वास्थ्य की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। इस दौरान डॉ. मिश्रा एवं जिला कार्यक्रम सहायक ने वृद्धजनों के बीच फलों की टोकरी भी वितरित की। डॉ. प्रशांत कुमार मिश्रा ने कहा कि बढ़ती जीवन प्रत्याशा के साथ बुजुर्गों को स्वस्थ, सम्मानजनक, सुरक्षित और आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराना जरूरी है। नियमित स्वास्थ्य जांच, संतुलित आहार, शारीरिक गतिविधि, मानसिक स्वास्थ्य





की देखभाल और समय पर उपचार बुजुर्गों के स्वस्थ जीवन के लिए महत्वपूर्ण हैं। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुजुर्गों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नियमित जांच एवं आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाती हैं, ताकि गैर-संचारी रोगों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित हो सके। मौके पर लोगों से बुजुर्गों के साथ समय बिताने, उनकी जरूरतों को समझने तथा उनके स्वास्थ्य, सम्मान और आत्मसम्मान की रक्षा में सहयोग करने की अपील की गई। बुजुर्ग परिवार और समाज की अमूल्य धरोहर हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस बियाडा परिसर, जसोइया, औरंगाबाद से मुद्रित तथा प्लॉट नंबर-31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक- कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर- 9431145865 7295863300
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या : JHAHIN/2017/72655
E-mail- nbtimesbihar@gmail.com